बैशाख शुक्ल पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 11 मई 2024
वर्ष 5, अंक 46, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

बंद करें सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले कोचिंग सेंटर 16

हीरामंडी की शूटिंग के दौरान डिप्रेशन में थीं मनीषा 15

मोदी इस बार नहीं बन पाएंगे प्रधानमंत्री : राहुल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 21वीं सदी का राजा बताते हुए कहा कि इस बार के चुनाव में वह प्रधानमंत्री नहीं बन पाएंगे।

उन्होंने कहा कि वह गारंटी दे रहे हैं कि भाजपा 180 से ज्यादा सीटें नहीं ला पाएगी। कांग्रेस देश की 90 प्रतिशत आबादी एसी, एसटी व ओबीसी को हर हाल में उनकी हिस्सेदारी दिलाएगी। राहुल गांधी शुक्रवार को समृद्ध भारत फाउंडेशन की ओर से आयोजित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित संविधान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

भाजपा को नहीं मिलेंगी 180 से ज्यादा सीटें

- कांग्रेस 90 फीसदी आबादी को दिलाएगी उनकी हिस्सेदारी

राहुल ने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र के अनुसार पार्टी एससी, एसटी व ओबीसी की जनगणना सुनिश्चित कराएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा संविधान के तहत मिले आरक्षण को खत्म करना चाह रही है, पर वह ऐसा होने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि ईडी व सीबीआई के जरिये राजनीति व लोकतंत्र पर हमला किया जा रहा है। मोदी को संसद व अन्य संवैधानिक संस्थाओं से कोई लेना-देना नहीं है। मोदी खुद को राजा समझते हैं। दो-तीन फाइनेंसर राजा के मोहरे हैं। मोदी इन्हीं 10 फीसदी आबादी को सुपर पावर बनाना चाहते हैं।

कर्मियों को पुरानी पेंशन देने पर विचार होगा

राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर सरकारी कर्मियों को पुरानी पेंशन देने पर विचार होगा। कहा कि घोषणा पत्र में इसका उल्लेख नहीं है, क्योंकि घोषणा पत्र देश के लोगों को सामाजिक व अन्य न्याय देने के हिसाब से बनाया गया है।

कांग्रेस को भी बदलना होगा अपना रवैया

राहुल गांधी ने कहा कि दो तरह के लोग होते हैं। एक व्यक्ति सुबह उठने के बाद से ही सत्ता कैसे मिलेगी, इस पर सोचता है, जबकि दूसरा लोगों के दुख-दर्द दूर करने के बारे में सोचता है। कहा कि वह दूसरे तरह के व्यक्ति हैं। भारत जोड़ो यात्रा के बाद लोगों से मोहब्बत करने लगे हैं। उनका नजरिया बदल गया है। पार्टी को भी नजरिया बदलना पड़ेगा।

कांग्रेस मेरी कब्र खोदना चाहती है : मोदी

नंदूरबार (महाराष्ट्र), एजेंसी

सभा में बोले मोदी-मुझे जिंदा गाड़ना चाहता है विपक्ष, लेकिन जनता मेरी ढाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि विपक्ष में कुछ लोग उन्हें जिंदा गाड़ना चाहते हैं लेकिन देश के लोग उनका सुरक्षा कवच हैं और जनता उन पर कोई आंच नहीं आने देगी।

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना (यूबीटी) पर निशाना साधते हुए दिग्गज भाजपा नेता ने कहा कि 'नकली शिवसेना' उन्हें इस तरह से गाली देती है कि उससे इसका अपना 'पसंदीदा वोट बैंक' खुश होता है। उत्तर महाराष्ट्र के नंदूरबार में भाजपा की उम्मीदवार हिना

गावित के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ये नकली शिवसेना वाले मुझे जिंदा गाड़ने की बात कर रहे हैं। एक तरफ कांग्रेस है, जो कहती है-मोदी तेरी कब्र खुदेगी...दूसरी तरफ ये नकली शिवसेना है जो मुझे जिंदा गाड़ने की बात करती है। और मुझे गाली देते हुए भी ये लोग तुष्टिकरण का पूरा ध्यान रखते हैं।

मोदी को मुगल बादशाह औरंगजेब की तरह महाराष्ट्र में 'दफनाने' की शिवसेना नेता संजय राउत की कथित टिप्पणी की ओर इशारा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि नकली शिवसेना वाले उन्हें जिंदा दफनाने की बात करते हैं। कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए उन्होंने कहा कि वो कहते हैं, मोदी की कब्र खुदेगी। मोदी को जिंदा गाड़ देंगे। इसमें भी वोटबैंक को पसंद आए वहीं गाली दोगे क्या? मैं कई बार सोचता हूं, दुख होता है कि बाला साहेब ठाकरे को कितना दुख होता होगा। उनको मैंने करीब से देखा है। अब तो नकली शिवसेना वाले बम धमाके के दोषी को भी अपने प्रचार में ले जाने लगे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियां जनता का विश्वास गंवा चुकी हैं और उनकी सियासी जमीन भी खिसक चुकी है। मोदी ने कहा कि भारत के लोग मेरे लिए सुरक्षा कवच हैं। विरोधी मुझे जिंदा या मृत दफन नहीं कर सकते। कांग्रेस, महाराष्ट्र में शिवसेना (यूबीटी) की सहयोगी पार्टी है।

एक नजर

एयर इंडिया एक्सप्रेस की 75 उड़ानें रद

मुंबई/ नई दिल्ली। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने शुक्रवार को चालक दल के सदस्यों की कमी के कारण लगभग 75 उड़ानें रद कर दीं। कंपनी को रविवार तक परिचालन सामान्य होने की उम्मीद है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एयरलाइन में कथित कुप्रबंधन और कर्मचारियों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार के विरोध में चालक दल के सदस्यों के एक समूह ने हड़ताल की थी। हालांकि उन्होंने मंगलवार रात हड़ताल वापस लेने की घोषणा कर दी थी। इसके साथ, एयरलाइन प्रबंधन ने भी चालक दल के 25 सदस्यों की बर्खास्तगी का पत्र वापस ले लिया। हड़ताल के कारण टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन को मंगलवार रात से ही करीब 250 उड़ानें रद करनी पड़ी हैं।

नीट प्रश्न पत्र लीक मामले में मांगा सबूत

पटना। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के प्रश्न पत्र लीक मामले में आज बिहार में पटना की एक अदालत ने जेल में बंद दो अभियुक्तों की ओर से दाखिल की गई जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान पुलिस से ब्यौरेवार सबूतों (केस डायरी) की मांग की। पटना व्यवहार न्यायालय के अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी (नवम) नितिन त्रिपाठी की अदालत अभियुक्तों के खिलाफ इकट्ठा किए गए ब्यौरेवार सबूत तथा दोनों अभियुक्तों के पूर्व आपराधिक इतिहास को न्यायालय के समक्ष पेश करने का आदेश दिया।

चौथे चरण के लिए आज शाम थम जाएगा प्रचार

लखनऊ। प्रदेश में चौथे चरण की 13 लोकसभा सीटों व एक विधानसभा सीट पर चुनाव के लिए 11 मई की शाम प्रचार थम जाएगा। इन सीटों पर 13 मई को मतदान होगा। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण के सभी लोस सीटों के लिए 130 प्रत्याशी हैं। वहीं, शाहजहांपुर की ददरौल विधानसभा उप चुनाव के लिए 10 प्रत्याशी मैदान में हैं। चौथे चरण में शाहजहांपुर (अजा), खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई (अजा), मिश्रिख (अजा), उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा (अजा), कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर व बहराइच (अजा) सीटें शामिल हैं।

प्रचार के लिए केजरीवाल को अंतरिम जमानत, दो जून को करेंगे सरेंडर

50 दिन के बाद हुए रिहा, कार्यालय नहीं जाएंगे, न ही फाइलों पर कर सकेंगे हस्ताक्षर

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बड़ी राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उन्हें लोकसभा चुनाव के बीच में प्रचार के लिए धनशोधन के एक मामले में एक जून तक अंतरिम जमानत दे दी, लेकिन उनके कार्यालय या दिल्ली सचिवालय जाने और तब तक सरकारी फाइलों पर हस्ताक्षर करने पर रोक लगा दी जब तक उपराज्यपाल की मंजूरी के लिए ऐसा पूरी तरह जरूरी नहीं हो।

कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में 50 दिन की हिरासत के बाद लोकसभा चुनाव के बाकी के चरण के लिए प्रचार के लिहाज से केजरीवाल को 21 दिन के लिए रिहा करते हुए न्यायालय ने कहा कि वह दो जून को आत्मसमर्पण करेंगे। एक जून को लोकसभा चुनाव के लिए सातवें और अंतिम चरण के तहत मतदान होगा। आम आदमी पार्टी (आप) ने अपने राष्ट्रीय संयोजक को अंतरिम जमानत देने के लिए कोर्ट का धन्यवाद व्यक्त किया। 'इंडिया' गठबंधन के सहयोगी दलों में भी इस फैसले पर खुशी देखी गई। पीठ ने केजरीवाल को 50 हजार रुपये के जमानती बॉण्ड और इतनी ही राशि का मुचलका जमा कराने का भी निर्देश दिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के वकील की इस दलील को खारिज कर दिया कि चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत पर केजरीवाल को छोड़ने जैसा पहले कोई मामला नहीं देखा गया।

अब तानाशाही का होगा अंत : आप

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत को सत्य की जीत बताते हुए शुक्रवार को कहा कि अब तानाशाही का अंत होगा। केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने सर्वोच्च अदालत के फ़ैसले पर खुशी व्यक्त करते हुए 'एक्स' पर कहा कि हनुमान जी की जय। यह लोकतंत्र की जीत है। लाखों-करोड़ों लोगों की दुआओं और आशीर्वाद का फल है। सभी को कोटि कोटि धन्यवाद। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अदालत का धन्यवाद करते हुए कहा कि अब हम लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई को और शिद्दत के साथ लड़ेंगे।

सत्य की एक और जीत: अखिलेश यादव

लखनऊ। समाजवादी पार्टी प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ फोटो साझा कर लिखा, दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत सत्य की एक और जीत है।

समाज के लिए खतरा नहीं केजरीवाल : कोर्ट

पीठ ने कहा कि लोकसभा चुनाव इस साल की सबसे महत्वपूर्ण घटना है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि गंभीर आरोप लगाए गए हैं, लेकिन केजरीवाल को अभी तक दोषी नहीं ठहराया गया है, उनका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है और वह समाज के लिए खतरा नहीं हैं। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उनकी गिरफ्तारी की वैधता को शीर्ष अदालत के समक्ष चुनौती दी गई थी, जिसने अभी तक अपना अंतिम फैसला नहीं सुनाया है।

कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर के विवादित बोल

पाकिस्तान को इज्जत दे भारत उसके पास भी है परमाणु बम

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस ने कहा-पार्टी अय्यर के बयान से पूरी तरह असहमत
- बयान के बाद भाजपा ने कांग्रेस पर साधा निशाना

सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर यह कहते नजर आ रहे हैं कि भारत को पाकिस्तान का सम्मान करना चाहिए क्योंकि वह एक संप्रभु राष्ट्र है और उसके साथ संवाद कायम करना चाहिए क्योंकि उसके पास भी परमाणु बम है।

पाकिस्तान संबंधी अय्यर के उक्त बयान से शुक्रवार को विवाद खड़ा हो गया, जिसके बाद कांग्रेस ने तुरंत उनकी टिप्पणियों से खुद को अलग कर लिया जबकि भाजपा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उस पर पाकिस्तान तथा उसकी धरती से पनपने वाले आतंकवाद के प्रति नरम रुख अपनाने का आरोप लगाया। वहीं, अय्यर ने कहा कि वीडियो पुराना है और इस समय इसे इसलिए ढूंढ कर निकाला गया है क्योंकि भाजपा का चुनाव अभियान लड़खड़ा रहा है।

वीडियो में अय्यर को यह संकेत देते सुना जा सकता है कि अगर कोई 'सनकी व्यक्ति' पाकिस्तान में सत्ता में आ जाता है और परमाणु बम का इस्तेमाल करता है तो यह अच्छा नहीं होगा और इसका असर यहां भी होगा। टिप्पणी पर विवाद शुरू होने पर कांग्रेस ने कहा कि वह अय्यर की टिप्पणी से पूरी तरह असहमत है। कांग्रेस मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने 'एक्स' पर कहा कि अय्यर पार्टी का पक्ष नहीं रखते हैं।

चुनाव भारत में तो पाकिस्तान की चर्चा क्यों : प्रियंका

अमेठी। अय्यर की टिप्पणी पर प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि चुनाव भारत में हो रहे हैं तो हम पाकिस्तान की चर्चा क्यों कर रहे हैं? भारत में बढ़ती बेरोजगारी पर चर्चा क्यों नहीं हो रही और महंगाई पर बात क्यों नहीं हो रही। अय्यर की टिप्पणी पर विवाद खड़ा होने के बाद प्रियंका ने अमेठी में भाजपा पर वास्तविक मुद्दों और अपने कामकाज से ध्यान भटकाने के लिए हिंदू-मुस्लिम बयानबाजी करने का आरोप लगाया। कांग्रेस महासचिव ने कहा, मुझे लगता है कि लोग तंग आ चुके हैं और समझ गए हैं कि हर चुनाव में वे हिंदू-मुस्लिम करते हैं, इसे धर्म आधारित बनाते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा को काम के आधार पर वोट मांगना चाहिए।

गाना बजाने को लेकर विवाद युवक की गोली मारकर हत्या

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : वैवाहिक कार्यक्रम में पसंद का गाना बजाने को लेकर हुए विवाद में युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना नागफनी थाना क्षेत्र के नेहारिया में गुरुवार रात 1.15 बजे हुई। पुलिस ने तीन में से दो आरोपियों समीर व अहद को गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया के मुताबिक सलाउद्दीन (21) पुत्र हाजी मंसूर अली कैपिटल रोड पर किंग पैलेस मैरिज हॉल में एक वैवाहिक कार्यक्रम में गया था, जहां पसंद का गाना बजाने को लेकर उसका अहद से झगड़ा हुआ। सलाउद्दीन ने अहद का मोबाइल छीन लिया। बाद में अहद दो साथियों समीर और अशहाब के साथ आया और सलाउद्दीन व उसके भाई से मारपीट शुरू कर दी। समीर ने तमंचे से फायरिंग की तो गोली सलाउद्दीन के पेट में लगी। समीर, अहद व अशहाब हत्या के केस में नामजद हुए हैं। समीर व अशहाब को गिरफ्तार कर लिया गया है। फरार अशहाब को दबोचने के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

- गुरुवार रात किंग पैलेस में हुई वारदात दो लोग गिरफ्तार

बृजभूषण पर आरोप तय करें : कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की एक अदालत ने छह महिला पहलवानों द्वारा दर्ज कराए गए यौन उत्पीड़न मामले में भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ शुक्रवार को आरोप तय करने का आदेश दिया। एसीएमएम प्रियंका राजपूत ने छह महिला पहलवानों में से एक द्वारा दायर शिकायत में सिंह को आरोपमुक्त भी कर दिया।

दिल्ली पुलिस 21 मई को औपचारिक रूप से आरोप तय करेगी। कोर्ट ने सह-आरोपी और डब्ल्यूएफआई के पूर्व सहायक सचिव विनोद तोमर के खिलाफ भी आरोप तय करने का आदेश दिया।

महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न का मामला

रिटायर नहीं हुआ हूं, अभी खेल करूंगा : बृजभूषण

करनैलगंज। पूर्व विधायक कुंवर अजय प्रताप सिंह उर्फ लल्ला भैया के आवास बरगदी कोट परिसर में शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में मुख्य अतिथि सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि रिटायर नहीं हुआ हूं अभी मैं खेल करूंगा। टिकट के सवाल पर कहा कि हर पिता अपने बेटे को विरासत में कुछ न कुछ अच्छा देने का प्रयास करता है और उनकी सोच के मुताबिक पार्टी ने उनकी विरासत बेटे को दिया है।

आरोप तय किए जाने का स्वागत : साक्षी

चंडीगढ़। पहलवान साक्षी मलिक ने दिल्ली की अदालत द्वारा शुक्रवार को यौन उत्पीड़न के आरोपी कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख बृज भूषण सिंह शरण के खिलाफ आरोप तय किए जाने के फैसले का स्वागत किया। मलिक ने ट्वीट कर कहा कि हम अदालत का धन्यवाद करते हैं। हमें कई रात गर्मी बारिश में सड़क पर सोना पड़ा, अपना अच्छा ख़ासा करियर त्यागना पड़ा, तब जाकर आज न्याय की लड़ाई में कुछ कदम आगे बढ़ पाए हैं।

मतदान प्रतिशत को लेकर खरगे फैला रहे भ्रम : आयोग

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान आंकड़ों पर विपक्षी नेताओं को कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा लिखे गए पत्र पर शुक्रवार को कड़ी आपत्ति जताई और इसे पक्षपातपूर्ण विमर्श को आगे बढ़ाने का प्रयास बताया।

उसने खरगे के पत्र को चुनाव संचालन की एक महत्वपूर्ण कड़ी पर हमला करार दिया। निर्वाचन आयोग ने मतदान आंकड़ा जारी करने में कुप्रबंधन और देरी के आरोपों को खारिज करते हुए खरगे के आरोपों को अवांछित, तथ्यहीन तथा भ्रम फैलाने के पक्षपातपूर्ण और जानबूझकर किया गया प्रयास करार दिया। आयोग ने कहा कि खरगे अन्य दलों के नेताओं के साथ चिंता व्यक्त करने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन पत्र को सार्वजनिक करने से मंशा पर सवालिया निशान खड़े होते हैं। उसने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता खरगे को सतर्कता बरतने और ऐसे बयान देने से बचने की सलाह दी।

- खरगे ने वोटिंग डाटा पर विपक्षी नेताओं को लिखा था पत्र
- चुनाव आयोग की सलाह- सोच समझकर बयान दें कांग्रेस अध्यक्ष

ईडी ने दाखिल किया नया आरोपपत्र, चार नामजद

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में शुक्रवार को नया आरोपपत्र दाखिल किया, जिसमें भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता और चार अन्य को आरोपी के तौर पर नामजद किया गया है।

आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत आरोपपत्र दायर किया गया है। अगले हफ्ते दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ इसी तरह का आरोपपत्र दाखिल किए जाने की संभावना है। इस मामले में ईडी का यह सातवां आरोपपत्र है।

दिल्ली आबकारी नीति

- नामजद आरोपियों में बीआरएस नेता के. कविता भी शामिल

कविता की बेल याचिका पर ईडी से मांगा जवाब

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की जमानत याचिका पर शुक्रवार को ईडी से रुख बताने को कहा है।

छत्तीसगढ़ में फोर्स ने 12 नक्सलियों को मार गिराया

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के पीड़ा के जंगलों में शुक्रवार की सुबह से पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 12 नक्सली मारे गए जबकि दो जवान घायल हो गए हैं। मौके से भारी मात्रा में हथियार भी बरामद हुए हैं। इलाके में अभी तलाशी अभियान जारी है। दक्षिण बस्तर क्षेत्र के डीआईजी कमलोचन कश्यप ने बताया कि बीजापुर जिला मुख्यालय से 55 किमी दूर पीड़ा के जंगलों में नक्सलियों की बड़े लीडर की सूचना पर दंतेवाड़ा, बीजापुर तथा सुकमा तीन जिलों के जवानों द्वारा सुबह से संयुक्त ऑपरेशन लॉंच किया गया।

- बीजापुर में मुठभेड़ दो जवान घायल

खोज-खबर

भयानक विस्फोटों के साथ एक्स क्लास की भीषण ज्वालाएं उठ रही सूर्य की सतह पर

सौर तूफानों के आज पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्रों से टकराने की आशंका

बबलू चंद्रा, नैनीताल

अमृत विचार : सूर्य बेहद खतरनाक विस्फोटों से गुजर रहा है। शुक्रवार को एआर 3664 सन स्पॉट में हुए विस्फोट से एक्स 6 क्लास ज्वाला निकली है। गत दिवस हुए विस्फोट से एक्स 2.2 क्लास की ज्वाला भड़की है। नासा के सौर वैज्ञानिकों ने सौर तूफानों के शनिवार को पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्रों से टकराने की आशंका जताई है।

सूर्य इन दिनों बेहद सक्रिय हो चला है। सूर्य पर एक के बाद एक जबरदस्त विस्फोट हो रहे हैं। विस्फोटों का सिलसिला करीब छह माह से जारी है। जिनमें सबसे खतरनाक मानी जाने वाली एक्स क्लास की ज्वालाओं ने रौद्र रूप धारण कर लिया है। इनके अलावा एम व सी क्लास के दर्जनों ज्वालाएं भड़क चुकी हैं। सौर वैज्ञानिकों के अनुसार विस्फोट की ज्वालाओं का यह रूप वास्तव में दुर्लभ है। इधर भयंकर भू चुम्बकीय सौर तूफान के शनिवार को पृथ्वी के ध्रुव से टकराने की आशंका वैज्ञानिकों ने जताई है। जिनका खासा असर औरोरा यानी ध्रुवों पर नजर आने वाली रंग बिरंगी रोशनी के रूप में देखने को मिलेगी। सौर हेलिओस्फेरिक वेधशाला ने सूर्य में हो रहे विस्फोटों की ज्वालाओं की वीडियो के साथ फोटो कैद की हैं, जबकि नासा की सोलर डायनामिक ऑब्जर्वेटरी इन पर 24 घंटे नजर बनाए हुए है। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के सौर वैज्ञानिक भी सूर्य की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखे हुए हैं।

उम्मीद से अधिक भयानक हो रहे हैं विस्फोट

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक सौर वैज्ञानिक डॉ. वहाबउद्दीन का कहना है कि यह 25वां सौर चक्र चल रहा है। जिसमें सूर्य इन दिनों भीषण सक्रिय है। अत्यधिक सक्रियता का दौर अभी कुछ समय जारी रहेगा। मगर हैरत इस बात की है कि इतने भयानक सौर विस्फोटों की वैज्ञानिकों को जरा भी उम्मीद नहीं थी।

आदित्य एल 1 भी सूर्य पर नजर रखने को तैयार

इसरो का सोलर मिशन आदित्य एल 1 सूर्य पर पैनी नजर रखने को तैयार है। इन दिनों आदित्य की टेस्टिंग चल रही है, उसने सूर्य की कुछ तस्वीरें कैमरे में कैद की हैं। बहुत जल्द सूर्य की तमाम गतिविधियों का डेटा भेजना शुरू कर देगा। आदित्य एल 1 साइंस कमेटी के सह अध्यक्ष प्रो. दीपांकर बनर्जी ने बताया कि नासा व ईसा के सामूहिक मिशन सोहो के बाद सूर्य की पल पल की जानकारी रखने के लिए भारत आदित्य एल 1 के साथ दुनिया का दूसरा देश बन गया है।

'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

शहर में आज

☞ उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक तिलक कालोनी स्थित कार्यालय में दोपहर 1:30 बजे।

☞ शाहबाद-पटवाई मार्ग स्थित कृष्णा मंदिर में शनिदेव की पूजा-अर्चना शाम 6:30 बजे।

एक नजर

प्रतियोगिता में रंगोली बनाती प्रतियोगी।

भू-अलंकरण प्रतियोगिता में सरदार पटेल टोली रही प्रथम

रामपुर, अमृत विचार : भू-अलंकरण प्रतियोगिता में सरदार पटेल टोली प्रथम रही। वरिष्ठ शिक्षाविद एवं प्रधानाचार्य कमल कुमार आर्य ने कहा कि प्राचीन काल से ही भारत में रंगोली से घर-आंगन को सजाने की परंपरा रही है। इसका संरक्षण एवं संवर्धन होना चाहिए। भारतीय संस्कृति, साहित्य एवं ललित कला के अखिल भारतीय संगठन संस्कार भारती के तत्वावधान में शुक्रवार को रामलीला पब्लिक इंटर कॉलेज में भू-अलंकरण (रंगोली) प्रतियोगिता हुई। इसमें बालिकाओं ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए रंगों से धरती का शृंगार किया। संस्कार भारती के लोककला सह-संयोजक कवि सचिन सार्थक ने

जिले में 86.41 प्रतिशत अमृत सरोवर पूर्ण

अमृत सरोवर निर्माण में प्रदेश में पांचवें पायदान पर है रामपुर जिला

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : अमृत सरोवर निर्माण में रामपुर जनपद को प्रदेश के टॉप टेन जिलों में पांचवां स्थान मिला है। जनपद के कस्बा पटवाई में देश का पहला अमृत सरोवर बना था। इसकी प्रशंसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में की थी। जिले में लक्ष्य के सापेक्ष 86.41 प्रतिशत अमृत सरोवरों का निर्माण हो चुका है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट अमृत सरोवर के निर्माण कराने में रामपुर जिला प्रदेश में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। जबकि, रामपुर के कस्बा पटवाई में देश का पहला अमृत सरोवर बना था। पटवाई में बने अमृत सरोवर की प्रशंसा प्रधानमंत्री ने अपने कार्यक्रम मन की बात में की थी। सर्वाधिक 146 अमृत स्वार में बनने हैं। इनके सापेक्ष 92 अमृत सरोवर का निर्माण हो चुका है। मिलक तहसील में 129 के सापेक्ष 70 अमृत सरोवर बनकर तैयार हो चुके हैं। जिले में कुल 412 अमृत सरोवरों के सापेक्ष 356 बनकर तैयार हो गए हैं। मिलक में अमृत सरोवरों का निर्माण तेजी से हुआ है जबकि, बिलासपुर तहसील फिसड्डी है।



पटवाई कस्बे में बना देश का पहला अमृत सरोवर। ● फाइल फोटो

पटवाई में बना था देश का पहला अमृत सरोवर

देश का पहला अमृत सरोवर पटवाई कस्बे में बना था। इसकी प्रशंसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में भी की थी। पटवाई में बने अमृत सरोवर का लोकार्पण करने के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी, मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह समेत तमाम अधिकारी और नेता पटवाई पहुंचे थे।

जनपद में अमृत सरोवर की ब्लॉक वार संख्या

ब्लॉक	लक्ष्य	निर्मित
बिलासपुर	113	45
चमरौआ	92	56
मिलक	129	70
सैदनगर	83	31
शाहबाद	117	62
स्वार	146	92

अमृत सरोवरों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। पटवाई स्थित अमृत सरोवर को जनता के लिए सुबह 10 से शाम पांच बजे तक खोला जा रहा है। पटवाई अमृत सरोवर में चाट, पकौड़ी, चाय, कॉफी समेत खानपान के ठेले लगने से लोगों को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। अमृत सरोवर से भू गर्भ जलस्तर भी बढ़ा है। डार्क जोन में आए चार ब्लॉक सामान्य श्रेणी में आ गए हैं।

-मंशाराम यादव, उपायुक्त, मनरेगा

ई-रिक्शा से टकराया बाइक सवार, घायल

रामपुर, अमृत विचार : शुक्रवार की शाम मंडी समिति के पास बाइक की ई-रिक्शा से टक्कर हो गई। इसमें बाइक सवार जख्मी हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना में ई-रिक्शा भी क्षतिग्रस्त हो गया।

अजीमनगर निवासी मनोज शाम को शहर आ रहा था। डूंगरपुर स्थित नवीन मंडी के पास आगे चल रहे ई-रिक्शा चालक ने फल एवं सब्जी मंडी के करीब खड़ी सवारियों को देख अचानक ब्रेक मार दिए। इससे पीछे चल रही बाइक ई-रिक्शा से टकरा गई। उसकी बाइक असंतुलित होकर गिर गई। इसमें बाइक सवार घायल हो गया।

हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बाइक सवार युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सक ने उसके पैर में लगी चोट पर मरहम पट्टी करने के बाद घर भेज दिया।

इस हादसे में ई -रिक्शा भी क्षतिग्रस्त हो गया। उसकी बैक लाइट टूट गई। ई-रिक्शा चालक भी ई-रिक्शा को अपने साथ ले गया।

आजमीने हज को प्रशिक्षण देते मदरसे के प्रबंधक मौलाना अय्यूब खां। ● अमृत विचार

प्रशिक्षकों ने आजमीने हज को बताया हज करने का तरीका

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार : दढ़ियाल-मुंशीगंज मार्ग स्थित मदरसा जामिया अरबिया फैजुल कुरआन में तहसील क्षेत्र से आए आजमीने हज को प्रशिक्षकों ने हज करने का तरीका बताया। एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में आजमीने हज (हज यात्री) को घर से निकलने से एयरपोर्ट पहुंचने तक के साथ ही हज के बारे में जानकारी दी गई।

शुक्रवार की दोपहर मदरसे में हुए प्रशिक्षण में प्रशिक्षकों ने हज करने के पांच दिन के दौरान होने वाली गतिविधियों से अवगत कराया। हज यात्रियों को प्रशिक्षण देते हुए मौलाना अय्यूब खां ने इस बात पर जोर दिया कि वह हज के लिए संजीदगी से घर से निकलें। फ्लाइट के समय पहले एयरपोर्ट पर पहुंचे। अपने दस्तावेज साथ रखें। सुरक्षाकर्मियों द्वारा मांगे जाने पर उन्हें उपलब्ध कराएं। मौलाना ने हाजियों को सऊदी अरब के कानून के बारे में बताते कहा कि इस दौरान वहां के कानून का पालन करें। बताया कि सामान क्या ले जाना है, क्या नहीं ले जाना है। वजन ले जाने एवं एहराम बांधने का तरीका, तवाफ, मीना, कयाम, अराफात, मुजदफा, कयाम, कंक्री मारने का तरीका एवं कुर्बानी का तरीका विस्तार पूर्वक समझाया।

कोसी पुल पर भारी वाहनों का आवागमन शुरू

संवाददाता, दढ़ियाल

अमृत विचार : मरम्मत के बाद शुक्रवार से कोसी पुल से भारी वाहनों का आवागमन शुरू हो गया। इससे बाजपुर से मुरादाबाद व स्वार से काशीपुर आने-जाने वाले यात्रियों ने राहत की सांस ली है।

भारी वाहनों की आवाजाही के कारण मुरादाबाद-बाजपुर हाईवे स्थित कोसी नदी पर बना 44 साल पुराना पुल 25 अप्रैल की सुबह क्षतिग्रस्त हो गया था। सूचना पर पहुंचे लोक निर्माण विभाग और सेतु निगम के अधिकारियों ने क्षतिग्रस्त पुल पर चारों ओर बालू के बोरे लगाकर पुल को बंद कर दिया था। पुल बंद होने के बाद दिल्ली से सिरसवां दोराहा से वाया टांडा-दढ़ियाल होकर नैनीताल जाने वाले पर्यटकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। टेस्टिंग के बाद छह मई से पुल पर तिपहिया और चार पहिया वाहनों का संचालन शुरू कर दिया गया।

गुरुवार को कोसी पुल पर लोक निर्माण विभाग की टीम पहुंची और भारी वाहनों के लिए टेस्टिंग की। टेस्टिंग सफल होने पर शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग के अधिकारी पुल पर पहुंचे। मरम्मत किए गए हिस्से के चारों ओर लगाई गई बैरिकेडिंग हटा दी। भारी वाहनों को रोकने के लिए खोदी गई सड़क को भी पाट दिया गया। मार्ग समतल करने के बाद शुक्रवार की दोपहर बाद पुल पर भारी वाहनों का आवागमन शुरू कर दिया गया। इससे बाजपुर से मुरादाबाद और स्वार से काशीपुर जाने वाले बस यात्रियों को राहत मिली। पुल चालू होने के बाद उत्तराखंड के बाजपुर में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की पढ़ाई भी प्रभावित नहीं होगी।

कोसी पुल से गुजरते भारी वाहन। ● अमृत विचार

क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मत के बाद टेस्टिंग की गई थी। टेस्टिंग सफलतापूर्वक होने पर पुल पर भारी वाहनों का आवागमन शुरू करा दिया है।

-मोहम्मद आजम, जेई, लोनिवि

केजरीवाल को जमानत मिलने पर बांटी मिठाई

रामपुर, अमृत विचार : आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता फैसल खां लाला ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सर्वोच्च न्यायालय से अंतरिम जमानत मिल गई। इससे पूरे देश में खुशी का माहौल है। केजरीवाल को जमानत मिलने पर जिला कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया।

शुक्रवार को आम आदमी पार्टी कार्यालय पर प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि सच भले ही देर से असर करे लेकिन झूठ के मुकाबिल सच ही असरदार रहता है। आज यह बात सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले के जरिए साबित की है। अरविंद केजरीवाल के जेल से बाहर आने से लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को मजबूती मिलेगी। इसका असर पूरे हिंदुस्तान में देखने को मिलेगा। तानाशाही हारेगी और ईमानदारी जीतेगी।

मानसून से पहले होगी नालों सफाई : सना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : पालिकाध्यक्ष सना मामून ने कहा कि बरसात के मौसम में शहर में कहीं भी जलभराव न हो इसके लिए नगर पालिका ने अभी से ही इंतजाम करने शुरू कर दिए हैं। नगर पालिका के 200 से ज्यादा कर्मचारियों की टीम लगाकर शहर के सभी बड़े नाले-नालियों की सफाई कराई जा रही है। पालिकाध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने कई स्थानों पर चल रहे सफाई कार्यों का जायजा लिया।

मानसून से पहले नगर पालिका प्रशासन जाग गया है। चोक पड़े नाले-नालियों की अभियान चलाकर शुक्रवार को सफाई शुरू की गई। सफाई कार्य में करीब 200 कर्मचारियों को लगाया गया है। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि बरसात के मौसम में नाले-नालियों की सफाई न होने के कारण कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती थी। इसके कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इस बार नगर पालिका पहले से ही अलर्ट है। बरसात से पूर्व ही शहर के सभी नाले-नालियों की तली झाड़ सफाई कराई जा रही है। बड़े नालों की सफाई जेसीबी से कराई जा रही है। बारिश में किसी भी मोहल्ले में जलभराव की स्थिति न पैदा हो, इसके लिए पहले से ही यह सफाई व्यवस्था शुरू करा दी गई है। बिलासपुर गेट से ताशका तक, चीनी मिल, माला रोड, तोपखाना रोड होते हुए गांधी समाधि, पुलिस लाइन और ज्वालानगर में सफाई अभियान चलेगा। इनके अलावा अन्य छोटे नाले व नालियों की साफ-सफाई का कार्य तेजी के साथ कराया जा रहा है। ताकि बरसात में जलभराव न हो।

शुक्रवार को नैनीताल रोड पर नाले की सफाई करती पोकलेन। ● अमृत विचार

● **200 से ज्यादा कर्मचारियों ने शुरू किया सफाई अभियान**

निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में नहीं होगा समझौता : डा. कलाल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- **गुणवत्ता के साथ कार्य कराए जाने के लिए दिए स्पष्ट निर्देश**
- **प्रोजेक्ट अलंकार योजना को लेकर हुई बैठक**

अमृत विचार : मुख्य विकास अधिकारी डा. नंद किशोर कलाल ने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं होगा। कार्यदायी संस्थाओं को मानक के अनुरूप एवं गुणवत्ता के साथ कार्य कराने के स्पष्ट निर्देश दिए। प्रधानाचार्यों को भी विद्यालय में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रतिदिन निगरानी करने एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के लिए निर्देशित किया।

नवीन सर्किट हाउस के सभागार में शुक्रवार को प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अन्तर्गत जिले में माध्यमिक शिक्षा विभाग के नियंत्रणाधीन संचालित राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के जर्जर भवनों के पुनर्निर्माण जीर्णोद्धार, अवस्थापना सुविधाएं आदि कार्यों के सम्बन्ध में प्रधानाचार्य एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने प्रधानाचार्यों को नवीन शैक्षिक सत्र में नवीन ऊर्जा के साथ शिक्षण कार्य सम्पादित कराने एवं वीडियो रिकॉर्डिंग रूम में बनाई जाने वाली वीडियो का सीधा प्रसारण अथवा यू-ट्यूब के माध्यम से स्मार्ट कक्षाओं में प्रसारित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली सहित अन्य अधिकारी और विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

विभागीय पोर्टल पर कराई जाएगी डेटा की सुचितापूर्ण फीडिंग : सीडीओ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : मुख्य विकास अधिकारी डा. नंद किशोर कलाल ने कहा कि आकांक्षात्मक विकासखंड कार्यक्रम के अन्तर्गत 75 इंडीकेटर्स में चिकित्सा एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास, आधारभूत अवसंरचना पर डेटा की फीडिंग 14 विभागों द्वारा की जा रही थी। नए आदेश के मुताबिक अब 50 इंडीकेटर्स पर विभागों द्वारा कार्य करते हुए डेटा की सुचितापूर्ण फीडिंग विभागीय पोर्टल पर की जाएगी।

शहर स्थित नवीन सर्किट हाउस के सभागार में आकांक्षात्मक विकास खंड सैदनगर के संबंध में शुक्रवार को प्रगति बैठक हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि विभागीय पोर्टल से माह की अन्तिम तिथि को इंडीकेटर्स के अनुसार डेटा की प्रगति एबीपी पोर्टल पर स्वतः अद्यतन हो जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी ने इंडीकेटर्स से सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि चिन्हित इंडीकेटर्स की प्रगति अपने विभागीय पोर्टल पर तथ्यात्मक डेटा के रूप में अंकन करना तय करेंगे। जिन विभागों के इंडीकेटर्स में स्टेट एवरेज से प्रगति कम है, उन्हें सुधार करने के लिए भी उन्होंने निर्देशित किया।

कहा कि डेटा सही एवं तथ्यात्मक होना चाहिए। ताकि क्षेत्र भ्रमण के दौरान डेटा की शुचिता स्पष्ट हो सके। इस दौरान सीएमओ डॉ.एसपी सिंह, डीसी एनआरएलएम मंशाराम यादव और डीपीआरओ जाहिद हुसैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में अधिकारियों को संबोधित करते सीडीओ डा. नंद किशोर कलाल।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

सैफनी, अमृत विचार : ओवरटेक कर रहे ट्रक ने दो बाइकों को टक्कर मार दी। इसमें दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भेज दिया।

मुरादाबाद के मूंढापांडे थाना क्षेत्र निवासी अमन शुक्रवार की रात करीब नौ बजे कासम नगला गांव से शाहबाद की ओर जा रहा था। दूसरा बाइक सवार चंदौसी क्षेत्र निवासी अफजाल भी कासम नगला गांव से गुजरते हुए बिलारी की ओर जा रहा था। इस दौरान तेज गति से आ रहे ट्रक ने ओवरटेक करने के चक्कर में दोनों बाइक सवारों को टक्कर मार दी। इस दौरान एक बाइक सवार के सिर पर ट्रक का पहिया भी चढ़ गया। हेलमेट होने के कारण उसकी जान बच गई। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। हालात नाजुक होने पर एक घायल को मुरादाबाद रेफर कर दिया गया।

जान जोखिम में डाल ओवर हेड टैंक पर रील बना रहे युवा

संवाददाता, टांडा

अमृत विचार : सेल्फी का क्रेज युवाओं के सिर चढ़कर बोल रहा है। सेल्फी के जुनून में युवा अपनी जान की भी परवाह नहीं कर रहे हैं। कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। नगर में ओवर हेड टैंक पर चढ़कर युवा रील बना रहे हैं। जबकि विभागीय कर्मचारी लापरवाह बने हैं। ओवर हेड टैंक पर चढ़ने वाले रास्ते को खुला रखा गया है। इसके कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

नगर के मोहल्ला मोतीनगर में झंडा चौक स्थित ओवरहेड टैंक पर चढ़कर नौजवान सेल्फी ले रहे हैं और रील बने रहे हैं। लेकिन सम्बंधित विभाग इससे पूरी तरह अंजान है। नौजवानों पर सेल्फी का खुमार चढ़ा है। युवा तबके पर रील का जुनून इस कदर सवार है कि अपनी जान-जोखिम में डालने से भी वह गुरेज नहीं कर रहे हैं। नगर के मोहल्ला मोतीनगर में झंडा चौक स्थित ओवर हेड टैंक आजकल नौजवान वर्ग के लिए सेल्फी प्वाइंट बना है। तमाम युवा पानी की टंकी पर चढ़कर अपनी जान-जोखिम में डालकर सेल्फी ले रहे हैं और रील बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर रहे हैं। हैरत की बात यह है कि विभागीय कर्मचारी इससे पूरी तरह अनिभज्ञ हैं। पानी की टंकी पर चढ़ने से रोकने के लिए मौके पर कोई कर्मचारी तैनात नहीं है। ऊपर चढ़ने के लिए बनी सीढ़ियों गेट को भी लॉक नहीं किया गया है। ऐसे में सवाल उठता है कि इन हालात में यदि कोई हादसा होता है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा।

ओवरहेड टैंक पर कर्मचारी की तैनाती करना जल निगम के अधिकार क्षेत्र का मामला है। फिलहाल इस सम्बंध में पालिका स्तर पर जांच कराई जाएगी।

-पुनीत कुमार, ईओ, नगरपालिका

लापरवाही जगह-जगह वाहन खड़ा करके चले जाते हैं लोग, सड़क पर बेतरतीब वाहन खड़े होने से लगता है जाम

ज्वालानगर में पार्किंग स्थल नहीं होने से लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : ज्वालानगर में पार्किंग स्थल नहीं होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खरीदारी करने आने वाले लोग वाहनों को दुकानों के आगे लगाकर चले जाते हैं। इस बारे में लोग कई बार अधिकारियों को ज्ञापन देकर अवगत करा चुके हैं लेकिन उसके बाद भी स्थिति जस की तस है।

सिविल लाइन के ज्वालानगर में काफी संख्या में राम-रहीम पुल के दोनों ओर दुकानें हैं। इनमें शोरूम से लेकर बर्तनों तक की दुकानें हैं। खरीदारी करने के लिए शहर से लेकर गांव तक के लोग आते हैं। रोजाना दोपहर से ही लोगों का बाजार में आना शुरू हो जाता है। खरीदारी करने आने वाले लोग अपने वाहनों को सड़क के बीचों-बीच खड़े करके चले जाते हैं। इससे दुकानदारों तथा आसपास के लोगों को परेशानी होती है। शाम के समय भीड़ अधिक होने के कारण जाम की स्थिति पैदा हो जाती हैं। ज्वालानगर के अंदर मार्केट में खरीदारी करने वाले लोग वाहनों को पुल के किनारे खड़े करके चले जाते हैं। इससे पैदल निकलने वाले लोगों को आवाजाही में दिक्कत होती है। लोगों ने कई बार पार्किंग का मुद्दा उठाया लेकिन बात नहीं बनी।

सड़क पर खड़े बेतरतीब वाहन।

लोग खरीदारी के दौरान जगह-जगह वाहन खड़ा करके चले जाते हैं। इसके चलते लोगों को निकलने में काफी परेशानी आती है। यहां एक पार्किंग स्थल का होना जरूरी है।

- आकाश

ज्वालानगर में पार्किंग स्थल नहीं होने कारण शाम को जाम लग जाता है। अधिकारियों को यहां भी एक पार्किंग स्थल बनवाना चाहिए। लोग वाहन सड़क किनारे लगाकर चले जाते हैं।

- अमित यादव

शाम के समय काफी संख्या में लोग बाजार में खरीदारी करने आते हैं लेकिन वाहनों को सड़क किनारे खड़ा कर देते हैं। पार्किंग स्थल न होने के कारण काफी परेशानी आती है।

- अनिल

पार्किंग स्थल नहीं होने के कारण लोग वाहन सड़क किनारे खड़ा करके चले जाते हैं। इसके चलते जाम लग जाता है। एक पार्किंग स्थल का होना बहुत जरूरी है।

- संचित कपूर

आंखों का परीक्षण कराते पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल। ● अमृत विचार

निशुल्क नेत्र शिविर में किया गया मरीजों का परीक्षण

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार : शुक्रवार को मोहल्ला साहूकारा स्थित अग्रवाल सभा भवन में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल ने इसका फीता काटा और अपना नेत्र परीक्षण कराकर शिविर का शुभारंभ किया।

अग्रवाल सभा भवन में शुक्रवार को सुबह दस बजे से प्रारंभ हुए शिविर में वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ.अंकित गुप्ता व उनके सहयोगियों ने नेत्र रोग से पीड़ित मरीजों का परीक्षण किया। इसके बाद चयनित किए गए मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन भी किया जाएगा। यह शिविर उत्तराखंड के प्रभु नेत्रालय के सौजन्य से आयोजित किया गया था। उद्घाटन के अवसर पर भाजपा नेता अनिल मदान, अतिन जैन, पंकज कश्यप, ऋषभ भारद्वाज, प्रतीक सुखीजा आदि भी मौजूद रहे।

एक नजर

पुलिस ने पांच वारंटियों को किया गिरफ्तार

धमोरा, अमृत विचार : पुलिस ने वारंटियों को उनके घरों से गिरफ्तार किया। बूजपुर के मझरे के लाजपत, गोविन्द राम और गंगाराम का कई वर्ष पहले झगड़ा हो गया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। न्यायालय में मुल्जिमों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। मामला न्यायलय में चल रहा है इसमें इनके गिरफ्तारी वारंट जारी हुए थे। दरोगा राम लाखन मिश्रा, दरोगा दूधनाथ यादव, नवीन कुमार, कौसर अली, अरकान आलम ने वारंटियों को उनके घर से पकड़ लिया और न्यायालय में पेश किया।इसके अलावा शाहजादनगर के ग्राम दीनपुर के भारत और ग्राम दबका के बब्बू को पुलिस ने उनके घर से पकड़कर न्यायलय में पेश किया गया। न्यायालय ने सभी वारंटियों को जेल भेज दिया।

खेत पर गए किसान की बाइक चोरी

सैफनी, अमृत विचार : खेत पर काम करने गए किसान की बाइक चोरी हो गई। पुलिस को मामले की जानकारी दे दी गई है। नगर के कोठी मोहल्ला निवासी हनीफ खेती करते हैं। सुबह वह क्षेत्र के बेरुआ गांव में अपने खेत से बैगन तोड़ने गए थे। उन्होंने अपनी बाइक खेत के पास सड़क पर खड़ी की थी। आरोप है की पूर्वाह्न 11 :30 बजे जब बैगन गाड़ी में भरने सड़क पर आए तो बाइक गायब थी। उन्होंने डायल 112 पर घटना की जानकारी दी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर बाइक बरामद करने की गुहार लगाई है।

शांतिभंग में एक आरोपी का किया चालान

सैफनी, अमृत विचार : शुक्रवार को पुलिस ने शांतिभंग करने की आशंका के चलते एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर चालान किया है। क्षेत्र के करनपुर गांव निवासी नाजिम पुत्र चांद का किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। शिकायत मिलने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर मामला दर्ज करते हुए शांतिभंग में चालान कर दिया है।

पुलिस ने चाकू के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

रामपुर, अमृत विचार : थाना अजीमनगर पुलिस ने चेकिंग के दौरान लक्ष्मन पुत्र बांकेलाल निवासी ग्राम खिमोतिया बख्ती थाना अजीमनगर को अली नगर शुमाली तिराहे से चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

सीआरपीएफ हवलदार समेत सोना लूटने वाले पांच बदमाश गिरफ्तार

मिलक हाइवे पर पुलिस की बदमाशों से हुई मुठभेड़, तस्करी कर टांडा लाए जा रहे एक किलो 300 ग्राम सोने की हुई थी लूट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : मिलक हाइवे पर 28 अप्रैल की रात तस्करों से एक किलो 300 ग्राम सोना लूटने के मामले में पुलिस और एसओजी की टीम ने मुठभेड़ के बाद अमरोहा निवासी सीआपीएफ जवान इन्तकाब अली समेत पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान एक आरोपी के पैर में गोली लगी है। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि गुरुवार की रात हाइवे पर मिलक में पुलिस और एसओजी संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान कार में बैठे कुछ व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस टीम ने कार का पीछा किया तो कार खेत के पास खाई में फंस गई। इसके बाद कार सवार तीन व्यक्तियों में से दो ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। घायल ने अपना नाम शफीक उर्फ गटुआ निवासी मोहल्ला नीम कस्बा थाना टांडा बताया। पुलिस ने उसके दो साथियों सहित तीनों लोगों को गिरफ्तार कर लिया। मौके पर पकड़े गए दो बदमाशों ने अपने नाम इन्तकाब अली और दानिश निवासी ग्राम टिकिया फतेहपुर थाना डिडौली, जनपद अमरोहा बताया। पुलिस ने लूट में शामिल मोहम्मद जीशान निवासी पड़ाव थाना टांडा और मोहम्मद रिजवान निवासी लालू नगला थाना शहजादनगर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से 558 ग्राम पीली धातु के दो अंडकार गोले तथा 8,10,000 रुपये एवं अवैध शस्त्र बरामद हुए। इनके पास से 5,40,000 रुपये तथा दो आधार कार्ड मिले। उन्होंने बताया कि लूट की घटना तस्करी के सोने से सम्बंधित थी। इसलिए किसी ने रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई थी। इसके बावजूद पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। दूसरी ओर डीआईजी सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर सुभाष चंद्र ने बताया कि अमरोहा जिले के थाना डिडौली के ग्राम टिकिया फतेहपुर निवासी इन्तकाब अली सीआरपीएफ जवान 239 रिजर्व बटालियन का हवलदार है। वह चुनाव ड्यूटी में अमरोहा गया था। इसके बाद उसने 15 दिन का अवकाश ले लिया। छुट्टी के दौरान वह बदमाशों के संपर्क में आया होगा। यह भी संभव है कि उसके पहले से बदमाशों से संबंध हों। जांच की जाएगी।

मुठभेड़ के बाद पकड़े गए सोना लूट के आरोपी। ● अमृत विचार

तस्करों के संपर्क में कैसे आया हवलदार

रामपुर, अमृत विचार : सोना तस्करों के साथ सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर में तैनात हवलदार के पकड़े जाने के बाद विभाग में खलबली मची है। पुलिस इस बिंदु पर भी जांच कर रही है कि सीआरपीएफ का हवलदार सोना तस्करों के सपंर्क में कैसे आया। पुलिस इसके करीबियों से भी पूछताछ कर सकती है। खाड़ी देशों से सोना लाने का धंधा टांडा में काफी समय से चल रहा है। इसके कारण टांडा काफी बदनाम है। अप्रैल में लखनऊ एयरपोर्ट से सोना तस्करी करके ला रहे 29 लोग फरार हो गए थे। इसके बाद से मामला चर्चाओं में आ गया था। 28 अप्रैल को कुछ युवकों से सोने की लूट के बाद मामला और सुर्खियों में आ गया था। यह खबर अमृत विचार ने 30 अप्रैल के अंक में पृष्ठ पांच पर कार सवारों ने एक किलो 300 ग्राम सोना लूटा शीर्षक से प्रकाशित की थी। इस लूट का मुकदमा दर्ज नहीं कराया गया था। लेकिन अमृत विचार में खबर प्रकाशित होने के बाद लूट की जांच खुफिया तौर पर चल रही थी। गुरुवार की रात पुलिस ने मुठभेड़ के बाद पांच लुटेरों को पकड़ लिया। इनमें एक सीआरपीएफ का हवलदार भी है। इसकी जानकारी मिलने ही विभाग में खलबली मच गई है।अब पुलिस हर पहलू पर गंभीरता से जांच कर रही है।

पुलिस ने इन आरोपियों को किया गिरफ्तार

पुलिस ने चेकिंग के दौरान शफीक उर्फ गटुआ निवासी मोहल्ला नीम कस्बा थाना टांडा, इन्तकाब अली व मोहम्मद दानिश निवासी ग्राम टिकिया फतेहपुर थाना डिडौली जनपद अमरोहा, मोहम्मद जीशान निवासी पड़ाव थाना टांडा, मोहम्मद रिजवान निवासी लालू नगला थाना शहजादनगर को गिरफ्तार किया है। शफीक उर्फ गटुआ पर 13 मुकदमे दर्ज हैं।

तारिक ने दर्ज नहीं कराया था मुकदमा

लूट के पीड़ित टांडा निवासी तारिक ने पुलिस को बताया कि वह अपने साथी अजहर, मुकीम व फरहान के साथ 28 अप्रैल को टांडा से दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचा। वहां से मुंबई एयरपोर्ट गया। उनका एक साथी मुंबई निवासी लियाकत आबूधाबी एयरपोर्ट दुबई से लगभग एक किलो सोना लेकर आया था। सभी लोग मुम्बई एयरपोर्ट पर एकत्र हुए। लियाकत ने सोना इंडिगो फ्लाइट की सीट के नीचे छिपा दिया था। इसके बाद चारों उसी फ्लाइट से काठमांडू पहुंच गए। इसी बीच मौका पाकर सोना निकाल लिया और वहां से नेपाल गंज पहुंचे। नेपाल गंज से आटो द्वारा लखीमपुर बार्डर आए थे। वहां से टैक्सी द्वारा लखीमपुर पहुंचे। वहां फुरकान खड़ा था। उसी गाड़ी से टांडा आ रहे थे कि लूट हो गई। आरोपियों ने यह भी बताया कि लखनऊ एयरपोर्ट पर पेट में रखकर लाया गया सोना पकड़े जाने पर लियाकत सोने को केमीकल से थोड़ा तरल रूप देकर कंडोम में बांधकर अपने पृष्ठभाग में छिपाकर दुबई से लाया था।

क्षतिग्रस्त मकानों का दिलाया जाए मुआवजा

रामपुर, अमृत विचार : स्वार के लोगों ने पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी को ज्ञापन देकर कहा कि एक ग्रामीण ने पुराने मकान को जेसीबी से तुड़वाकर नया मकान बनवाया है। इसके कारण कई लोगों के मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। उनके मकान गिरने का खतरा बना है। पुलिस अधीक्षक से मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई है।

स्वार थाना क्षेत्र के गांव धनपुरा सादरा निवासी नौशे अली, मोहम्मद यूनुस, मोहम्मद शरीफ ने शुक्रवार को एसपी को ज्ञापन देकर कहा कि कुछ समय पहले उन्होंने अपने मकान बनाए थे।

उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व गांव के ही एक व्यक्ति ने जेसीबी से अपने पुराने मकान को गिराकर नया मकान बनवाया है। इसके कारण से उन लोगों के मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। आरोप है कि उन्होंने मकान स्वामी से अपने घरों की क्षति के बारे में बताते हुए पैसे मांगे तो उसने गाली-गलौज करके उन्हें भगा दिया। पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक से मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई है। इस मामले में पहले भी कई अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है।

स्कूल गई दो छात्राएं गायब

कार्यालय संववादाता, रामपुर

अमृत विचार : गुरुवार को स्कूल के लिए निकली कक्षा दस और आठ की छात्राएं लौटकर घर नहीं आईं। इसके बाद परिजनों के होश उड़ गए। उन्हें काफी तलाश किया लेकिन, पता नहीं चल सका। इस मामले में परिजनों ने थाने में तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने छात्राओं की तलाश शुरू कर दी है।

मिलक थाना क्षेत्र के मोहल्ला कला निवासी राम प्रसाद गुप्ता का कहना है कि उनकी बेटी राधिका गुप्ता रेशम प्यारी आदर्श बालिका इंटर कॉलेज में कक्षा दस की छात्रा है। उनके घर के निकट रहने वाले धर्मवीर की बेटी भी इसी स्कूल में कक्षा आठ की छात्रा है। दोनों छात्राएं सहेलियां है।

दोनों रोजाना की तरह गुरुवार को भी कॉलेज गईं थीं। लेकिन इसके बाद लौटकर नहीं आईं। इससे परिजन सकते में आ गए। इसके बाद दोनों छात्राओं को काफी जगह तलाश किया, लेकिन पता नहीं चल सका। तब पीड़िता के पिता ने थाने में तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

एएसपी ने विवेचकों के साथ की बैठक

रामपुर, अमृत विचार : शुक्रवार की शाम अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव ने थाना अजीमनगर का अर्दली रूम लेकर थाना प्रभारी के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने सख्ती से ड्यूटी करने के आदेश दिए। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव ने थाना प्रभारी व विवेचकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी टांडा भी मौजूद रहे।

कीटनाशक छिड़क रहे किसान की मौत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : खेत में कीटनाशक का छिड़काव कर रहा किसान बेहोश होकर गिर गया। आसपास के खेतों में काम कर रहे किसानों से उपचार कराने अस्पताल ले गए। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। किसान की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

मामला मिलक थाना क्षेत्र के गांव पशुपुरा का है। यहां रहने वाले ब्रजलाल का 32 वर्षीय बेटा छोटे लाल किसान था। बुधवार की दोपहर वह खेत में कीटनाशक का छिड़काव कर रहा था। इस दौरान वह अचानक बेहोश होकर खेत में गिर गया। यह देख आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग मौके की ओर दौड़ पड़े। सूचना मिलने के बाद किसान के परिजन भी आ गए थे। उन्होंने छोटेलाल को मिलक में स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान शुक्रवार की सुबह उसकी मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस भी पहुंच गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

जिला अस्पताल में बैठे छोटेलाल के गमजदा परिजन। ● अमृत विचार

मृतक के बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल

किसान छोटेलाल की मौत के बाद उसकी पत्नी व तीनों बच्चों को रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों का कहना है कि वह खेती करके परिवार पालन-पोषण करता था। उसकी मौत के बाद बच्चों के पालन-पोषण की समस्या खड़ी हो गई है। छोटेलाल के तीन बच्चे हैं। इनमें दो बेटी और एक बेटा है। किसान की मौत की जानकारी मिलने के बाद परिजनों को सांत्वना देने के लिए लोगों का आना-जाना लगा है।

मारपीट में पिता-पुत्र समेत तीन को चार वर्ष की सजा

● एडीजे द्वितीय की कोर्ट ने सुनाया फैसला, जुर्माना सभी लगाया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जानवर बांधने गए युवक के साथ मारपीट करने के मामले में एडीजे द्वितीय की कोर्ट ने पिता-पुत्र सहित तीन दोषियों को चार वर्ष की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपियों पर जुर्माना भी लगाया है। जबकि तीन अरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया।

बिलासपुर थाना क्षेत्र के गांव दुर्जनपुर निवासी अनिल यादव का कहना है कि एक मई 2009 की शाम करीब सात बजे उसका छोटा भाई महिपाल अपने खेत पर जानवर बांधने जा रहा था। इस दौरान रामपाल व उसके साथियों ने उसे लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया था। पीड़ित किसी तरह वहां से भागकर अपने पिता के पास पहुंचा। पिता ने भी मना किया मगर आरोपी नहीं माने। उन्होंने पिता को भी लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया था। पीड़ित को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बाद में तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी रामपाल, छत्रपाल, केदार, ब्रजपाल, अशोक व राकेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी।

पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीर्ट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इस मामले की सुनवाई एडीजे द्वितीय की कोर्ट में चल रही थी। एडीजीसी प्रमोद सागर ने बताया कि अदालत ने शुक्रवार को राकेश और पिता रामपाल तथा केदार को दोषी करार देते हुए चार-चार वर्ष की सजा सुनाई। जबकि साक्ष्य के अभाव में छत्रपाल, ब्रजपाल और अशोक को बरी कर दिया गया।

पुलिस लाइन का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी। ● अमृत विचार

पुलिस अधीक्षक ने ली परेड की सलामी, निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में शुक्रवार को परेड की सलामी ली। इसके बाद पुलिस लाइन का निरीक्षण किया।

पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने परेड में लगे पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चेक किया। परेड के बाद पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में स्थित भोजनालय, पुलिस म्यूजियम, कैन्टीन, मनोरंजन कक्ष, एमटी शाखा आदि का निरीक्षण कर परिसर की साफ-सफाई आदि को देखा। सभी पुलिसकर्मियों को सख्ती के साथ ड्यूटी करने के दिशा-निर्देश दिए।

डूंगरपुर के मामले में गवाह से जिरह पूरी

रामपुर, अमृत विचार : डूंगरपुर के एक मामले में गवाह रामवीर सिंह से जिरह पूरी हो गई है। अब इस मामले में 15 मई की तारीख नियत की गई है। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही है।

सपा शासन में डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने के नाम पर मारपीट, तोड़फोड़, लूटपाट व डकैती जैसे आरोप लगे थे। इस तरह के कई केस गंज थाने में वर्ष 2019 में दर्ज हुए थे। इनमें सपा नेता आजम खां को भी आरोपी बनाया गया है। कई मामले अदालत में विचाराधीन हैं। डूंगरपुर प्रकरण के एक मामले में शुक्रवार को इंस्पेक्टर रामवीर सिंह ने बयान दर्ज कराए। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि गवाह रामवीर सिंह से जिरह पूरी हो गई है। अब 15 मई को 313 के बयान दर्ज हो सकते हैं।

कार की टक्कर से बच्चे की मौत

संवाददाता, सैदनगर

अमृत विचार : अजीमनगर रोड पर कार की टक्कर से नौ वर्षीय बालक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घटना अजीमनगर थाना क्षेत्र के ग्राम दिलपुरा के पास की है। गांव रतनपुरा शुमाली निवासी शरफुद्दीन का नौ वर्षीय बेटा अलफेज घर से कपड़े लेकर टेलर की दुकान पर जा रहा था। दिलपुरा गांव के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने बालक को रौंद दिया। टक्कर लगते ही अलफेज करीब 10 मीटर दूर जाकर गिरा। इसके चालक कार समेत फरार हो गया।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और बालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

प्रभारी निरीक्षक पवनवीर सिंह राणा ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। फुटेज के आधार पर आरोपी कार चालक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

शांति व्यवस्था को लेकर एसपी ने की गश्त

रामपुर, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने शांति व्यवस्था को लेकर शाम को फोर्स के साथ गश्त की। वाहन चेकिंग करने के सख्त निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने अपराध नियन्त्रण, कानून व शान्ति व्यवस्था तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के लिए सिविल लाइन क्षेत्र के महत्वपूर्ण व भीड़ वाले स्थानों में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की। इस दौरान सिविल लाइन थाना प्रभारी को चेकिंग करने के आदेश दिए।

रक्तदान से बचा सकते हैं किसी की जान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। इससे किसी की जान बचाई जा सकती है। समिति का सराहनीय कदम है, जो सामाजिक कार्यों में आगे रहती है।

वीर खालसा सेवा समिति के तत्वावधान में श्री गुरु अर्जन देव जी महाराज के शहीदी पर्व को समर्पित रक्तदान शिविर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में लगाया गया। इसमें 44 लोगों ने रक्तदान किया। समिति के जिलाध्यक्ष अवतार सिंह ने मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी को स्मृति चिन्ह देकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। समिति के जिलाध्यक्ष ने कहा कि जब भी ब्लड बैंक को ब्लड की जरूरत होती है, समिति द्वारा तुरंत रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। खून के बिना किसी की जान न जाए यही हमारी सोच और यही हमारा संकल्प हैं। बताया कि भविष्य में भी वीर खालसा सेवा समिति रक्तदान शिविर का आयोजन करती रहेगी।

रक्तदान शिविर में मौजूद मुख्य अतिथि एसपी राजेश द्विवेदी। ● अमृत विचार

यह लोग रहे मौजूद

व्यापार मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, सरदार मनमीत सिंह, गुलशन अरोड़ा, गुरमीत सिंह, सेवा सिंह, लखविंदर सिंह, सुनील अग्रवाल, बलराम सिंह, सुरजीत सिंह, मोनू सिंह, सुखविंदर सिंह, करणदीप सिंह, विक्रमजीत सिंह, सनी कपूर, अमनदीप सिंह, ग्रंथि सुरजीत सिंह, कुलविंदर सिंह, दीप अरोड़ा समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

● 44 लोगों ने किया रक्तदान मुख्य अतिथि का किया स्वागत

घर में घुसकर नकदी सहित एक लाख का सामान चोरी

मसवासी, अमृत विचार : घर में घुसे चोर अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर व नकदी सहित करीब एक लाख रुपये का सामान चुरा कर ले गए। सुबह जाग होने पर परिजनों को घटना की जानकारी हुई। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना किया है।

नगर के वार्ड संख्या नौ मदरसे वाली गली निवासी दिनेश कुमार के घर में देर रात घुसे चोर अलमारी में रखे 22 हजार रुपये व सोने-चांदी के जेवर समेत करीब एक लाख रुपये का सामान समेट कर ले गए। शुक्रवार की सुबह नींद से जगने पर कमरे में सामान बिखरा देख परिजन सन्न रह गए। गृहस्वामी ने पुलिस को मामले की तहरीर दी। चौकी इंचार्ज रोहित कुमार ने मौका-मुआयना करते हुए शीघ्र ही घटना का खुलासा करने का परिजनों को आश्वासन दिया है।

दुष्कर्म पीड़िता ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या

संवाददाता, सैदनगर

अमृत विचार : दुष्कर्म पीड़िता ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जान दे दी। आरोपी ने युवती को घर में अकेला पाकर हवस का शिकार बनाया था। युवती का पहले गांव के पास ही निजी चिकित्सक के क्लीनिक पर इलाज किया गया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे मुरादाबाद के कॉसमॉस अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान युवती की मौत हो गई। पुलिस ने निजी चिकित्सक समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। गांव निवासी एक युवती छह दिन पूर्व घर में अकेली थी। उसके परिजन शादी में शामिल होने दूसरे गांव गए थे। युवती को अकेला देख पड़ोसी युवक घर में घुस आया युवती के साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने घटना के बारे में किसी को न बताने की धमकी दी। दुष्कर्म से आहत युवती ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने युवती को गांव के ही चिकित्सक के यहां भर्ती कराया था। इस दौरान युवती ने परिजनों को आपबीती बता दी थी।

तीन दिन तक चले इलाज के बाद युवती की हालत और बिगड़ गई। हालत नाजुक होने पर परिजन उसे मुरादाबाद ले गए और कॉसमॉस अस्पताल में भर्ती करा दिया। जहां इलाज के दौरान शुक्रवार को युवती की मौत हो गई। इस दौरान पता चला आरोपी युवक के साथ उसके परिजन भी घटना के लिए जिम्मेदार हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने नगलिया निवासी विक्की, संजय, सुनीत, हर प्रसाद, हरि सिंह और रामबाबू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक पवनवीर सिंह राणा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

राजनयिक ने देखा खासबाग पैलेस और गांधी समाधि

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : भारत में यूक्रेन के राजनयिक विटाली मोरोज शुक्रवार को रामपुर पहुंचे। राजनयिक के साथ उनकी मां और बहन भी आई हैं। तीनों ने गांधी समाधि, खासबाग पैलेस और इमामबाड़ा देखा। राजनयिक शहर की खूबसूरती और भव्य धरोहरों से प्रभावित हुए।

नूर महल पहुंचने पर पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने विटाली मोरोज और उनके परिजनों का स्वागत किया। इसके बाद राजनयिक ने खासबाग पैलेस, इमामबाड़ा व गांधी समाधि देखी। कहा कि इन धरोहरों को विश्व पर्यटन मैप पर लाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि रामपुर आकर बहुत खुशी हुई। उन्होंने अपने देश के बारे में बताया कि यूक्रेन पूर्वी यूरोप में स्थित देश है। इसकी सीमा पूर्व में रूस, उत्तर में बेलारूस, पोलैंड, स्लोवाकिया, पश्चिम में हंगरी, दक्षिण पश्चिम में रोमानिया एवं मॉल्डोवा और दक्षिण में काला सागर और अजोव सागर से मिलती है। देश की राजधानी होने के साथ ही सबसे बड़ा नगर भी कीव है। उन्होंने कहा कि भारत और यूक्रेन अच्छे दोस्त हैं। इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज (इंटेक) रुहेलखंड चैप्टर के सह-संयोजक काशिफ खां ने बताया कि राजनयिक शनिवार को ग्रीनवुड स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके अलावा वह रजा लाइब्रेरी का भी दौरा करेंगे।

इमामबाड़ा खासबाग में यूक्रेन के राजनयिक विटाली मोरोज के साथ पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां। ● अमृत विचार

● नूर महल में पूर्व मंत्री नवेद मियां ने किया राजनयिक का स्वागत

बेटे ने धोखाधड़ी से पत्नी के नाम कराया पिता की भूमि का दानपत्र

संवाददाता, टांडा

अमृत विचार : पुत्र ने पत्नी व अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर पिता से धोखाधड़ी कर भूमि का दानपत्र अपने नाम करा लिया। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर पुत्र व पुत्रवधु सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

टांडा थाना क्षेत्र के गांव सैदनगर बजर पट्टी निवासी कुंवर सेन ने पुलिस को बताया कि उसकी टांडा तहसील के ग्राम भवानीपुर में जमीन है। उसके दो लड़के तथा दो पुत्रियां हैं। सभी की शादी हो चुकी है। बेटा संजय दस साल से बलदेवपुरी गणेशनगर, थाना कटघर, मुरादाबाद में मकान बनाकर अपनी पत्नी व बच्चों सहित रहता है। करीब दो माह पहले संजय व उसकी पत्नी कृष्णा उनसे मिलने आए थे। कुंवर सेन उस समय बीमार चल रहा था। बेटा-बहू अच्छा इलाज कराने के बहाने उसे मुरादाबाद ले गए। एक दिन संजय व उसकी पत्नी ने उसे शराब पिलाई। बेहोश होने पर संजय व उसकी पत्नी कृष्णा ने सूबे चंद व मुन्नी देवी के साथ मिलकर छह फरवरी को उसकी भूमि का दानपत्र कृष्णा के नाम करा लिया। होश आने पर वह एक कमरे में था। पूछने पर कृष्णा ने बताया कि वह दिल्ली में है। 17 मार्च को कुंवर सेन की पत्नी सर्वेश दो रिश्तोदारों व दो पुलिस वालों को लेकर दिल्ली पहुंची। उसने बताया कि बेटे-बहू ने धोखाधड़ी करके जमीन का दानपत्र अपने नाम करा लिया है। पत्नी ने उसे उन लोगों के चंगुल से छुड़ाया। पीड़ित ने मामले की सूचना टांडा पुलिस को दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब उसने अदालत की शरण ली।

एक नजर

फाउंडेशन ने बच्चे का स्कूल में कराया प्रवेश

रामपुर, अमृत विचार : मदद एक आस फाउंडेशन ने रक्तदान के साथ शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के प्रति अलख जगाई है। संस्था हर वर्ष गरीब व कमजोर बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने का प्रयास कर रही है। संस्था के सदस्यों ने बच्चे के बारे में पूरी जानकारी लेकर उसका एडमिशन कराया। संस्था के जिलाध्यक्ष संचित कपूर ने बताया एक ऐसा बच्चा जो पढ़ना चाहता था लेकिन पढ़ाई के लिए उसके अभिभावकों के पास कोई व्यवस्था नहीं थी। उस बच्चे का प्रवेश शुक्रवार को पंजाब नगर के गौरी नंदन स्कूल में कराया गया। बच्चे को कोर्स उपलब्ध कराया गया और पूरे वर्ष की फीस भी जमा की गई।

भक्तों ने की भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना

रामपुर, अमृत विचार : मिस्टन गंज स्थित शक्ति दरबार में अक्षय तृतीया के अवसर पर पूजन-अर्चना की गई। पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा ने भगवान परशुराम के जन्म दिवस पर विशेष रूप से पूजा पाठ किया। हलुआ, चना व खीर का भोग लगाया। सामूहिक रूप से पूजा-पाठ करने के बाद आरती की गई। पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा ने बताया कि आज के दिन पूजा, पाठ, जप, तप, दान, सेवा व सहायता करने वाले को अमृतमयी प्रसाद रूपी सुख, शांति, समृद्धि और सफलता प्राप्त होती है।

बैंड-बाजों संग धूमधाम से चढ़ी 11 दूल्हों की बरात

शुक्रवार को उत्सव पैलेस में कराए गए फेरे, पुष्प वर्षा से किया बरातियों का स्वागत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शुक्रवार को 11 दूल्हों की बरात बैंड बाजों के साथ धूमधाम से चढ़ी। गांधी समाधि स्थित एक मंडप से पूर्वाह्न 11:15 बजे दूल्हे बग्घियों पर सवार होकर पहुंचे। बैंड वालों ने आज मेरे यार की शादी है की धुन बजानी शुरू कर दी। इससे पहले शहर विधायक आकाश सक्सेना ने फीता काटकर बरात की शुरूआत की। बरात शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए कोसी मंदिर रोड स्थित उत्सव पैलेस पहुंची। यहां जयमाला के बाद 11 जोड़ों ने सात फेरे लिए। शहर में जगह-जगह पुष्प वर्षा करके बरातियों का स्वागत किया गया।

रामपुर रॉयल क्लब के तत्वावधान में शुक्रवार को 11 जोड़ों का विवाह उत्सव पैलेस में धूमधाम से कराया गया। शहर विधायक ने गांधी समाधि पर फीता काट कर एवं नारियल फोड़कर बरात की शुरूआत की। बरात गांधी समाधि से चलकर दोपहर एक बजे राजद्वारा, मिस्टन गंज, अग्रवाल धर्मशाला, चौकी हजियानी, सराय गेट होते हुए उत्सव पैलेस पहुंची। बरात का सामाजिक संस्थाओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। बैंड-बाजे की धुन पर बरातियों ने जमकर डांस किया।

बरात के उत्सव पैलेसे पहुंचने के बाद मंच पर सबसे पहले श्री खाटू श्याम का पूजन किया गया। इसके बाद 11 जोड़ों के जयमाल के समय क्लब के सदस्यों ने फूलों की वर्षा की। पंडित अंकुर शर्मा ने विधि-विधान से मंत्रों का जाप कर फेरे कराए। फेरों के बाद क्लब के सदस्यों ने नव दंपती का तिलक कर एवं जरूरत का सामान देकर विदा किया। दुल्हनों का मैकअप ड्रीम गर्ल ब्यूटी पार्लर की ओर से सरिता विश्नोई और उनकी टीम ने किया। भारत विकास परिषद के सदस्यों, अलका जैन, राजीव सिंघल, उमेश सिंघल, दिलीप भट्टे वाले, प्रदीप भट्टे वाले ने नव दंपतियों को आशीर्वाद स्वरूप उपहार दिए। आईआईए के चेयरमैन विपिन गुप्ता, सचिव श्रीश गुप्ता, भाजपा नेता भारत भूषण गुप्ता, राजीव मांगलिक, दर्शन सिंह खुराना, गुरजीत सिंह आहूजा, अशोक विश्नोई, वीरेंद्र गर्ग, सुनील गोयल ऊर्फ सोनी ताऊ ने मंच पर विचार व्यक्त किए। अंत में क्लब के सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। बरात और कार्यक्रम स्थल पर शांति व्यवस्था एवं सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल तैनात रहा। कार्यक्रम की व्यवस्था शलभ गोयल और छत्रपाल सिंह ने की। संचालन गौरव जैन ने किया।

दूल्हे और दुल्हनों के साथ मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

यह भी रहे मौजूद

इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष सोमेश अग्रवाल, सचिव राजेश गोएल, कोषाध्यक्ष सरदार हरजिंदर सिंह, मनोज गर्ग, हेमंत गर्ग, सुमित अग्रवाल, संजय गर्ग, संजय अग्रवाल, किशन मोहता, नितिन गोयल, व्योम गर्ग, सुनील भगत, भरत अग्रवाल, तीरथ सिंह, सुखवंत सिंह, सीपी अरोड़ा, मुकुल अग्रवाल, दीपक गोयल, हरीश गोयल, निखिल अग्रवाल,अमित अग्रवाल, शंकर केडिया, भास्कर अग्रवाल, संजय त्यागी, अरविन्द पांडेय, संजय कुमार, राजेन्द्र सैनी, मोहन सैनी, अंकुर सिंघल, मोहित बांगा, कुमुद जिन्दल,अमित रस्तोगी, नवीन अग्रवाल, रंजीत सिंह, राहुल कुमार, दीपक गुप्ता, मुकेश रस्तोगी, रविन्द्र पांडेय, अलका अग्रवाल, दीप्ति गोयल, रिंकी गोयल, तजिन्द्र कौर, कविता गोयल, सुखजिन्द्र कौर, आशा गोयल, शेफाली अग्रवाल, मनाली गोयल, नेहा अग्रवाल, रेनूका देवी, अंकित गर्ग, डा. बिजेंद्र कुमार, डा. नुपुर गुप्ता, राजीव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

बारात चढ़त के दौरान बग्घियों पर बैठे दूल्हे। ● अमृत विचार

बरात का आरंभ करते विधायक आकाश सक्सेना। ● अमृत विचार

शहर के बाजार राजद्वारा से गुजरती बरात। ● अमृत विचार

मानवीय मूल्यों के संस्थापक हैं परशुराम : मुनीश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिलाध्यक्ष मुनीश चन्द्र शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम में शास्त्र और शस्त्र का अद्भुत समन्वय था। वह केवल शस्त्र और शास्त्र के ज्ञाता ही नहीं बल्कि मानवीय मूल्यों के संस्थापक हैं। उनकी पूजा करने से धन और बल की प्राप्ति होती है। अक्षय तृतीया को अवतरित होने के कारण यह अबूझ तिथि मानी जाती है।

परशुराम मंदिर ज्वालानगर में विष्णु भगवान के छठे अवतार भगवान परशुराम की प्रतिमा के समक्ष जिलाध्यक्ष मुनीश चंद्र शर्मा, आरके पांडेय, सौरभ पाठक और विकास पांडेय ने दीप जलाकर पूजन-अर्चन किया। पंडित कपिल शर्मा ने वैदिक मंत्रों द्वारा पूजन कराया। बताया कि इस दिन कोई भी शुभ कार्य करने के लिए मुहूर्त निकलवाने की जरूरत नहीं होती। इस दिन किया हुआ जप-तप और दान अक्षय फल देता है। भगवान परशुराम केवल ब्राह्मण समाज के ही नहीं वरना संपूर्ण समाज के पूज्य माने जाते हैं। उन्होंने अन्याय और अत्याचार से मुक्ति दिलाने के लिए पृथ्वी को अनेक बार अततायियों से मुक्त कराया। हमें उनके आदर्शों को अपनाना चाहिए।

दोपहर में नगर अध्यक्ष विकास पांडेय के आवास पर राहगीरों को शरबत पिलाकर उनकी प्यास बुझाई। मनमोहन ने दीप जलाकर प्याऊ का आरंभ किया।युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अनुभव वशिष्ठ, सौरभ पाठक, विकास पांडेय, सूर्य प्रकाश शर्मा, शिव कुमार चंदन, सुधांशु पाराशरी, सात्विक भारद्वाज, विष्णु शर्मा, सुधा शर्मा, सुषमा पांडेय, राहुल भारद्वाज, गीतांश शर्मा, शिवांश गौड़ आदि ने सहयोग किया। अंत में आरती करके भोग लगाया और प्रसाद वितरित किया गया।

जयंती पर परशुराम के चित्र के आगे दीप प्रज्ज्वलित करते पदाधिकारी।

लोगों को शरबत बांटते बच्चे।

परशुराम जयंती पर बच्चों ने राहगीरों को पिलाया शरबत

रामपुर, अमृत विचार : अक्षय तृतीया के मौके पर बच्चों ने लोगों को शरबत पिलाकर पुण्य कमाया। बॉलीवुड टाउन रेस्टोरेंट पर भगवान श्री परशुराम जयंती एवं अक्षय तृतीया के उपलक्ष्य में शरबत वितरण किया गया। इस मौके पर चंद्रमौली शर्मा, अंजू शर्मा, संदीप शर्मा, संजय पाठक, अमित दीक्षित, सचिन त्रिवेदी, प्रिंस शर्मा, दीपक शर्मा, स्कंद शर्मा, सात्विक शर्मा, ओजस्विनी शर्मा आदि ने सेवा की।

अत्याचार के संहार का प्रतीक हैं भगवान परशुराम : आकाश

- राष्ट्रीय ब्राह्मण संघ के तत्वावधान में धूमधाम से मनाई परशुराम जयंती

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन मानवता के संरक्षण और पृथ्वी से अन्याय व अत्याचारियों के संहार का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने कहा कि आज प्रत्येक व्यक्ति को भगवान परशुराम से प्रेरित होकर समाज से अन्याय की समाप्ति का संकल्प लेना चाहिए।

राष्ट्रीय ब्राह्मण संघ की ओर से शुक्रवार को शिवि सिनेमा के सामने भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम से मनाई गई। मुख्य अतिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना ने भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम ने अस्त्र-शस्त्र उठाकर पृथ्वी से अन्याय व अत्याचार की समाप्ति का संकल्प लिया था। वह हमेशा न्याय के पक्षधर थे। आज भी उनके आदर्श और विचारधारा समाज को शक्ति देने का कार्य करते हैं। राष्ट्रीय ब्राहमण संघ के जिलाध्यक्ष राहुल शर्मा ने शहर विधायक को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। श्रृद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।

इस अवसर पर उत्तराखंड मठ मंदिर प्रमुख विकासानंद महाराज, अनिल वशिष्ठ, शैलेंद्र शर्मा, पारस मणि वशिष्ठ, अनुज भारद्वाज, प्रतीक शर्मा, परागमणि वशिष्ठ, शेखर शर्मा आदि उपस्थित रहे।

अक्षय तृतीया पर जैन समाज के लोगों ने की गाय की सेवा

संवाददाता, मसवासी

अमृत विचार : शुक्रवार को प्रथम जिनेश्वर आदिनाथ प्रभु के प्रथम पारणा दिवस (अक्षय तृतीया) के पावन पर्व पर (भगवान आदिनाथ के चिह्न बैल) कान्हा गोशाला मसवासी में जैन समाज के लोगों ने रस का वितरण किया। सभी को विदित है कि राजा श्रेयांश द्वारा प्रभु आदिनाथ को दीक्षा एवं तपस्या के उपरांत आहार दिया। इसके बाद चक्रवर्ती राजा भरत ने राजा श्रेयांश को सम्मानित किया था। इसीलिए यह अक्षय तृतीय पर्व के रूप मे जैन धर्म मनाता है। इस मौके पर रुचि जैन, राजीव जैन, अभिषेक जैन आदि मौजूद रहे।

गाय को गुड़ खिलाती महिला।

शोभायात्रा के दौरान मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

क्षत्रिय महासभा ने मनाई महाराणा प्रताप की जयंती

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में राष्ट्रनायक क्षत्रिय शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई। इस वर्ष हमारे ग्रामीण क्षेत्रों के ऊर्जावान युवाओं और वरिष्ठ कार्यकारणी के सदस्यों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह ने कहा कि सभी को राष्ट्रनायक क्षत्रिय शिरोमणि महाराणा प्रताप के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। इस मौके पर नगर अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष युवा अजय राठौर, जिला उपाध्यक्ष यतेंद्र सिंह, बीजेपी युवा जिलाध्यक्ष ऋषभ ठाकुर, जिला अध्यक्ष युवा अतुल कुमार सिंह, जिला महामंत्री युवा राकेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष युवा संजीव सिंह, कार्यक्रम के व्यवस्था प्रमुख अर्जुन सिंह और सोमवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

राहगीरों को शर्बत पिलाते लोग।

राहगीरों को बांटा जलजीरा

रामपुर, अमृत विचार : अक्षय तृतीया के अवसर पर जिले भर में लोगों ने स्टॉल लगाकर शरबत वितरण किया था। ताकि इस भीषण गर्मी में लोगों की सेवा हो सके।

इसी के चलते शुक्रवार को अक्षय तृतीया के मौके पर श्री श्याम मेडिकल एजेंसीज पर युवा कल्याण सेवा समिति की ओर से जल जीरा का वितरण करके लोगों की सेवा की। इसके अलावा मिस्टन गंज में दुर्गा स्वीट्स की ओर से दोपहर में लोगों को जलजीरे का वितरण किया गया। समिति अध्यक्ष अमन गर्ग, श्याम जैन, पंकज लोधी, प्रशांत गुप्ता, अनमोल सक्सेना, बृजेश शर्मा, सिद्धार्थ, अंकित,चेतन आदि मौजूद रहे।

अक्षय तृतीया पर हुआ 15 करोड़ का कारोबार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : अक्षय तृतीया पर बाजार गुलजार हो गए। जिले में देर शाम तक करीब 12 करोड़ रुपये का सोने, चांदी और वाहनों का कारोबार हुआ। इसके अलावा वाहन कारोबार तीन करोड़ रुपये होने का अनुमान है। कारोबारी बताते हैं कि पिछले वर्ष की अपेक्षा वर्ष कारोबार कम हुआ है। क्योंकि इस वर्ष शुक्र और बृहस्पति अस्त होने के कारण शादियां नहीं हो रही हैं।

पंरपरा के मुताबिक अक्षय तृतीया पर सोने-चांदी के जेवर खरीदना शुभ माना जाता हैं। लेकिन अब वाहनों समेत जरूरत के अन्य सामानों की खरीदारी भी जोर पकड़ने लगी है। दो और चार पहिया वाहनों को खरीदने के लिए सुबह से ही ग्राहक बाजारों में पहुंच गए। बहुत से ग्राहकों ने पहले से ही बुकिंग करा रखी थी। दोपहर बाद ज्वेलरी शोरूमों में भी ग्राहकों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। तमाम लोगों ने अन्य सामान भी खरीदा। देर शाम तक लोगों ने सोने-चांदी की खरीदारी की।

- लोगों ने 10 करोड़ की खरीदीं कार और बाइक
- ग्राहकों को देख कारोबारियों के खिले चेहरे

ज्वालानगर सराफा कमेटी के अध्यक्ष कमल रस्तोगी बताते हैं कि अक्षय तृतीया पर करीब 12 करोड़ की सोने और चांदी की ब्रिकी हुई है। बाइक वितरक निर्मल सिंह ने बताया कि उनके यहां 100 बाइक बिकी हैं। इसके अलावा वाहनों की भी करीब तीन करोड़ की बिक्री हुई है। जनपद की तहसीलों में अक्षय तृतीया पर काफी अच्छा करोबार हुआ है। क्योंकि गेहूं की कटाई बाद किसानों का सहालग है।

अक्षय तृतीया के मौके पर सोने की खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार

चेतावनी उद्योग व्यापार मंडल कार्यालय पर हुई बैठक

बिजली व्यवस्था नहीं सुधरी तो होगा आंदोलन

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार : उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि बिजली विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही के कारण लाइन में फाल्ट होते हैं। विद्युतापूर्ति सुचारु नहीं रहती। भीषण गर्मी में बिजली गुल रहने से हाहाकार मचा है। अधिकारियों ने अपने रवैये में सुधार नहीं किया तो आंदोलन किया जाएगा।

शुक्रवार को मोहल्ला खास स्वार स्थित कार्यालय में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि बिजली विभाग के अधिकारी मनमानी पर उतारु हैं। बिजली की अंधाधुंध कटौती की जा रही है। कभी पेड़ छांटने के नाम पर तो कभी तेज हवा चलने के नाम पर पूरे दिन बिजली गायब रहती है। इससे व्यापारी भी परेशान है। जनता भीषण गर्मी में बेहाल है। कहा कि अगर बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। अगर जरूरत पड़ी तो बिजली घर पर दरी बिछाकर धरना-प्रदर्शन करेंगे।

इस मौके पर नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली, प्रदेश संगठन मंत्री शिव औतार सक्सेना उर्फ मन्नू, उपाध्यक्ष अजेन्द्र राठौर, गुड्डू अली, सनव्वर अली, शाहजमान खां, संजय वाल्मीकि, गुड्डू हाफिज, फुरकान अली, कदीर भाई, फराज अहमद, वीरेंद्र राठौर, फेजान अली, इस्लाम भाई , टीटू आदि मौजूद रहे।

बैठक में मौजूद राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल एवं अन्य व्यापारी। ● अमृत विचार

नेहा यादव भाजपा समर्थन मंच की जिलाध्यक्ष बनीं

बिलासपुर, अमृत विचार : भाजपा नेत्री नेहा यादव को भाजपा समर्थन मंच के महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। यह नियुक्ति मंच के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष अमर सिंह द्वारा की गई है। उनसे संगठन की नीतियों व कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का आग्रह किया गया है।

पुरानी रामलीला रोड निवासी भाजपा नेत्री नेहा भाजपा महिला मोर्चा की नगर कार्यकारिणी में मीडिया प्रभारी भी हैं। अपने नए दायित्व के बाद उन्होंने कहा कि वह शीघ्र ही अपनी कार्यकारिणी की घोषणा करेंगी। उनका उद्देश्य पार्टी व मंच के कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करना है।

मंडल अध्यक्ष को फूलों की माला पहनाते एसोसिएशन के पदाधिकारी।

केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष का किया स्वागत

संवाददाता, स्वार

अमृत विचारः : नेपाल के लुम्बिनी में संपन्न आर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट उत्तर प्रदेश ओसीडीयूपी की बैठक हुई।

इसमें रामपुर फार्मा ट्रेडर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा को मुरादाबाद रीजन, बिजनौर संभल, अमरोहा और रामपुर का अध्यक्ष नियुक्त किया। इस मौके पर कैमिस्ट ड्रगिस्ट एसोसिशन स्वार के अध्यक्ष बाकर अली, महामंत्री मोहम्मद तारिक, कोषाध्यक्ष जैनुल बशर बब्लू ने दीपक शर्मा को उनके प्रतिष्ठान पर जाकर फूल मालाएं पहनाकर बधाई दी। इस मौके पर वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष खुर्शीद इकराम, महामंत्री मोहम्मद आजम खां आदि मौजूद रहे।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778)
योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778)
डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

एक नजर

हमीरपुर में अवैध क्लीनिक किया सील, रिपोर्ट दर्ज

भोजपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के ग्राम गोदी हमीरपुर में अवैध क्लीनिक सील किया गया है। दो दिन पहले एसडीएम सदर व मुख्य चिकित्सा अधिकारी विभागीय शिकायतों का निस्तारण करने आए थे। इस दौरान मुरादाबाद-काशीपुर हाइवे स्थित गोदी हमीरपुर में अवैध क्लीनिक का संचालन का पता। इसकी जांच पड़ताल में क्लिनिक अवैध निकला। मुख्य चिकित्सा अधिकारी की तहरीर पर थाना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह ने मुबारिक अली निवासी गोदी हमीरपुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

चोरी का खुलासा नहीं होने पर भाकियू का धरना आज

छज्जलैट, अमृत विचार : क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को लेकर भाकियू टिकैत आज छजलैट थाने के सामने धरना-प्रदर्शन करेगा। क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओं को लेकर किसानों में आक्रोश है। भाकियू ने छजलैट पुलिस को 11 मई तक का समय दिया था। भाकियू के मंडल उपाध्यक्ष चौधरी यशपाल सिंह ने कहा कि 11 मई को थाना छजलैट के सामने धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव डॉ. नौ सिंह, पंकज चौधरी, समरपाल सिंह, राहुल चौधरी, सचिन चौधरी सुरेंद्र सिंह सुमित चौधरी आदि उपस्थित रहे।

मतगणना को लेकर डीएम ने की वर्चुअल बैठक

मुरादाबाद, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर जिले आर ओ जिलाधिकारी ने एआरओ के साथ वर्चुअल बैठक की। जिसमें मतगणना को लेकर सभी एजेंटों के साथ कुशल व्यवहार करने और सतर्कता के साथ मतगणना कराने के लिए निर्देशित किया। शुक्रवार को तीन से छह बजे तक जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने लोकसभा चुनाव को लेकर छह विधानसभा के सभी एआरओ को जूम एप के माध्यम से मतगणना को लेकर जरूरी निर्देश दिए। जिसमें बिना पास के किसी भी एजेंट को प्रवेश न दिए जाने की बात कही। इसके अलावा मतगणना में पारदर्शिता बरतने और सतर्कता के करने निर्देशित किया। इसके बाद सोमवार को फिर सभी ए आरओ के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में जिला ग्राम्य अभिकरण परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्रा के द्वारा मतगणना को विस्तारपूर्वक जानकारी दी जाएगी।

धूमधाम से निकाली भगवान परशुराम की शोभायात्रा

शोभायात्रा का पुष्पवर्षा से किया गया स्वागत, भगवान गणेश का रथ रहा आकर्षण का केंद्र

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : नगर में शुक्रवार को ब्राह्मण समाज ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकाली। ब्राह्मणों ने शोभायात्रा में जयकारे लगाकर शंखनाद किया। शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

बाबूराम शर्मा क्षेत्रीय ब्राह्मण धर्मशाला बिशनपुरा से शोभायात्रा शुरू हुई। जिसमें भगवान गणेश का रथ और परशुराम की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। भगवान परशुराम-सहस्त्रार्जुन युद्ध, परशुराम तपस्या, मां सरस्वती की झांकियों का भी प्रदर्शन किया। शोभायात्रा का कई स्थानों पर पुष्पवर्षा और जलपान से स्वागत किया। शोभायात्रा बाबूराम शर्मा धर्मशाला से प्रारंभ होकर रामलीला मंदिर, बस स्टैंड, मेन बाजार, नेता उपदेश चौराहा, सैनी धर्मशाला, मोहल्ला पट्टीवाला, रविदास मंदिर (धर्मशाला) होते हुए गंतव्य पर पहुंचकर संपन्न हुई। भावेश शर्मा के नेतृत्व में निकली शोभायात्रा का स्वामी प्रणवानंद महाराज, सचिन चौहान उर्फ बंटी, अभय विश्नोई, सुशील मणि गुप्ता ने स्वागत किया। व्यवस्था में अनुजा शर्मा, अंकुर शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, रतेश शर्मा, अनिल शर्मा, यतेंद्र शर्मा, विनय कुमार शर्मा एवं कुलदीप कौशिक, आकाश शर्मा, जितेंद्र शर्मा, राजीव शर्मा शामिल रहे।

कांठ में शोभायात्रा में शामिल भगवान गणेश का रथ। ● अमृत विचार

ठाकुरद्वारा के खाकेश्वर मंदिर में यज्ञ करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

विभूतियों को किया सम्मानित

कांठ, अमृत विचार : शुक्रवार को पंडित बाबूराम शर्मा क्षेत्रीय ब्राह्मण धर्मशाला बिशनपुरा में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा द्वारा अक्षय तृतीया पर ब्राह्मण समाज के लोगों ने क्षेत्र की विभिन्न विभूतियों, सम्मानित व्यक्तियों, अतिथियों, मीडिया कर्मियों, महिलाओं, ब्राह्मण समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं, युवक और युवतियों को सम्मानित किया। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष भावेश शर्मा ने बताया कि वह सदैव ब्राह्मण व सर्व समाज के लिए समर्पित रहेंगे।

जीवन से प्रेरणा लेने का किया आह्वान

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : श्रीराम गायत्री ज्ञान मंदिर में भगवान परशुराम जन्म उत्सव व अक्षय तृतीया को लेकर बैठक हुई। इसमें भगवान परशुराम के जीवन दर्शन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। बताया कि अक्षय तृतीया के दिन भगवान परशुराम का जन्म होने से तिथि का महत्व बढ़ गया। इस दिन कोई भी शुभ कार्य बिना किसी मुहूर्त में किया जा सकता है। अक्षय तृतीया के दिन सोना आदि खरीदने को शुभ माना जाता है। इस दिन गो सेवा और पौधरोपण का धार्मिक व अध्यात्मिक महत्व है। बैठक में अब्दुल्लापुर लेदा में बनी नई गोशाला में गोसेवा व पौधरोपण का निर्णय लिया। बैठक में राजकुमार गांधी, डॉ. मोनिका अग्रवाल, पियूष अग्रवाल, दीपक वाल्मीकि, तुषार अग्रवाल, षिवेंद्र गुप्ता, भारत सिंह, डॉ. ओमपाल सैनी आदि थे।

जन्मोत्सव पर यज्ञ और सुंदरकांड का पाठ

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : नगर व देहात क्षेत्र में ब्राह्मण समाज के लोगों ने भगवान परशुराम के जन्म उत्सव पर यज्ञ, सुंदरकाण्ड का पाठ व भंडारा किया। शुक्रवार को बड़ा बाजार स्थित खाकेश्वर मंदिर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर पंडित संजय शर्मा ने विधि विधान से यज्ञ कराया। पंडित धनेंद्र शर्मा, पंडित अनुज शर्मा ने भगवान परशुराम के जीवन चरित्र पर विस्तार से चर्चा की। कहा कि अब समय आ गया है ब्राह्मण समाज को एक सूत्र में बांधने का। इसके बाद ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने मंदिर परिसर में सुंदरकांड का पाठ किया और आरती के पश्चात भंडारे का आयोजन किया। कार्यक्रम में पंडित विवेक शर्मा, राजेंद्र शर्मा, दिनेश पुठिया, विशाल पुठिया, सुनील पुठिया, आशीष मिश्रा, राजेंद्र पांडे, शरद पुठिया, पंडित नंदकिशोर, इलू शर्मा, अंकुर शर्मा नवनीत शर्मा आदि ने भाग लिया।

मारपीट और गाली गलौज में चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

कुंदरकी, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के तहत कई दिन पहले हुए झगड़े में पुलिस ने एक पक्ष की शिकायत पर चार लोगों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रीतम सिंह पुत्र शीशपाल निवासी ग्राम कमालपुर फतेहाबाद के अनुसार वह 3 मई की सुबह बाइक लेकर कचहरी जा रहा था तभी गांव का अमित वहां पर आ गया और गाली देने लगा। तब वह वहां से अपनी बाइक लेकर अपने दूसरे घर को आ गया था। तभी पीछे से अमित उसके घर तक आ गया और उसके पीछे मुकेश, मनोहर और अनुज लाठी-डंडे और सरिया लेकर वहां आ गए। इसका विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की और बचाने आए दो अन्य लोगों को भी पीटकर घायल कर दिया। शोर होने पर आरोपी धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। जानकारी मिली है कि दूसरे पक्ष ने भी प्रीतम सिंह और अन्य के खिलाफ भी थाने में तहरीर दी है।

प्रभात फेरी निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

जन्मोत्सव पर निकाली प्रभात फेरी

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर ब्राह्मण समाज के लोगों ने शुक्रवार सुबह प्रभात फेरी निकाली।

मोहल्ला बिशनपुरा स्थित पंडित बाबूराम शर्मा क्षेत्रीय ब्राह्मण धर्मशाला से प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभातफेरी का सोनू विश्नोई, सरदार सनी, सुशील मणि गुप्ता, रामनरेश चौहान, शेखर वर्मा, रानी वर्मा ने जलपान कराकर स्वागत किया। प्रभात फेरी में महिलाएं व पुरुष भगवान परशुराम का भजन कीर्तन करते हुए चल रहे थे। मौके पर प्रभात फेरी संयोजिका अनुज शर्मा, मंजू शर्मा, चंद्र सुमन शर्मा, दिया शर्मा, मनोरमा शर्मा, सुनीता शर्मा, अनीता शर्मा, सुनीता शर्मा, मीनू शर्मा, माया शर्मा, पूनम शर्मा, रितिका शर्मा, यशिका शर्मा, विनीत शर्मा, अनंत शर्मा, रजत शर्मा, सत्य प्रकाश शर्मा, आकाश शर्मा, विनायक शर्मा, अमित कौशिक, संजय कौशिक, सार्व शर्मा, राजीव शर्मा, रितेश शर्मा, दीपक शर्मा, रोहित शर्मा, आदि लोग उपस्थित रहे।

शोभायात्रा की झांकियों ने मोहा मन

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : प्राचीन मंदिर रायसत्ती से भगवान परशुराम की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में कई झांकियां और मां महाकाली का अखाड़ा आकर्षण का केंद्र रहा।

शुक्रवार को शोभायात्रा का आरंभ भगवान परशुराम की आरती से हुआ। आचार्य ओम शास्त्री महाराज ने आरती कराई। शोभायात्रा में माता महाकाली के अखाड़े आकर्षण का केंद्र रहे। हनुमान जी, राधा-कृष्ण की झांकी के कलाकारों ने मन मोह लिया। मां महाकाली के अखाड़े का नेतृत्व श्रीगंगा महाकाली अखाड़ा ने किया। इस मौके पर पंडित रामनिवास शर्मा, रामबाबू पांडे, अखिलेश पांडे, मानस पांडे, पंकज चौहान, अखिलेश श्रीवास्तव, राजू गुप्ता, सूरज शर्मा, धर्मेंद्र गांधी, विकास गुप्ता रहे। शोभायात्रा मंदिर से प्रारंभ होते हुए रैली चौक, सराफा बाजार, गांधी आश्रम, नई सड़क, गांधी मूर्ति, कोतवाली, महाराणा प्रताप चौक से होते हुए मंदिर पोड़ा खेड़ा पर संपन्न हुई। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रामनिवास शर्मा के नेतृत्व में शोभायात्रा निकाली गई। डॉ. विश्वास शर्मा, राजीव शर्मा, रामबाबू पांडे, देवेश शर्मा, मोहनलाल शर्मा, पंडित जगत नारायण शर्मा, पवन कुमार शर्मा, अशोक कुमार श्रुति, पंडित विनोद कुमार मिश्रा, सूरज शर्मा, कपिल पाराशरी, संजय शर्मा, अखिलेश पांडे, दुष्यंत चौहान रहे।

भगवान परशुराम की शोभायात्रा के दौरान मौजूद लोग। ● अमृत विचार

मां काली के स्वरूप के साथ खड़े लोग।

सार संक्षेप

डीएलएड प्रशिक्षुओं ने देखे मसूरी के दर्शनीय स्थल

कांठ, अमृत विचार : डायट के डीएलएड प्रशिक्षुओं ने शैक्षिक भ्रमण के तीसरे दिन मसूरी में कैम्प्टी फाल, गांधी प्रतिमा का भ्रमण किया। इस अवसर पर डॉ. अनिल कुमार यादव, अभिषेक भारद्वाज, डॉ. टीना वर्मा, डॉ. सुनील कुमार, शीतल कुमार, डॉ. नेहा इकबाल, आशुतोष त्यागी, डॉ. लोकेंद्र विश्वकर्मा रहे। प्रशिक्षुओं में लवकुश, अमन मंसूरी, बिंदेश्वर प्रजापति, पुनीत कुमार, अभिषेक कुमार, शुभम चौहान, मोहित कुमार सागर, जयवीर प्रताप सिंह, चित्रा भारती, सुमैना, अंशिका रानी, कनिष्का, प्राची सिंह मौजूद रहे।

दहेज हत्या में पति को आजीवन कैद की सजा

मुरादाबाद, अमृत विचार : दहेज हत्या मामले में दोषी अर्जुन पुत्र राजाराम को न्यायालय ने शुक्रवार को आजीवन कारावास और 25,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अभियुक्त ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के रतुपुरा का रहने वाला है। इसके विरुद्ध बिजनौर जिले के थाना अफजलगढ़ के गांव न्योदारी के मदन सिंह ने वर्ष 2019 में ठाकुरद्वारा थाने में दहेज हत्या के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें छह लोग नामजद थे। इनमें राजाराम और इनके बेटे अर्जुन, दिनेश, विनोद, बिट्टू और पत्नी नामजद थे। मदन सिंह ने पुलिस को बताया था कि उन्होंने अपनी बेटी मोनी (25) की शादी 2014 में अर्जुन के साथ की थी। दहेज के लालच में ससुराल वालों ने उनकी बेटी को प्रताड़ित किया था। 30 अगस्त 2019 की रात में उसकी गला घोटकर हत्या कर दी थी।

14 शिक्षक बरेली में होंगे सम्मानित

कांठ, अमृत विचार : पारस एजुकेशनल सोसायटी उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में बरेली में आयोजित कार्यक्रम में 26 मई को मुरादाबाद के 14 शिक्षक दीपा सिंह, भुवनेश कुमारी, पल्लवी शर्मा, अमित तोमर, नीतू सहरावत, श्वेता दुहण, दीप शिखा, योगिता, सीमा देवी, गीतांजलि दक्ष, अक्षय कुमार, दिनेश मोहन, रेनू यादव, सुनीता बन को बरेली में उत्तर प्रदेश पारस रत्न सम्मान 2024 से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्र में योगदान देने के लिए दिया जाएगा। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों से भी 111 शिक्षक साहित्यकार एवं खिलाड़ी सम्मानित होंगे।

गर्मी में राहगीरों को पिलाया शरबत

कुंदरकी, अमृत विचार : शुक्रवार को सैफियों वाली पुलिया पर गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन की ओर से राहगीरों को शरबत पिलाया। संस्था के नगर अध्यक्ष अरकान कादरी ने बताया कि संस्था का कार्य परेशानी में लोगों की मदद करना है। इस मौके पर गुलाम नबी अत्तारी, नबाब भाई, फरजंद अली, मोहम्मद आलम, नावेद साबरी, गोसे अत्तारी, कासिम अत्तारी, मोहम्मद नसीम, मोहम्मद भूरे, मोहम्मद शाहिद, अमन, इमरान अत्तारी मौजूद रहे।

रक्तदान करके चार माह के बच्चे की बचाई जान

कुंदरकी, अमृत विचार : हाफिज शान ए रब ने रक्तदान कर चार माह के बच्चे की जान बचाई। गौरतलब है कि शान ए कुंदरकी के सदस्य समय-समय पर ब्लड डोनेट कर लोगों की मदद करते हैं। बताया कि चार महीने का सुफियान पुत्र शाकिर निवासी मोहल्ला तकिया को ब्लड की जरूरत है। बच्चे के पिता ने शान ए कुंदरकी ग्रुप डोनेशन के संस्थापक मोहम्मद रिजवान अल्वी अशरफी से संपर्क किया था। उन्होंने मोहम्मद हफीज शान ए रब को मुरादाबाद भेजा रक्तदान करने के लिए कहा था।

ब्लड डोनेट करते हाफिज शान ए रब।

चंचल कुमार शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत

डिलारी, अमृत विचार : गांव गोविंदपुर में हुई बैठक में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के सदस्य मौजूद रहे। बैठक के बाद हवन कर परशुराम जयंती मनाई। इससे पहले ब्राह्मण सभा के पदाधिकारियों ने भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण किया। बैठक में महासभा के गठन का विस्तार करते हुए चंचल कुमार शर्मा को ब्लॉक डिलारी का अध्यक्ष, योगेश कुमार शर्मा को उपाध्यक्ष, योगेंद्र कुमार शर्मा को महामंत्री, मुरारी लाल शर्मा को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया। बैठक की अध्यक्षता पंडित ओमप्रकाश शर्मा ने की। संचालन डॉ. अनुपम शर्मा ने किया। इस मौके पर मनोज कुमार शर्मा, प्रभात कुमार शर्मा, विशाल शर्मा, गिरिराज शर्मा, नरेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

ओडीएफ प्लस की कार्यशाला आयोजित

डिलारी, अमृत विचार : शुक्रवार को ब्लॉक डिलारी के सभागार में कार्यशाला हुई। जिसमें ग्राम पंचायत की साफ सफाई के बारे में विस्तार से बताया। ओडीएफ प्लस कार्यशाला में कहा कि पंचायत राज विभाग के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में खंड विकास की चयनित ग्राम पंचायत राजस्व ग्रामों की स्वच्छता कार्य योजना सही प्रकार से बनाई जाए। कार्यशाला में जिला सलाहकार सुधीर कुमार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण मुरादाबाद, एडीओ पंचायत चंद्रपाल सिंह ने कार्यशाला में उपस्थित ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी और इंजीनियरों को सफाई को लेकर प्रशिक्षण दिया।

पुलिस क्षेत्राधिकारी को सम्मानित करते व्यापारी। ● अमृत विचार

व्यापारियों ने क्षेत्राधिकारी, एसडीएम को किया सम्मानित

बिलारी, अमृत विचार : पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बिलारी, कुंदरकी में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने पर उप जिलाधिकारी मणि अरोड़ा एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार को सम्मानित किया। इस दौरान आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करने वालों में व्यापार मंडल के ध्रुव शर्मा, केके गुप्ता, श्रीकांत गुप्ता, महेश गुप्ता, सुनील आर्य, नरेश गुप्ता, अजय अग्रवाल, नितिन गुप्ता मौजूद रहे।

सीएचसी में दवा लेने आई महिला ने किया हंगामा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- **महिला ने चिकित्सक पर लगाए आरोप, फोन कर किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं को बुलाया**

> महिला अस्पताल में दवा लेने आई थी। बार-बार वह एक्स रे कराने के लिए दबाव बना रही थी। जिस पर चिकित्सक ने कहा कि पहले एक-दो दिन दवा खाएं। उसके बाद आराम नहीं मिलने पर एक्स रे कराया जाएगा, लेकिन महिला ने हंगामा शुरू कर दिया। बाद में समझाकर मामला शांत कराया।
>
> **-डॉ. राजपाल सिंह सैनी, चिकित्सा अधीक्षक, सीएचसी ठाकुरद्वारा**

अमृत विचार : नगर के सरकारी अस्पताल में दवा लेने गई महिला ने चिकित्सक पर अभद्रता का आरोप लगाकर हंगामा किया। महिला ने किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं को फोन कर अस्पताल में बुला लिया। जिस पर काफी देर तक अस्पताल में हंगामा होता रहा। किसी तरह महिला और उसके परिजनों को समझाकर मामला शांन्त किया। महिला के भाई ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की।

मोहल्ला बहेड़ावाला वार्ड 07 निवासी शबनम पत्नी इस्लाम हुसैन अपने मोहल्ले की शमसीदा पुत्र शाहिद हुसैन के साथ शुक्रवार को सरकारी अस्पताल में एक्स रे कराने के लिए आई थी। जहां शबनम ने बताया कि एक्स रे कराने के लिए पर्ची बनवाकर चिकित्सक के पास पहुंची तो चिकित्सक ने महिला को दवा पर्चे पर लिखकर दे दी। महिला वह पर्ची लेकर एक्स रे रूम में पहुंची। वहां मौजूद चिकित्सक ने फिर से महिला को पर्ची पर एक्स रे कराने के लिए चिकित्सक के पास भेज दिया। महिला ने चिकित्सक से पर्ची पर एक्स रे लिखने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। जिस पर चिकित्सक ने कहा कि एक-दो दिन दवा खाएं जरूरत होगी तो एक्स रे कर देंगे। लेकिन महिला हंगामा करने लगी। चिकित्सक ने महिला को कक्षा से बाहर जाने की बात कही। तब महिला ने फोन कर कुछ लोगों को बुला लिया। महिला ने अपने भाई भाकियू लोक शक्ति के आरिफ को पूरी बात बताई। महिला के साथ उसका भाई दूसरे नेता आसिम हुसैन को लेकर सरकारी अस्पताल पहुंचा। जहां पर महिला ने चिकित्सक पर उनके रूम में फिर से अभद्रता का आरोप लगाकर हंगामा किया। जिसको लेकर दोनों ओर से नोकझोंक हुई। जहां पर चिकित्सक व अस्पताल के अन्य स्टाफ ने महिला और किसान नेताओं को समझाकर मामला शांत किया। इसके बाद महिला के भाई किसान नेता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर चिकित्सक के खिलाफ शिकायत दर्ज करा कार्रवाई की मांग की।

लिंक एक्सप्रेस से कटकर युवक की मौत

भगतपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव बुढानपुर अलीगंज निवासी युवक आदिल 20 पुत्र भूरा की रामनगर दिल्ली लिंक एक्सप्रेस से कटकर मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे काशीपुर की दिशा से आ रही लिंक एक्सप्रेस की चपेट में आने से युवक की मौत हुई। परिजनों के अनुसार मृतक आदिल हैदराबाद में सैलून पर बाल बनाने का कार्य करता था। वह बीते सप्ताह ही अपने घर आया था। शुक्रवार सुबह से वह अपने घर से घूमने के लिये निकला था। गांव के पास रेलवे ट्रैक पर पुलिया के पास युवक का शव ट्रेन से कटा पड़ा था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बेटे की मौत से मां बदहवास है और परिजनों का बुरा हाल है।

मंगेतर ने बनाए संबंध, 10 लाख न देने पर निकाह से इनकार

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

शर्मनाक

- **डेढ़ माह की गर्भवती हुई युवती, पुलिस को दी तहरीर**
- **निकाह के लिए कहा तो झूठे मुकदमे में फंसाने की दी धमकी**

अमृत विचार : नगर के एक मोहल्ले के निवासी युवती ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि उसका रिश्ता करीब एक वर्ष पहले उत्तराखंड के थाना जसपुर के गांव महुआ डाबरा निवासी खलेरे भाई के साथ हुआ था। रिश्ते के समय उन्होंने कहा था कि निकाह डेढ़ वर्ष के बाद करेंगे क्योंकि युवक एक साल के लिए सऊदी अरब जाएगा। इस शर्त पर रिश्ता तय हो गया।

युवती का कहना है कि चार महीने पहले मंगेतर शाहिद सऊदी अरब से लौट आया। उसका घर पर आना जाना था। इस दौरान उसने रिश्ते का हवाला दिया और शारीरिक संबंध बनाए। इससे वह गर्भवती हो गई। जब मेरे परिजनों ने मई के अंतिम सप्ताह में शादी की बात कही तो उन्होंने 10 लाख रुपये की मांग शुरू कर दी। कहा कि 10 लाख रुपये देने के बाद ही शादी करेंगे। जब उन्हें मेरे गर्भवती होने का पता चला तो उन्होंने गर्भपात के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया। युवती का कहना है कि जब उसने मंगेतर से कहा तो उसने भी यही कहा। मंगेतर के परीजनों ने चेतावनी दी कि यदि दोबारा शादी की बात कही तो हम तुझे जान से मार देंगे और झूठे मुकदमे में फंसा देंगे। युवती ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्वाई की मांग की है।

खेत की कोठरी का ताला तोड़कर सामान चोरी

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : खेत की कोठरी का ताला तोड़ पाइपलाइन व अन्य सामान चोरी के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। घटना 10 दिन पहले की है। अब पीड़ित किसान ने कोतवाली प्रभारी को पुन: तहरीर देकर कार्रवाइ की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव माधोवाला निवासी कुलदीप सिंह पुत्र रामस्वरूप सिंह ने दिए शिकायती पत्र में कहा है कि उसके खेत पर एक कोठरी बनी हुई है। 30 अप्रैल की रात कोतवाली क्षेत्र के गांव कमलापुरी निवासी दो लोगों ने कोठरी का ताला तोड़कर 1300 फीट पाइप लाइन, 35 फीट कॉपर का तार काट चोरी कर लिया था, जिसकी कीमत 19 हजार रुपये है। इसकी एक मई को पुलिस को तहरीर दी थी। तहरीर की सूचना पर कमलापुरी निवासी आरोपी युवक ने मालपुरी के ग्राम प्रधान के सामने कहा था कि वह उसकी रकम वापस कर देगा। जिसमें उसने पांच हजार रुपये दे दिए। शेष राशि एक-दो दिन में देने का वादा किया था। आरोप है कि जब नौ तारीख को वह रुपये लेने गया तो आरोपी ने मारपीट की और धमकी दी। पीड़ित किसान कुलदीप सिंह ने पुलिस को फिर से तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

हादसे के 10 दिन बाद अज्ञात ट्रक चालक पर रिपोर्ट

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : ट्रक के कार में टक्कर मारने और हादसे में चार लोगों के घायल होने के मामले में पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। बता दें कि दिल्ली के किदवई नगर निवासी शजी पुत्र कुनजप्पन ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह एक मई को परिवार के साथ कार से जिम कॉर्बेट घूमकर दिल्ली जा रहे थे। इस दौरान ठाकुरद्वारा-करनपुर मार्ग पर स्थित रूपपुर टंडोला के निकट ट्रक ने उनकी कार में टक्कर मार दी थी। इस हादसे में एरोन शाजी, चिराईल पुत्र शहाजी व लवली शाजी पत्नी शाजी व वरगिस पुत्र जार्ज, शुभा के पत्नी वरगिस घायल हो गए थे। घायलों को उत्तराखंड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। अब पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

स्वास्थ्य सीएचसी के चिकित्सकों ने बच्चों पर विशेष ध्यान देने को कहा

बुखार और उल्टी-दस्त का बढ़ा प्रकोप

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : गर्मी की तपिश दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। इस कारण संक्रामक रोगों ने पैर पसारने शुरू कर दिए हैं। सरकारी और निजी अस्पतालों में बुखार, उल्टी और दस्त के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। चिकित्सक मरीजों को स्वास्थ्य के प्रति खानपान में एहतियात बरतने व सतर्क रहने की सलाह दे रहे हैं।

मई का महीना शुरू होने के बाद से ही मौसम का मिजाज तेजी से बदलना शुरू हो गया। सुबह से ही चिलचिलाती धूप से लोग पसीने में तरबतर हो रहे हैं। वहीं रात में मौसम में ठंडक महसूस हो रही है, ऐसे मौसम के कारण कई बीमारियां भी पनप रही हैं। इससे सबसे ज्यादा परेशानी मजदूरों को उठानी पड़ रही है। जरा सी लापरवाही के कारण बुखार, उल्टी और दस्त की चपेट में लोग आ रहे हैं। शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठाकुरद्वारा में मरीजों की भीड़ उमड़ी। वहीं निजी अस्पतालों में हालात कुछ ऐसे ही हैं। शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में छह लोगों को भर्ती किया। शुक्रवार को 235 रोगियों ने पंजीकरण कराया। सीएचसी के चिकित्सा प्रभारी डॉ. राजपाल सिंह सैनी ने बताया कि गर्मी में बाहर का खाना न खाएं। फास्ट फूड, मिर्च-मसाले और चिकनाई से परहेज करें। तले-भुने भोजन से बचें। घर से पानी पीकर ही बाहर निकलें। पानी उबालकर ठंडा करके पिएं। दोपहर के समय तेज धूप में न निकले। गर्मी में लापरवाही पर बच्चों को डायरिया व दस्त की बीमारियां बढ़ जाती हैं। परेशानी होने पर तुरंत चिकित्सक की सलाह लें।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीज। ● अमृत विचार

दहेज उत्पीड़न व हत्या के प्रयास में पांच पर रिपोर्ट

कांठ, अमृत विचार : दहेज की मांग, छेड़छाड़ और हत्या के प्रयास के आरोप में पुलिस ने दो महिलाओं सहित पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी युवती का निकाह 19 जून 2022 को जनपद अमरोहा के ग्राम ककराली माफी निवासी अब्दुल मुतालिब पुत्र नईम अहमद के साथ हुआ था। निकाह के बाद से महिला का पति दो लाख रुपये नकद एवं कांठ में भूखंड की मांग कर रहा था। महिला का कहना है कि जेठ सलीम छेड़छाड़ करता था। जब विवाहिता ने विरोध किया तो मारपीट की। शिकायत करने पर ससुराल वालों ने जान से मारने का प्रयास किया। बाद में महिला के मायके वाले उसे घर ले आए। उसने शुक्रवार को थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह को जानकारी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो महिलाओं सहित पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एक नजर

जिला संयोजक डॉ. शांतिभूषण वर्मा योगराज सिंह को मनोनयन पत्र देते हुए।

शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष बने योगराज सिंह

मुरादाबाद, अमृत विचार : मूंढापांडे के गणित के एआरपी व प्रधानाध्यापक योगराज सिंह को उनकी कर्मठता व शिक्षकों के प्रति समर्पण भाव को देखते हुए उन्हें राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ प्राथमिक संवर्ग का मूंढापांडे ब्लाक का अध्यक्ष (संयोजक) बनाया गया। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला संयोजक डॉ. शांतिभूषण वर्मा ने उन्हें मनोनयन पत्र सौपा। उन्होंने बताया कि शिक्षकों की समस्याओं का निस्तारण कराने के साथ ही शिक्षकों को संगठन से जोड़कर संगठन को मजबूती प्रदान करना उनका उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि शिक्षक हितों के लिए हर स्तर की लड़ाई लड़कर शिक्षकों से जुड़े मुद्दों पर आवाज बुलंद की जाएगी। उनके मूढापांडे के ब्लॉक संयोजक बनने पर शिक्षकों ने हुए उन्हें फोन पर बधाई दी गई।

फर्जी मतदान मामले में शिक्षामित्र बर्खास्त, प्रधानाध्यापक निलंबित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मतदाता सूची में नाबालिग लड़की का नाम किया था शामिल

अमृत विचार: संभल लोकसभा सीट पर 7 मई को मतदान के दिन कुंदरकी विधानसभा के छतरपुर में एक 12 वर्षीया लड़की द्वारा मताधिकार का प्रयोग करने के वायरल वीडियो की जांच में पुष्टि होने पर जिलाधिकारी ने बड़ी कार्रवाई की है। बीएलओ ड्यूटी में लगे शिक्षामित्र को बर्खास्त करने के अलावा सुपरवाइजर प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया है।

लोकसभा क्षेत्र संभल के मतदान के दौरान 7 मई को कुंदरकी विधानसभा के ग्राम छतरपुर में बने बूथ संख्या 398 में एक 12 वर्षीय लड़की द्वारा मताधिकार का प्रयोग करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम की जांच रिपोर्ट में बीएलओ शिक्षामित्र समद खान, सुपरवाइजर जर्रार हुसैन, मोहम्मद हनीफ कूटरचित आधार कार्ड बनवाने और उसके आधार पर नाबालिग फरीन का नाम मतदाता सूची में शामिल करने के दोषी पाए गए।

जिलाधिकारी ने रिपोर्ट के आधार पर अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम को मामले में सहयोगी मोहम्मद हुसैन व बीएलओ समद खान के विरुद्ध तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराने और जिला बेसिक शिक्षाधिकारी अजीत कुमार को बीएलओ/शिक्षा मित्र समद खान की सेवा समाप्त करने, सुपरवाइजर/प्रधानाध्यापक कम्पोजिट प्राथमिक विद्यालय ढकिया ब्लाक कुंदरकी जर्रार हुसैन को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करने के आदेश दिए। इसके अलावा बीएलओ शिक्षामित्र समद खान, सुपरवाइजर जर्रार हुसैन प्रधानाध्यापक और मोहम्मद हनीफ निवासी ग्राम छतरपुर कुंदरकी के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है।

दीवार व लोहे के गेट आदि नगर निगम टीम ने जब्त किया, सोनकपुर में चहारदीवारी को जेसीबी से तोड़ा

सिविल लाइंस में दुकानदारों का अवैध निर्माण किया ध्वस्त

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- नगर निगम ने साइड बेल्ट व फुटपाथ पर किए अतिक्रमण को जेसीबी से ध्वस्त कराया
- अपर नगर आयुक्त के निर्देश पर प्रवर्तन दल की टीम ने चिह्नित अतिक्रमण को ध्वस्त किया

अमृत विचार: अपर नगर आयुक्त व नोडल अधिकारी अतिक्रमण अजीत कुमार के नेतृत्व में टीम ने शुक्रवार को सिविल लाइंस में स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत बनवाए साइड बेल्ट व फुटपाथ पर किए अतिक्रमण को जेसीबी से ध्वस्त कराया। साथ ही सोनकपुर में नगर निगम की भूमि पर कब्जा कर बनवाए गए बाउंड्री वाल को भी जेसीबी से ध्वस्त कराया गया।

स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से सिविल लाइंस स्थित मंदिर के निकट बने साइड बेल्ट, फुटपाथ पर स्थानीय दुकानदारों व भवन स्वामियों ने दीवार व लोहे के गेट और जनरेटर रखने के लिए लोहे का जाल लगवाकर अतिक्रमण कर रखा था। शुक्रवार को अपर नगर आयुक्त के निर्देश पर प्रवर्तन दल की टीम ने चिह्नित अतिक्रमण को ध्वस्त कराकर सामान को जब्त कर लिया। भवन स्वामियों के द्वारा फुटपाथ पर बनवाए स्थाई दीवार को भी टीम ने ढहा दिया। दुकानदारों को चेतावनी दी कि दोबारा ऐसा करने पर कड़ी कार्रवाई कर जुर्माना भी वसूला जाएगा।

इसी क्रम में प्रवर्तन दल की टीम ने अपर नगर आयुक्त व नोडल अधिकारी अतिक्रमण के आदेश पर सोनकपुर में पहुंची। यहां पर नगर निगम की भूमि गाटा संख्या 22 पर 2750 वर्गमीटर पर कब्जा कर बनवाई गई चहारदीवारी को जेसीबी से ध्वस्त कराया। आसपास के लोगों को भी टीम ने निगम की जमीन पर अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी। इसी क्रम में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील कुमार दोहरे के निर्देश पर टीम ने रोस्टर प्लान के अनुसार वार्ड 5 मऊ स्थित नाले की जेसीबी व छोटी पोकलैन मशीन से तलीझाड़ सफाई कराई। नाले से निकले सिल्ट को तत्काल हटवाया। वार्ड 2 मधुबनी में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए सफाई कराकर एंटीलार्वा का स्प्रे कराया। स्टेशन रोड पर लगे डिवाइडरों की सफाई भी टीम ने कराई।



अतिक्रमण के दायरे में लगे गेट को तोड़ती नगर निगम की जेसीबी। ● अमृत विचार

मंडी समिति में कराई सफाई

नगर निगम की टीम ने मंडी समिति में मोबाइल टॉयलेट व कचहरी परिसर के सेप्टिक टैंक की सफाई सक्शन मशीन से कराई। साथ ही वार्ड 1, 16, 25, 39, 54, 57 आदि में पेयजल की पाइप लाइन में लीकेज की मरम्मत कराया। वार्ड 40 व 47 में पानी न आने की शिकायत का निस्तारण कराया। पथ प्रकाश अनुभाग की ओर से वार्ड 7, 15, 18, 31, 64, 70 में कुल 72 एलईडी लाइटों की मरम्मत कराने के साथ ही लाइन फाल्ट को भी ठीक कराया।

कॉर्नेलिया डिलेंज सिंड्रोम से पीड़ित बच्चा मिला

मुरादाबाद, अमृत विचार: जनपद में बच्चों की बेहद दुर्लभ बीमारी मानी जाने वाली कॉर्नेलिया डिलेंज सिंड्रोम से पीड़ित बच्चा सामने आया है। शारीरिक विकास अवरुद्ध होने, चेहरे की अजीबोगरीब बनावट होने के साथ ही दस्त से संबंधी समस्याओं से पीड़ित इस बच्चे को निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है।

दुर्लभ बीमारी से पीड़ित होने के अंदेशे में दिल्ली स्थित जेनेटिक लैब से जांच कराई। जिसकी रिपोर्ट में बच्चे के इस बीमारी से पीड़ित होने की पुष्टि हुई। आईएमए मुरादाबाद के अध्यक्ष व बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि गंगल ने बताया कि क्रोमोसोमल जांच से ही इस बीमारी का पता चल सकता है। इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक (आईएपी) के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. शलभ अग्रवाल ने बताया कि अधिकतर चिकित्सकों को इस बीमारी के बारे में उतनी ही जानकारी है कोई केस सामने नहीं आने से मरीज के लक्षणों और इलाज से संबंधित व्यावहारिक अनुभव नहीं हो सका है। डॉ. रवि गंगल ने बताया कि कॉर्नेलिया डिलेंज सिंड्रोम से पीड़ित बच्चे का चेहरा सामान्य लोगों के मुकाबले बिल्कुल अलग दिखाई देता है। बीमारी के चलते उसका शारीरिक विकास बुरी तरह बाधित हो जाता है।

स्मार्ट सिटी के कार्यों में लापरवाही पड़ रही भारी

व्यापारियों के नुकसान के चलते नगर विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि भी नाराज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: स्मार्ट सिटी के काम में लापरवाही अधिकारियों पर भारी पड़ रही है। स्मार्ट सिटी के महाप्रबंधक (तकनीकी) अनिल कुमार मित्तल का कार्यों में रुचि न लेने व प्रगति में पिछड़ने पर वेतन भुगतान भी रोका गया है। वहीं जनप्रतिनिधियों की नाराजगी भी निगम प्रशासन की किरकिरी करा रहा है।

बुध बाजार में स्मार्ट रोड नेटवर्क और रेट्रोफिटिंग ऑफ ओल्ड मार्केट एरिया के काम में शिथिलता के चलते आए दिन स्मार्ट सिटी मिशन के कार्यों को लेकर सत्ताधारी पार्टी के जनप्रतिनिधि ही नाराजगी जता चुके हैं। भाजपा के नगर विधायक रितेश गुप्ता दो दिन पूर्व नगर आयुक्त से मिलकर कार्यों में देरी और इसके चलते व्यापारियों के उत्पीड़न पर अपनी आपत्ति जताकर नगर आयुक्त व स्मार्ट सिटी के सीईओ से व्यापारियों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने की बात कह चुके हैं।

उनके साथ आए व्यापारियों ने नगर विधायक से निगम प्रशासन की मनमानी से हो रहे नुकसान को लेकर अपना गुस्सा दिखाया था। महापौर से भी व्यापारियों ने विरोध जताया था। नगर विधायक ने नगर निगम की सिटी एडवाइजरी बोर्ड की बैठक में भी बुध बाजार, रामगंगा विहार आदि क्षेत्र में स्मार्ट सिटी के कार्यों में लापरवाही व शिथिलता पर नाराजगी जताकर काम में तेजी लाने के लिए कहा था। विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त भी कई बार बैठकों में निगम के कामों में पारदर्शिता की बात उठा चुके हैं। टाउनहाल क्षेत्र में लगने वाले मंगल का बाजार को बंद करने के लिए व्यापारी कई बार आवाज उठा चुके हैं। नगर विधायक ने भी नगर आयुक्त से मुलाकात के दौरान मंगल के बाजार को बंद कराने और व्यापारियों का उत्पीड़न न होने देने की बात कही थी। बावजूद इसके हर बार मंगल का बाजार लगना निगम प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करता है।

स्मार्ट सिटी के कार्यों के कारण आकर्षक दिखने लगा बुध बाजार। ● अमृत विचार

> बुध बाजार क्षेत्र में स्मार्ट सिटी का कार्य लगभग पूरा होने को है। कार्य में शिथिलता पर कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को चेतावनी दी गई है। जो भी अधिकारी कर्मचारी कार्य में शिथिलता बरतेंगे उनके खिलाफ कार्रवाई तय है।
>
> –**दिव्यांशु पटेल**, नगर आयुक्त

अवैध तरीके से बैनामा कराने पर होगी कार्रवाई

मुरादाबाद, अमृत विचार: अनुसूचित जाति की जमीन को बिना उचित प्रक्रिया के खरीदने बेचने के मामले में कार्रवाई हो सकती है। तहसीलदार की रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी को रिपोर्ट उप जिलाधिकारी सदर ने भेजी है।

निजार खां पुत्र फिदा खां निवासी विशनपुर भीमाठेर ने मंडलायुक्त से प्रकरण में शिकायत की थी। इसमें आरोप लगाया था कि राजस्व ग्राम सोनकपुर तहसील सदर में राजस्व अभिलेख में विमल व सुभाष का नाम श्रेणी क के रूप में अंकित नहीं है। राजस्व अभिलेख में उस गाटा संख्या पर संक्रमणीय भूमिधर के रूप में कृषक रूप सिंह, महेंद्र सिंह व सूरजपाल का नाम दर्ज है। यह सभी मूल रूप से अनुसूचित जाति के हैं। मामले में किसी सक्षम अधिकारी का आदेश किसी गैर अनुसूचित जाति को विक्रय का न होने के चलते किया गया खरीद फरोख्त को गलत ठहराया गया है। तहसीलदार ने मामले में बिना किसी सक्षम अधिकारी के आदेश के गैर अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को बिना अकृषिक घोषित कराए विक्रय को अवैध तरीके से बैनामा करना बताया गया है। तहसीलदार न्यायालय से नामांतरण आदेश निरस्त कर दिया गया है।

प्रधानमंत्री जनविकास के कार्यों को जल्द पूरा कराएं : सीडीओ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मुख्य विकास अधिकारी ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

अमृत विचार : प्रोजेक्ट अलंकार एवं प्रधानमंत्री जनविकास के लंबित कार्यों की मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने समीक्षा की। संबंधित अधिकारियों से राजकीय इंटर कॉलेज, सिहाली खादर के निर्माण के लिए भूमि को लेकर जानकारी ली। ग्राम समाज की भूमि की जानकारी होने पर निर्माण से पहले कार्यदायी संस्था के परियोजना प्रबंधक को जांच के निर्देश दिए।

शुक्रवार को सीडीओ ने प्रोजेक्ट अलंकार एवं प्रधानमंत्री जन विकास योजना के कार्यों से संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिसमें जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, प्रोजेक्ट मैनेजर सी एंड डीएस सहायक अभियन्ता, उप्र श्रम एवं सहकारी संघ लिमिटेड एवं जिला सचिव, भारत स्काउट और गाइड के साथ बारी-बारी से सभी बिंदुओं पर चर्चा की। जिसमें प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में जनपद के 10 राजकीय इंटर कॉलेजों में आवश्यकता के अनुसार निर्माण कार्यों के लिए आवश्यक जगह की उपलब्धता कराना है। इसके सत्यापन, निरीक्षण करने के परियोजना प्रबंधक, सी.एण्ड डीएस को निर्देश दिए। इसके बाद प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (एमएसडीपी) योजना के अंतर्गत कार्यदायी संस्था यूपीसीएलडीएफ ने जनपद में 46 एसीआर और 11 पेयजल परियोजनाओं के निर्माण में से 26 के हस्तान्तरण प्रपत्र उपलब्ध कराए। 11 पेयजल परियोजनाओं एवं शेष एसीआर माह मई 2024 तक पूरा कराने के लिए सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए। स्काउट गाइड के तहत 91 विद्यालयों के सापेक्ष 30 विद्यालयों की ओर से अंशदान अभी तक जमा नहीं कराया गया। 136 यूनिट्स में से 50 यूनिट का नवीनीकरण शुल्क जमा कराना अभी बाकी है। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला सचिव स्काउट और गाइड, मुरादाबाद को निर्देश दिए कि समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से गूगल मीट कर नवीनीकरण एवं अंशदान स्काउट गाइड के खाते में जल्द कराने लिए निर्देश दिए।

जिला अस्पताल में कोल्ड रूम स्थापित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: लू से बचाव व प्रभावित होने पर मरीजों के इलाज की व्यवस्था बेहतर करने को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव की अध्यक्षता में बैठक हुई। राष्ट्रीय कार्यक्रम जलवायु परिवर्तन व मानव स्वास्थ्य के अंतर्गत हीट वेव (लू) को लेकर जनपद की अंतर विभागीय टास्क फोर्स बैठक में इसके उपायों पर चर्चा की गई।

नोडल अधिकारी डॉ. हरीश चन्द्रा ने बताया कि लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रबंध किए गये हैं। ब्लॉक स्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला चिकित्सालय में एक-एक कोल्ड रूम, ओआरएस कॉर्नर स्थापित की गई है। हीट वेव (लू) से ग्रसित किसी भी मरीज का इलाज और उससे संबंधित दवा चिकित्सा इकाइयों पर उपलब्ध है। नोडल अधिकारी ने बताया कि जिले में अभी तक लू से ग्रसित कोई भी मामला सामने नहीं आया है। हर दिन सरकारी चिकित्सा इकाइयों और निजी चिकित्सालय से इसकी रिपोर्ट जिला सर्विलांस इकाई के माध्यम से एकत्रित की जा रही है। जिले में 19 संदिग्ध रोगी मिले थे लेकिन इसमें से किसी में लू के लक्षण नहीं मिले। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भारत भूषण, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील कुमार दोहरे, उपमुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजीव बेलवाल, जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट अजीजुर रहीम, जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन रघुवीर सिंह, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी अजीत कुमार के अलावा जल निगम, वन विभाग, वैकल्पिक ऊर्जा विभाग, नगर निगम के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

हीट वेव (लू) को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में टास्क फोर्स बैठक में उपस्थित अधिकारी।

जिला अस्पताल में 3 नए रजिस्ट्रेशन काउंटर शुरू

मुरादाबाद, अमृत विचार: जिला अस्पताल में इलाज कराने के लिए आने वाले मरीजों की सुविधा के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से तीन नए रजिस्ट्रेशन काउंटर शुरू किए गए हैं।

जिला अस्पताल के दूसरे हिस्से में बने बिग टीन शेड के नीचे तीन नए रजिस्ट्रेशन काउंटर बनाए गए है। जिनकी शुरूआत कर दी गई है। जिला अस्पताल की प्रमुख चिकित्साधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता ने बताया कि नए काउंटर पर पर्चा बनवाने में मरीजों को गर्मी और धूप से राहत मिलेगी। पुराने रजिस्ट्रेशन काउंटर भी चालू रहेंगे। ओपीडी में आने वाले मरीजों को पर्चा बनवाने के लिए रजिस्ट्रेशन काउंटर की संख्या अब बढ़कर सात हो गई है। उन्होंने बताया कि दिव्यांग मरीजों के पर्चा बनवाने का काउंटर बदल दिया है। जिससे चिकित्सकों के कक्ष में जाने के लिए मरीजों को अब परेशानी नहीं होगी।

गर्मी बढ़ते ही बढ़ी डायरिया के मरीजों की संख्या

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : बढ़ती गर्मी में डायरिया के मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। जिसके चलते चिकित्सकों ने गर्मी में कुछ सावधानियां बरतने की सलाह दी है। चिकित्सकों का कहना है कि अगर दिन में घर से बाहर निकल रहे हैं तो थोड़ी देर बाद पानी पीते रहें और सिर को ढककर रखें। इसके अलावा बाहर का खाना बिलकुल न खाएं। क्योंकि गर्मी में लापरवाही से वायरल इन्फेक्शन, फूड पॉयजनिंग या डायरिया हो सकता है। इन दिनों इन्हीं कारणों से जिला अस्पताल व निजी अस्पतालों में डायरिया के मरीज बढ़ रहे हैं।

मई के दूसरे सप्ताह में गर्मी ने अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। जिसके चलते डायरिया के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। अगर बात जिला अस्पताल की करें तो प्रतिदिन ओपीडी में बुखार के 200 से ज्यादा मरीज पहुंच रहे हैं। जिसमें रोज 100 मरीज डायरिया के भर्ती हो रहे हैं। जिसके कारण बच्चा वार्ड, जीरियाटिक वार्ड, मेडिसिन वार्ड, फीवर वार्ड तक सभी जगह मरीजों की भरमार है। ज्यादातर मरीज बुखार व उल्टी दस्त की परेशानी वाले हैं। चिकित्सकों ने बताया कि इस गर्मी में बाहर का तला-भुना खाने से बचें। इस गर्मी में सावधानी न बरतने से लोग बीमार पड़ रहे हैं। आने वाले दिनों में गर्मी व लू का प्रभाव बढ़ेगा। इसलिए आगे सावधानी बरतना जरूरी है।

> पिछले कुछ दिनों में गर्मी में मरीजों की संख्या बढ़ी है। खानपान में सावधानी बरते की जरूरत हैं। पूरा दिन पानी पीते रहें और ओआरएस का इस्तेमाल करें तो लोगों को परेशानी नहीं होगी। फिलहाल जिला अस्पताल में पर्याप्त दवाइयां हैं और सभी व्यवस्थाएं की गई हैं।
>
> –**डॉ. राजेंद्र कुमार**, चिकित्साधीक्षक

जिला अस्पताल की ओपीडी में पर्चा बनवाने के लिए लगी भीड़। ● अमृत विचार

पानी के अलावा ओआरएस व इलेक्ट्रॉल का भी करें सेवन

मुरादाबाद, अमृत विचार : चिकित्सकों का कहना है कि गर्मी में ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं। इसके अलावा ओआरएस व इलेक्ट्रॉल का भी सेवन करें। फिजीशियन डॉ. विनीत तोमर ने बताया कि गर्मी में जो लोग धूप में काम के लिए घर से बाहर रहते हैं। जिसमें खासकर डिलीवरी बॉय, मजदूर, रिक्शा चालक व अन्य, उन्हें अपने साथ पानी की बोतल रखनी चाहिए। पानी में इलेक्ट्रॉल या ओआरएस मिलाकर पिएं। इससे शरीर में पानी की कमी नहीं होगी। हर दिन नारियल का पानी पीने से भी डायरिया से बचे रहेंगे। दही, छाछ व सलाद का इस्तेमाल भोजन के साथ जरूर करें।

लापरवाही | दीवान एंड संस फर्म में कार्रवाई को गई थी मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की टीम

अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई सिर्फ रस्म अदायगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा गागन नदी पर किए गए अवैध कब्जाधारकों के खिलाफ कार्रवाई में खानापूर्ति की जा रही है। दो दिन पहले एमडीए द्वारा दीवान संस में ध्वस्तीकरण की जानी थी। लेकिन, कार्रवाई नहीं हुई। फर्म प्रबंधन द्वारा कार्रवाई को पहुंची टीम से कह दिया गया कि हम खुद की निर्माण तोड़ लेंगे। जिसके बाद एमडीए की टीम वापस लौट गई।

गागन नदी पर लोहिया, डिजाइनको व दीवान एंड संस निर्यात फर्म द्वारा अवैध रूप से निर्माण कर लिया गया था। कुछ दिन पहले मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की टीम लोहिया व डिजाइनको फर्म में अवैध निर्माण तोड़ने के लिए गई थी। जहां एमडीए ने जेसीबी से निर्माण तोड़ना शुरू किया था तो फर्म प्रबंधन ने खुद ही निर्माण तोड़ने की बात कही थी। जिसके बाद फर्म प्रबंधन खुद की निर्माण तोड़ रहे हैं। जिससे साफ जाहिर होता है कि एमडीए की टीम ने कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति की। इसके बाद मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की टीम ने बुधवार को दीवान एंड संस निर्यात फर्म के बाहर मुनादी कराई और कहा कि गुरुवार को अवैध निर्माण तोड़ा जाएगा। गुरुवार सुबह एमडीए की टीम दीवान एंड संस में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को पहुंची, लेकिन थोड़ी देर बाद बिना किसी कार्रवाई के वापस चली गई। जबकि एमडीए अधिकारियों का कहना है कि प्राधिकरण की टीम की निगरानी में निर्माण तोड़ा जा रहा है। जबकि मौके पर अभी कोई निर्माण नहीं तोड़ा गया है। फर्म प्रबंधन का कहना है कि अभी हम बड़ी-बड़ी मशीनें हटवा रहे हैं। मशीनें हटवाने के बाद अवैध निर्माण को तोड़ना शुरू करेंगे।

दीवान संस फर्म में मौजूद एमडीए की टीम जांच करते हुए। ● अमृत विचार

> एक दिन पहले प्राधिकरण की टीम ने ध्वस्तीकरण के लिए मुनादी कराकर अवैध निर्माण वाली भूमि को खाली कराने को कहा था। टीम को मौके पर भेजकर अवैध निर्माण वाले स्थान को खाली कराने की कार्रवाई की जा रही है।
>
> –**अंजुलता**, सचिव, एमडीए

ट्रेनों में लगेंगे अतिरिक्त स्लीपर व एसी कोच

मुरादाबाद, अमृत विचार: रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन कराया जा रहा है। इसके अलावा ट्रेनों में अस्थाई अतिरिक्त कोच भी लगाए जा रहे है।

वरिष्ठ मंडल वाणित्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि ग्रीष्मकाल में यात्रियों की सुविधा के लिए अस्थाई कोच लगवाए जा रहे है। जिसमें ट्रेन संख्या 14207 मां बेल्हादेवी धाम प्रतापगढ़-दिल्ली में 11 व 13 से 17 मई तक एक स्लीपर कोच, ट्रेन संख्या 14208 में 14 व 16 मई से 20 मई तक एक स्लीपर कोच, ट्रेन संख्या 14205 अयोध्या कैंट-दिल्ली में 13 व 15 मई से 19 मई तक एक स्लीपर कोच, ट्रेन संख्या 12040 नई दिल्ली-काठगोदाम में 11 व 17 मई को एक वातानुकूलित कुर्सी यान कोच, ट्रेन संख्या 12039 काठगोदाम-नई दिल्ली में 11 व 17 मई को एक वातानुकूलित कुर्सी यान कोच स्थाई रूप से लगाया जाएगा।

एसवी पब्लिक स्कूल में पूल पार्टी में मस्ती करते बच्चे। ● अमृत विचार

पूल पार्टी में बच्चों ने की जमकर मस्ती

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: गर्मी के मौसम को देखते हुए एसवी पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के लिए एक उत्साहवर्धक पूल पार्टी का आयोजन किया गया।

स्कूल प्रबंधन व स्कूल स्टाफ द्वारा इस आयोजित पूल पार्टी में छात्रों ने म्यूजिक पर नाचते व झूमते हुए पूल में तैराकी का आनंद लिया। पूल पार्टी के दौरान बच्चों को तैराकी के टिप्स भी दिए गए। उन्होंने बताया कि सबसे खास बात थी कि पूल पार्टी को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अनुज अग्रवाल, ज्योत्सना गुप्ता, बरखा, रेनू, रितांशी आदि शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

एक नजर

मंजू की आंखें की गईं दान

हसनपुर, अमृत विचार : भाजपा जिला उपाध्यक्ष की सास का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। इसके बाद सीएल गुप्ता आई बैंक के माध्यम से उन्होंने उनकी आंखें दान की हैं। नगर के रहरा मार्ग निवासी भाजपा जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल की सास मंजू अग्रवाल (61) बीमार थीं। उन्हीं के यहां रहकर उनका इलाज चल रहा था। शुक्रवार सुबह 8:30 बजे मंजू अग्रवाल का निधन हो गया। राजन अग्रवाल की पहल पर मयंक अग्रवाल ने अपनी सास की आंखें दान करने पर सहमति जताई। इसके बाद राजन अग्रवाल ने मुरादाबाद स्थित सीएल गुप्ता आई बैंक को सूचना दी। उनकी टीम हसनपुर मयंक अग्रवाल के आवास पर पहुंची और मंजू अग्रवाल के नेत्रदान कराएं। राजन अग्रवाल ने बताया कि नेत्रदान सबसे बड़ा दान है।

खराब प्याऊ ठीक कराने के लिए लोगों का प्रदर्शन

हसनपुर, अमृत विचार : नगर के एक मोहल्ले में एक वर्ष से खराब पड़े शीतल जल प्याऊ को सही करने की मांग करते हुए लोगों ने पालिका के खिलाफ प्रदर्शन किया। नगर में मस्जिद के निकट शीतल जल प्याऊ खराब है। इसके लेकर मोहल्ले वासियों ने पालिका प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्याऊ जल्द ठीक करने की मांग की। प्रदर्शनकारी मोहम्मद आजम ने बताया कि यह एक वर्ष से खराब है। कई बार पालिका कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई गई। लेकिन पालिका प्रशासन ने शीतल जल प्याऊ सही नहीं कराया। इस दौरान मोहम्मद इरफान सैफी, मोहम्मद आजम, मोहम्मद आमिर, मोनिस, मनकुसुल हसन, वसीम आदि रहे।

सीडीओ को स्कूल में मिलीं खामियां, जताई नाराजगी

अमरोहा, अमृत विचार : मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्रा ने जोया ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय कनपुरा का निरीक्षण किया। जहां उनको काफी खमियां मिलीं। उन्होंने वहां छात्र उपस्थिति रजिस्टर को चेक किया। कक्षा 5 में पंजीकृत 13 के सापेक्ष मात्र पांच छात्र-छात्रा उपस्थित मिले। सीडीओ को विद्यालय में सफाई भी दुरुस्त नहीं मिली। एक छात्र से उन्होंने एलीफेंट की स्पेलिंग पूछी तो वह नहीं बता सका। सीडीओ ने गांव पंचायत चौधरपुर में उच्च प्राथमिक विद्यालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूलों में सुधार के लिए चेताया है।

जन्मोत्सव पर भगवान परशुराम का गंगाजल से किया अभिषेक, हवन और आरती के बाद लोगों को बांटा प्रसाद

अक्षय तृतीया : शस्त्र और शास्त्रों के ज्ञाता थे भगवान परशुराम

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : भगवान परशुराम मंदिर प्रबंध समिति की ओर से परशुराम जन्मोत्सव अर्थात अक्षय तृतीया धूमधाम से मनाई गई। इसमें भगवान परशुराम का जलाभिषेक, श्रृंगार, हवन के बाद प्रसाद वितरित किया गया।

वासुदेव स्थित भगवान परशुराम मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष विजय चतुर्वेदी व महामंत्री कपिल शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि भगवान परशुराम का गंगाजल से जलाभिषेक किया गया। उनका श्रृंगार किया गया। बाद में हवन हुआ और आरती व प्रसाद वितरण हुआ। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव को अक्षय तृतीया के नाम से जाना जाता है। भगवान परशुराम शस्त्र व शास्त्रों के ज्ञाता थे। उन्होंने अपनी कार्य कुशलता, बुद्धि विवेक और शास्त्र ज्ञान से विश्व में ख्याति प्राप्त की। इस दौरान रामावतार शर्मा, योगेंद्र कुमार शर्मा, सुशील शर्मा, ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष पवन कौशिक, महामंत्री मनु शर्मा एडवोकेट, सुशील शर्मा, अतुल पंडित, आशुतोष त्रिवेदी, उपेंद्रनाथ त्रिवेदी, प्रतुल शर्मा, पवन शर्मा, विवेक नारायण शर्मा, वरुण त्रिवेदी, सुभाष शर्मा, सचिन त्रिवेदी, विकास त्रिवेदी, उषा शर्मा, पीयूष आदि उपस्थित रहे।

हवन पूजन कर आरती करते ब्राहमण समाज के लोग। ● अमृत विचार

सैदनगली में हुए कार्यक्रम में बोलते प्रधानाचार्य दिवाकर पांडे। ● अमृत विचार

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनाई परशुराम जयंती

सैदनगली, अमृत विचार : सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में भगवान परशुराम जयंती मनाई गई। इसमें रेखा पटेल ने भगवान परशुराम के जीवन, उनके माता-पिता, गुरु भक्ति, उनके के कार्यों पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य दिवाकर पांडेय ने भगवान परशुराम के जन्म, उनके जन्म के समय ऋषि मुनियों के यज्ञ, तपस्या में असुर प्रवृत्ति के राजाओं द्वारा प्रकट किए जाने वाले व्यवधान, भगवान परशुराम जी की पितृ भक्ति, पिता की आज्ञा पर अपनी माता रेणुका व था भाइयों के वध करने की जानकारी दी। शस्त्रों की विधियों का प्रयोग न कर पाने समेत अन्य प्रेरक प्रसंगों को साझा किया।

परशुराम के जन्मोत्सव पर लोगों को किया सम्मानित

गजरौला, अमृत विचार : ब्राह्मण महासभा की ओर से भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर शहर के ज्ञान भारती इंटर कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें हवन पूजन के बाद ब्राह्मण समाज के लोगों को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने समाज को आगे बढ़ाने के लिए सतत प्रयासरत रहने का आह्वान किया। महासभा के अध्यक्ष डॉ. आशुतोष भूषण शर्मा ने कहा कि संगठन व समाज को मजबूती प्रदान करें। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रोहताश कुमार शर्मा ने कहा कि यदि संगठन का कोई व्यक्ति अच्छा प्रयास करता है तो उसे सराहे। इस दौरान डॉ. राजीव शुक्ल, ओमप्रकाश शर्मा, डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा, लोकेश शर्मा, समीर प्रभाकर, योगेश प्रभाकर, देवेश शर्मा, प्रमोद शर्मा, दानु पंडित, प्रवीणिका पाण्डेय, आचार्य खेमराज शर्मा, पं.देवेन्द्र पाल शर्मा, रमेश चंद शर्मा, अश्वनी शर्मा आदि रहे।

कब्र से निकाला माहिर का शव पोस्टमार्टम के बाद दफनाया

मौत का कारण स्पष्ट नहीं होने पर बिसरा सुरक्षित, कैतवाली की घटना

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : कैतवाली पंडकी में 24 घंटे के भीतर मिले दो बच्चों के शव के मामले में पुलिस जांच कर रही है। शुक्रवार को चार वर्षीय माहिर का शव कब्र से बाहर निकाला गया। पोस्टमार्टम के बाद रिपोर्ट में कुछ खास न मिलने पर उसका बिसरा सुरक्षित रख लिया गया है।

देहात क्षेत्र के गांव कैतवाली पंडकी में 24 घंटे में दो बच्चों के शव मिले थे। इनमें चार वर्षीय माहिर का शव मंगलवार को मिला था। चिराग का शव बुधवार को मिला था। दोनों के शव 10 फीट की दूरी पर मिले थे। माहिर के परिजनों ने उसके शव को बिना कार्रवाई के ही दफना दिया था, जबकि चिराग के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी गला दबने से मौत की पुष्टि हुई थी। मृतक माहिर गांव में रहने वाले विपिन सैनी का मझला बेटा था। वह मंगलवार दोपहर तीन बजे घर से गायब हो गया था। शाम पांच बजे उसका शव पड़ोस में ही रहने वाली शीला देवी के घर के मुख्य दरवाजे के पीछे मिला था। परिजनों ने बिना पुलिस कार्रवाई के शव को दफना दिया था। बुधवार को पड़ोस में रहने वाले दर्जी राजू के बेटे चिराग की भी हत्या कर दी गई। उसका शव बुधवार दोपहर 12 बजे अपने ही घर में मिला। चिराग के चेहरे और गले पर निशान मिले थे। चिराग के शव का पोस्टमार्टम कराया। प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने बताया कि डीएम की अनुमति पर शुक्रवार को तहसीलदार, चिकित्सक व पुलिस की निरानी में माहिर के शव को कब्र से बाहर निकाला गया। डॉक्टरों के पैनल ने उसका पोस्टमार्टम किया। उसका बिसरा सुरक्षित रखा गया है।

माहिर का शव निकलवाती पुलिस व अन्य। ● अमृत विचार

बिजली विभाग से निलंबित चल रहे जेई ने की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : देहात थाना क्षेत्र में बिजली विभाग के जेई ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली। कुछ दिन पहले वह निलंबित किए गए थे। इससे वह तनाव में थे।

नगर क्षेत्र की सुबोध कॉलोनी में बिजली विभाग के इंजीनियर नरेश चंद (50) पुत्र सुखबीर सिंह अपनी पत्नी कामना और पुत्री खुशी के साथ किराये के मकान में रहते थे। नरेश देहात डिविजन के गांव खलीलपुर क्षेत्र के बिजली घर में तैनात थे। मूल रूप से वह जनपद शामली के गांव लफड़ाना के रहने वाले थे। देर रात दो बजे नरेश ने अपने घर में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। सुबह पत्नी ने देखा तो नरेश के मुंह से झाग निकल रहे थे। पत्नी ने इसकी जानकारी ससुराल वालों को दी। रात में ही नरेश के परिवार वाले शामली से अमरोहा आ गए। मकान मालिक ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। हालांकि जेई ने आत्महत्या क्यों की। इस संबंध में जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव को लेकर शामली अपने गांव चले गए।

कार की टक्कर से स्कूटी सवार किशोर की मौत

अमरोहा, अमृत विचार : रजबपुर थाना क्षेत्र में कार ने स्कूटी सवार किशोर को टक्कर मार दी। हादसे में किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। गांव अतरासी कला में अहमद का परिवार रहता है। उसके परिवार में पत्नी मौसम जहां, तीन बेटे अमन, आशु व अर्श हैं। 17 वर्षीय बेटा आशु गांव में ही हेयर ड्रेसर की दुकान पर काम करता था। गुरुवार शाम आशु स्कूटी से खेत से घर लौट रहा था। तभी कार ने उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी। इससे आशु की मौत हो गई। मौके पहुंचे परिजन आशु को निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि परिजनों ने बिना पुलिस कार्रवाई के ही शव को दफना दिया है।

सार संक्षेप

प्रतियोगिता में शामिल होने के बाद ग्रीटिंग कार्ड दिखाते बच्चे। ● अमृत विचार

मदर्स-डे पर बच्चों ने बनाए ग्रीटिंग कार्ड

हसनपुर, अमृत विचार : नगर स्थित जीडी अकादमी में मदर्स-डे पर छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में प्रतिभा दिखाई। जीवन में मां का महत्व समझाया। नर्सरी से कक्षा सात तक के छात्र-छात्राओं ने ग्रीटिंग कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। नर्सरी से कक्षा दो तक के बच्चे घर से ही ग्रीटिंग कार्ड बनाकर लाए थे। कक्षा तीन से कक्षा 7 तक के बच्चों ने अकादमी में ग्रीटिंग कार्ड बनाए। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार दिए। प्रधानाचार्य ब्रज त्यागी ने बताया कि अकादमी में विभिन्न प्रतियोगिताएं कराईं जाती हैं। इससे बच्चों में आत्मविश्वास पैदा होता है।

निबंध प्रतियोगिता में शामिल विद्यार्थी। ● अमृत विचार

निबंध प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

हसनपुर, अमृत विचार : नगर के विद्यालय पुरुषोत्तम शरण राममूर्ति सरस्वती कन्या इन्टर कॉलेज में शुक्रवार को भगवान परशुराम जयंती पर निबंध प्रतियोगिता हुई। इसमें छात्रों ने प्रतिभा दिखाई। प्रधानाचार्या अंकिता शर्मा ने भगवान परशुराम के बारे में बताया। कहा कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, परशुराम को भगवान विष्णु का छठा अवतार माना जाता है। इस दौरान नेहा रस्तौगी, अंकित चौहान, अशोक कुमार, सुधांशु ,नीतू, आंचल अल्बर्ट, गरिमा शर्मा, मुक्ता सारस्वत आदि मौजूद रहे।

चुनाव में अमरोहा डिपो से भेजी गईं 31 बसें, यात्री परेशान

अमरोहा, अमृत विचार : 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में पुलिस फोर्स को ले जाने के लिए अमरोहा डिपो से 31 बसों को भेजा गया है। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अमरोहा डिपो के क्षेत्रीय सहायक प्रबंधक मोहम्मद शफी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के मतदान में पुलिस फोर्स को ले जाने के लिए निर्वाचन कार्यालय से 31 रोडवेज की बसें मांगी गई थीं। उन्होंने बताया कि 9 मई को 11 बसें भेज दी गई थीं। उससे पहले 5 मई को 3 बसों को भेजा गया था, बाकी बची बसों को 10 मई को भेजा गया है। अमरोहा डिपो से 31 रोडवेज की बसों को चुनाव में भेजे जाने के बाद यात्रियों को दिक्कतें आ रही है। नूरपुर, चांदपुर, बिजनौर, धामपुर, मुरादाबाद जाने वाले यात्रियों को इंतजार के बाद रोड बस अड्डे से बस मिल पा रही है। सहायक प्रबंधक का कहना है कि स्टाफ की कमी के कारण वर्कशॉप में खड़ी बसों को मार्ग पर नहीं चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्टाफ अगर होता तो वर्कशॉप में खड़ी बसों को यात्रियों की सुविधा के लिए मार्ग पर चला दिया जाता है।

गांव की कमेटी को प्रमाण पत्र देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष व नरेश चौधरी। ● अमृत विचार

मुफ्त बिजली को लेकर सरकार से वार्ता करेंगे किसान

गजरौला, अमृत विचार : गांव दरियापुर के किसानों ने भाकियू संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी का स्वागत किया। पंचायत में नरेश ने किसानों से कहा कि गांवों में कार्यकारिणी बनाकर किसानों को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसान एकता ही आपकी ताकत है, आप सब ने देखा है। दिल्ली को घेर कर किसानों ने तीन कृषि कानून वापस अपनी एकता की ताकत से ही कराए थे। अब समय आ गया है कि उत्तर प्रदेश सरकार से बिजली को लेकर सीधी बात की जाएगी। सरकार ने किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली देने की बात की थी। लेकिन सरकार अपने वादे से पीछे हटती है तो फिर किसान जिस तरह बिल देता आया है इस तरह बिल जमा करेगा। कोई भी किसान न तो मीटर लगवाएगा और न ही मीटर से बिल देगा। लेकिन अब किसान भाजपा की सरकार पर विश्वास नहीं करेगा। इस दौरान विजय सिंह को जिला उपाध्यक्ष व विजयपाल सिंह को ग्राम अध्यक्ष बनाया गया। 20 किसानों की कार्यकारिणी भी बनाई गई। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ऋषिपाल सिंह, प्रदेश अध्यक्ष जोगिंदर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव चौधरी आदि रहे।

भाकियू कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

मंडी धनौरा, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं ने समस्याओं को लेकर तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन में बताया कि फिना मार्ग ग्राम वालीपुर मे संचालित ईंट भट्ठा स्वामी द्वारा रात को ट्रैक्टर और डंपरों से मिट्टी मंगवाई जा रही है। इससे सड़क खराब हो रही है। स्कूली बच्चों व राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। चीनी मिल से किसानों का गन्ना भुगतान जल्द कराया जाएं। बिजली कटौती पर रोक लगाई जाएं। पशुओं से किसानों की फसलों को बर्बाद होने से बचाया जाएं। तहसील क्षेत्र मे बांध की व्यवस्था हो।

खरबूजे उतारने को लेकर दो पक्षों में संघर्ष, तीन घायल

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : सब्जी मंडी में शुक्रवार को खरबूजे उतारने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें दोनों पक्षों के तीन लोग घायल हो गए। मारपीट होने से भगदड़ मच गई। कोतवाली पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां एक की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर के लिए रेफर किया गया है।

जनपद संभल के एक गांव निवासी फिरोज पुत्र अफसर शुक्रवार सुबह नगर के अमरोहा मार्ग स्थित सब्जी मंडी में किसान के खरबूजे लेकर आया था। वह वाहन को खड़ा कर सुरेंद्र व सतीश की आढ़त पर खरबूजे उतरवाने लगा। इस दौरान पड़ोसी आढ़ती अमित चौहान व लोकेश चौहान ने रुपये बकाया बताते हुए खरबूजों को अपनी आढ़त पर उतरवाने के लिए कहा तो उनके बीच कहासुनी होने लगी। कुछ ही देर में दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई। दोनों पक्षों के बीच लाठी डंडे चले। मारपीट में फिरोज और अमित चौहान, लोकेश चौहान घायल हो गये। सीएचसी में उपचार के दौरान घायल फिरोज की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि सब्जी मंडी में दो पक्षों में मारपीट हो गई। सूचना पर पुलिस भेजी गई थी। तीन लोग घायल हुए हैं।

घायल युवक। ● अमृत विचार

दवा लेने जा रही महिला से छेड़खानी, मारपीट

अमरोहा, अमृत विचार : नगर कोतवाली क्षेत्र के कांठ मार्ग पर दवा लेने जा रही महिला से युवक ने छेड़खानी की। विरोध करने पर आरोपी ने उसे मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

शहर के कांठ रोड पर स्थित एक मोहल्ले की महिला बुधवार शाम अपने घर से दवा लेने के लिए निकली थी। तभी मोहल्ले का ही एक युवक उसका पीछा करने लगा और कुछ दूर जाकर जाकर युवक ने महिला को रोक लिया। उसके साथ छेड़खानी की। बताया गया कि जब महिला ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की। महिला ने शोर मचाया तो लोगों को देखकर युवक भाग गया। तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक कुलदीप के खिलाफ मामला दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।

गले में गोली फंसने से बच्ची की मौत

संवाददाता, आदमपुर

अमृत विचार : कांच की गोली गले में फंसे से बच्ची की मौत हो गई। हालांकि परिजनों ने उसे चिकित्सक को दिखाया। लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी।

क्षेत्र के गांव ओगपुरा निवासी सतीश की 11 माह की बेटी अंशु गुरुवार शाम घर के आंगन में खेल रही थी। खेलते समय उसने कांच की गोली निगल ली। इससे उसे सांस लेने में परेशानी होने लगी। परिजन बच्ची को आदमपुर के निजी चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने संभल रेफर कर दिया। जहां शुक्रवार को उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका तीन भाई बहन में सबसे छोटी थी। परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के उसे दफन कर दिया।

आग से झुलसकर महिला की गई जान

गजरौला, अमृत विचार : संदिग्ध परिस्थितियों में आग से झुलस कर महिला की मौत हो गई। पुलिस को बिना सूचना दिए ही परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। शहर के मोहल्ला शिवपुरी निवासी लवी की शादी करीब एक साल पहले कोराला निवासी तनु से हुई थी। गुरुवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में आग में महिला झुलस गई। चीख-पुकार सुनकर ससुराल को जानकारी हुई तो वह उसे निजी अस्पताल ले गए। शुक्रवार को तनु (24) ने अस्पताल में ही दम तोड़ दिया। मामले में पुलिस को बिना सूचना दिए ही महिला का अंतिम संस्कार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

बरात चढ़ाते समय बग्घी चालक की हार्ट अटैक से मौत

बुरावली, अमृत विचार : बग्घी चालक की बरात चढ़ाते समय हार्ट अटैक से मौत हो गई। यह मामला रहरा थाना क्षेत्र का है। शुक्रवार को जयचंद की बरात बुरावली आई थी। दोपहर को बैंड बाजा व बग्घी से बरात चढ़ाई जा रही थी। रहरा थाना क्षेत्र के गांव पतेई खादर निवासी बग्घी चालक विजय (48) पुत्र लल्लू के दिल में दर्द हुआ। इससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। बरातियों ने बग्घी चालक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां विजय को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। विजय की हार्ट अटैक से मौत हो गई।

गंगा में डूबा युवक लापता

कैसरा, अमृत विचार : जिला बिजनौर के चांदपुर थाना क्षेत्र के गांव बुदरा खुर्द के लोग सिपिया गंगा घाट पर शुक्रवार दोपहर तोतराम की पत्नी प्रकाशो का अंतिम संस्कार करने आए थे। इस दौरान समरपाल गंगा में नहाने लगा। कुछ देर बाद उसका कुछ पता नहीं चला। घटना की सूचना पर शेरपुर चौकी इंचार्ज भी मौके पर पहुंच गए। हालांकि उसका कुछ पता नहीं चल सका।

रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते डीआरएम राजकुमार सिंह। ● अमृत विचार

रेलवे स्टेशन के निर्माण में लाएं तेजी : डीआरएम

संवाददाता, अमरोहा/गजरौला

अमृत विचार : मंडल रेल प्रबंधक राजकुमार सिंह ने शुक्रवार को अमरोहा व गजरौला रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। धीमी गति से चल रहे निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान दैनिक यात्री समिति के अध्यक्ष ने यात्रियों को हो रही परेशानी के संबंध में उन्हें ज्ञापन दिया।

शुक्रवार को मंडल रेल प्रबंधक राजकुमार सिंह अमरोहा रेलवे स्टेशन पहुंचे। उन्होंने स्टेशन का निरीक्षण किया और अमृत भारत योजना के तहत कराया जा रहा निर्माण देखा। मंडल रेल प्रबंधक ने रेलवे स्टेशन के दोनों प्लेटफॉर्म पर यात्रियों के लिए की गई व्यवस्था का भी जायजा लिया। दैनिक यात्री समिति के अध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने डीआरएम को ज्ञापन भी सौंपा। अमरोहा रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव करने की मांग की।

कार्यक्रम पंडित बोले-हिंदू देवताओं में भैरव जी का बड़ा महत्व, आराधना से शनि का प्रकोप होता है शांत

भैरव मंदिर के वार्षिकोत्सव पर बाबा का किया गुणगान

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : नगर के मोहल्ला सैनी नगर स्थित बाबा भैरव नाथ के मंदिर परिसर में शुक्रवार को 8वां वार्षिक उत्सव मनाया गया। उत्सव पर बाबा भैरव मंदिर में भंडारा हुआ। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

मंदिर में गायकों ने बाबा की महिमा का गुणगान किया। भैरव बाबा का मंदिर सजाया गया था। बाबा भैरवनाथ के मंदिर के पुजारी पंडित सुनील शर्मा ने बताया कि हिंदू देवताओं में भैरव जी का बहुत बड़ा महत्व है। यह दिशाओं के रक्षक और काशी के संरक्षक कहे जाते हैं। कहते हैं कि भगवान शिव से ही भैरव जी की उत्पत्ति हुई। यह कई रूपों में विराजमान हैं। बटुक भैरव और काल भैरव यही हैं। इन्हें रुद्र भैरव, क्रोध भैरव, उन्मत्त भैरव, कपाली भैरव, भीषण भैरव, असितांग भैरव, चंड भैरव, रुद्र भैरव संहार भैरव और भैरवनाथ भी कहा जाता है। नाथ संप्रदाय में इनकी पूजा का विशेष महत्व रहा है। उन्होंने बताया कि भैरव आराधना से शत्रु से मुक्ति, संकट, कोर्ट-कचहरी के मुकदमों में विजय प्राप्त होती है। व्यक्ति में साहस का संचार होता है। इनकी आराधना से ही शनि का प्रकोप शांत होता है। इस दौरान पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेश सैनी, पूर्व स्वच्छता प्रेरक डोली सैनी, अशोक सैनी, ललित सैनी, मुदित गुर्जर, प्रधान उधम सिंह, धर्मेंद्र प्रधान, अनुज यादव, देशराज सैनी, कपिल ठाकुर, राजीव सैनी, शंकर लाल सैनी, श्याम गर्ग, विपिन सागर, रोहित आर्य, राम अवतार सैनी, अमित रुद्रा आदि मौजूद रहे।

भंडारे मे श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण करते पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेश सैनी। ● अमृत विचार

एक नजर

हादसे में घायल महिला की उपचार के दौरान मौत

गुन्नौर, अमृत विचार : हाइवे पर सांड़ से बाइक टकराने पर गिरकर घायल हुई महिला की दिल्ली के एम्स अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। दो मई को दोपहर बदायूं जनपद के जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव नगलिया भोगाजीत निवासी महेंद्र पत्नी रामवती के साथ बाइक से बबराला जा रहा था। नेहरू चौराहे पर बाइक के सांड से टकराने पर रामवती गिरकर घायल हो गई थी। निजी अस्पताल में उपचार के बाद महिला की हालत गंभीर होने पर दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया। जहां शुक्रवार सुबह उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई।

पुलिस ने तीन बकरा चोर किये गिरफ्तार

संभल/ओबरी, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात ग्रामीण के घर में कमरे से चोरी हुआ बकरा शुक्रवार को बरामद कर पुलिस ने तीन चोरों गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के गांव मवई डोल निवासी आलम व सद्दाम ने सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला कटरा निवासी शाने आलम गुरुवार की रात थाना क्षेत्र के गांव मदाला फतेहपुर निवासी बदले हसन के घर से बकरा चोरी करने के बाद आलम, सद्दाम व शाने आलम भाग गए। पुलिस को सूचना मिली कि शाने आलम, सद्दाम व आलम बकरा बेचने जाने के लिए गांव सफातनगर को जाने वाले रास्ते पर नर्सरी के पास गांव विलालपत तिराहे पर खड़े हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने बकरा बरामद कर शाने आलम, सद्दाम और आलम को गिरफ्तार कर लिया।

पति सहित पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संभल, अमृत विचार : कोर्ट के आदेश पर हयातनगर थाना पुलिस ने दहेज लाने से मना करने पर महिला के साथ मारपीट करने के आरोप में पति सहित पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। थाना क्षेत्र के गांव धुरैटा निवासी अयान की पत्नी शहाना ने न्यायालय को सौंपे शिकायती पत्र में बताया। कि नवंबर माह में पति व ससुर शफी मोहम्मद, सास रहीसन, देवर सुलेमान और ननद नगमा ने दहेज में नकदी व बुलेट मोटर साइकिल की मांग की थी। मायके से नकदी व बुलेट मोटर साइकिल लाने से मना किया तो मारपीट करते हुए शहाना को घर से निकाल दिया था। शुक्रवार को न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने अयान, शफी मोहम्मद, रहीसन, सुलेमान और नगमा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

ढांग गिरने से किशोरी की मिट्टी में दबकर मौत

महिला समेत तीन घायल, घर की लिपाई को सूखी नहर में मिट्टी खोद रही थीं चारों, अचानक भरभरा कर गिरी ढांग

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र में घर की लिपाई के लिए मिट्टी खोदते वक्त ढांग अचानक भरभरा कर गिर गई। ढांग में दबी किशोरी, महिला और दो युवतियों को मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। हादसे में किशोरी की मौत हो गई जबकि अन्य का अस्पताल में उपचार हो रहा है।

रश्मि की फाइल फोटो।

थाना क्षेत्र के गांव हरथला निवासी राखी (21 वर्ष) पुत्री दिनेश, रोशनी (18 वर्ष) पुत्री झंडू, शहनाज (40 वर्ष) पत्नी जाकिर, रश्मि (15 वर्ष) पुत्री चरन सिंह शुक्रवार को सुबह करीब 9:30 बजे घर की लिपाई के लिए मिट्टी लेने को गांव से कुछ दूरी पर स्थित लम्भा तालाब के किनारे गुजर रही सूखी नहर पर पहुंचीं। चारों ने मिट्टी खोदना शुरू कर दिया। अचानक मिट्टी की ढांग भरभरा कर गिर गई। जिससे चारों ढांग में दब गईं। इस बीच आसपास मौजूद बच्चों ने शोर मचाया। तालाब से गीली मिट्टी निकाल रहे जुल्फिकार, मोमिन, साकिब और मुस्कान ने मौके पर पहुंचकर मिट्टी हटाने काम शुरू किया। मशक्कत कर शहनाज, राखी और रोशनी को घायलावस्था में बाहर निकालकर उपचार के लिए निजी अस्पताल भेज दिया। इस बीच मौके पर तमाम ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। पास में ही ईंट भट्ठे से जेसीबी को लाकर मिट्टी हटाते हुए रश्मि को बाहर निकाला गया। परिजन रश्मि को मुरादाबाद के निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

किशोरी की मौत के बाद बिलखती परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

वह तालाब जहां हादसा हुआ। ● अमृत विचार

घायल महिलाएं।

- ग्रामीणों ने महिला व दो युवतियों को निकाला
- जेसीबी से मिट्टी हटाकर निकाली गई किशोरी की नहीं बची जान

लगातार हो रहे हादसे

संभल, अमृत विचार : तालाबों से मिट्टी खोदने पर सरकार ने रोक लगा रखी है। इसके बावजूद ग्रामीण इलाके में घर की लिपाई के लिए महिलाएं तालाब से मिट्टी खोदती हैं और हादसे का शिकार हो जाती हैं। जनपद में हर दूसरे माह ढांग के नीचे दबने से कोई न कोई हादसा हो जाता है।

सर्पदंश से मौत के बाद पोस्टमार्टम की तैयारी के बीच शव लेकर भागे परिजन

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

- ग्रामीणों ने जिंदा होने की आस में सपेरों से कराया झाड़ फूंक पर नहीं हुआ फायदा
- शव लेकर भागे लोगों में कई को पुलिस ने हिरासत में लिया, बाद में शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में गोशाला के केयरटेकर को सांप ने डस लिया। ग्रामीणों ने सपेरों से झाड़ फूंक कराया लेकिन फायदा नहीं हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की तो सलाह करने के बाद परिवार के कुछ लोग शव को ही लेकर भाग गए। पुलिस ने कई जिम्मेदार लोगों को हिरासत में ले लिया। बाद में शव पुलिस को सौंपा गया तो पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका।

थाना क्षेत्र के गांव बसंतपुर डांडा निवासी किसान रामरहीश पुत्र जगदीश गांव के पास गोशाला में केयरटेकर था। गुरुवार को शाम पशुओं के लिए चारा डालते वक्त उसे सांप ने डस लिया। इसके बाद कुछ ग्रामीण उसे जल प्रवाह करने की बात कहने लगे। ग्रामीण जिंदा होने की आस में रामरहीश को लेकर मलिकपुर के बाद रामघाट गंगा घाट पहुंचे। वहां कुछ सपेरों ने झाड़ फूंक किया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। शुक्रवार को सुबह शव को सीएचसी रजपुरा लाया गया तो पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी शुरू कर दी और पंचनामा भरा जाने लगा। तभी कुछ ग्रामीणों से सलाह करने के बाद परिजनों ने शव को वाहन में रखा और वापस गांव पहुंच गए।

इसकी जानकारी होने पर पुलिस ने सख्ती करते हुए कुछ जिम्मेदार लोगों को हिरासत में ले लिया। इसके बाद रामरहीस के शव को सीएचसी लाया गया। तब पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

नाबालिग को देह व्यापार में धकेलने के आरोप में महिला गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार: नाबालिग को देह व्यापार के धंधे में धकेलने के मामले में एएचटीयू थाना पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है।

नखासा थाना क्षेत्र के गांव निवासी किशोरी को पांच माह पहले उसके पिता ने ही कुछ लोगों के साथ मिलकर देह व्यापार के धंधे में धकेल दिया था। पिता पढ़ाई कराने के बहाने से ले जाकर किशोरी को दिल्ली में 50 हजार रुपये में बेच आया था और देह व्यापार कराया गया। इसके बाद फुफेरे भाई ने वहां से निकालकर किशोरी से दुष्कर्म किया और दूसरे लोगों से शारीरिक संबंध बनाने के लिए भी मजबूर किया। गर्भवती होने के बाद 20 मार्च को किशोरी किसी तरह मुरादाबाद पहुंची तब मामला खुला था। संभल जनपद के थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग ने इस मामले में दिल्ली के दंपती व किशोरी के फुफेरे भाई को पिछले दिनों गिरफ्तार किया था। अब छम्मो नाम की महिला की गिरफ्तारी की गई है।

गंगा घाट पर मिला अलीगढ़ जिले के व्यक्ति का शव

संवाददाता, बबराला

- बेटी की ससुराल जाने को कह कर घर से निकला था रामवीर
- चार पांच दिन से गंगा घाट पर घूमते देखा गया था

अमृत विचार : राजघाट गंगा तट पर अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस के प्रयास से शव की शिनाख्त अलीगढ़ के खैर थाना क्षेत्र के निवासी रामवीर के रूप में हुई। पता चला कि व्यक्ति पांच मई को बेटी की ससुराल जाने की बात कह कर घर से निकला था।

राजघाट में शुक्रवार दोपहर को मुख्य स्नान घाट के निकट करीब 50 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला। जिसे देखकर गंगाघाट पर मौजूद श्रद्धालुओं में सनसनी फैल गई। शव को देखकर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने शव को कब्जे में ले लिया। शव की शिनाख्त का प्रयास किया तो जानकारी मिली कि व्यक्ति को पिछले चार पांच दिन से गंगा घाट पर घूमते देखा गया। किसी ने उसके अलीगढ़ जनपद के खैर का निवासी होने की जानकारी दी तो पुलिस ने अपने स्तर से जानकारी जुटाई। शाम को पता चला कि मृतक अलीगढ़ के खैर थाना क्षेत्र के गांव पला का निवासी रामवीर पुत्र गनुआ है। परिजनों ने फोन पर पुलिस को बताया कि व्यक्ति पांच मई को बेटी की ससुराल गौतमबुद्ध नगर के जेवर थाना क्षेत्र के गांव नीमका जाने की बात कह कर घर से गया था लेकिन वहां नहीं पहुंचा। तभी से परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। चौकी प्रभारी ने बताया कि मृतक के परिजन रात तक यहां पहुंचेंगे।

आश्वासन मिलने पर सफाई कर्मियों की हड़ताल समाप्त

गुन्नौर, अमृत विचार : नगर पंचायत के सफाई कर्मियों की हड़ताल समझौता वार्ता के बाद समाप्त हो गई। सफाई कर्मचारी काम पर वापस लौट आए।

तीन महीने के वेतन भुगतान की मांग को लेकर सफाई कर्मी बुधवार से हड़ताल पर थे। सफाई कर्मियों की हड़ताल की वजह से नगर की साफ-सफाई व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई।

शुक्रवार को नगर पंचायत चेयरमैन खुशबू प्रजापति और सफाई कर्मचारियों के बीच मांगों को लेकर वार्ता हुई। एक सप्ताह में बकाया वेतन भुगतान, भविष्य निधि, एरियर और वर्दी आदि के आश्वासन पर सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल समाप्त कर काम पर लौटने का ऐलान किया। लिखित समझौता होने के बाद सफाई कर्मचारी ने काम शुरू कर दिया।

किसानों को छलते हैं राजनीतिक दल

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन टिकैत की पंचायत में किसानों की समस्याओं को लेकर मंथन किया गया। प्रदेश प्रमुख महासचिव एवं प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश विजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि राजनीतिक दल सिर्फ किसानों को छलने का काम करते हैं। किसी ने किसानों के हित में कुछ नहीं सोचा।

तहसील क्षेत्र के गांव सीतापुरी में स्थित शिव मंदिर पर हुई पंचायत में चरमराई बिजली व्यवस्था पर रोष व्यक्त किया गया। वक्ताओं ने कहा कि किसानों की फसलें सूख रही हैं। प्राइवेट दुकानों पर किसानों को ओवररेट में खाद, बीज बेचा जा रहा है। जबरदस्ती यूरिया के साथ नकली दवाई दी जाती है। जिससे फसल में भारी नुकसान हो रहा है। प्रदेश प्रमुख महासचिव प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश विजेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि अभी तक एमएसपी पर लिखित में कानून नहीं बनाया गया है और न ही स्वामीनाथन रिपोर्ट को लागू किया गया है। तहसील अध्यक्ष चौधरी महीदेव सिंह ने कहा कि चुनाव के दौर में सभी राजनीतिक दल किसानों को छल कर वोट लेने का काम करते हैं। चुनाव के बाद कोई भी किसानों को समस्याओं पर विचार नहीं करते। गांव सीतापुरी के किसानों ने भारी तादाद में भाकियू टिकैत की सदस्यता ग्रहण की। पंचायत में आयोजक राधे लाल सैनी, सतवीर सिंह प्रजापति, किशनपाल प्रजापति, केपी यादव, ओमप्रकाश, गायत्री यादव, बृजेश सिंह, विनोद यादव, फिरोज नबी, राजेश्वर, महेश प्रधान, प्रेमपाल सिंह, अरविंद यादव, सतवीर सिंह, विपिन कुमार, सीताराम आदि रहे। अध्यक्षता महंत सेवानंद महाराज ने तथा संचालन महेश कुमार यादव ने किया।

भाकियू की बैठक में बोलते विजेंद्र सिंह यादव। ● अमृत विचार

- भाकियू टिकैत की पंचायत में उठे किसानों के मुद्दे

तीन दिन पहले घर से भागे प्रेमी युगल को पुलिस ने किया बरामद

संवाददाता, संभल

अमृत विचार: सदर कोतवाली क्षेत्र में दिल्ली में रहकर मजदूरी कर रहा युवक तीन दिन पहले पड़ोस में रहने वाली किशोरी को घर से भगाकर ले गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रेमी युगल को बरामद कर लिया।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है। करीब डेढ़ माह पहले युवक घर आया तो पड़ोस में रहने वाली किशोरी से प्रेम हो गया। जिसके बाद युवक दिल्ली चला गया और दोनों के बीच फोन पर बातचीत होने लगी। डेढ़ माह में ही ऐसा प्यार परवान चढ़ा कि किशोरी 6 मई को युवक से मिलने दिल्ली जाने के लिए घर से निकलकर संभल में चंदौसी चौराहे पर आ गई, लेकिन युवक ने एक दो दिन में दिल्ली से गांव आने की बात कहते हुए किशोरी को चंदौसी चौराहे से वापस घर भेज दिया। बुधवार को युवक दिल्ली से गांव पहुंचा और किशोरी को साथ लेकर फरार हो गया। शुक्रवार को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने किशोरी व युवक को बरामद कर लिया।

- दिल्ली में मजदूरी कर रहे युवक का पड़ोस में रहने वाली किशोरी से हो गया प्रेम संबंध

दूसरे समुदाय की किशोरी को बहला फुसला कर ले गया किशोर, रिपोर्ट दर्ज

असमोली, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने शुक्रवार को थाने पहुंचकर अमरोहा निवासी किशोर के खिलाफ छोटी बहन को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई। कहा कि बुधवार की सुबह नौ बजे घर पर कोई नहीं था। इसी बीच अमरोहा जिले के एक गांव निवासी दूसरे समुदाय का किशोर घर में घुस आया और किशोर 15 वर्षीय छोटी बहन को बहला-फुसलाकर घर से ले गया। काम से घर पहुंचे परिजनों ने किशोरी की आसपास व रिश्तेदारी में तलाश की, लेकिन कहीं भी किशोरी का पता नहीं चला। शुक्रवार को किशोर की चचेरी बहन दिल्ली से लेकर उसे ग्रामीण के घर आ गई और किशोरी को उसके परिजनों को सौंप दिया। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस किशोरी से पूछताछ करने में जुटी है।

युवती को भगाने पर आरोपी की मां को अगवा करने का प्रयास

संभल, अमृत विचार: हयातनगर थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा युवती को भगाकर ले जाने की घटना से नाराज युवती के परिजनों ने युवक के घर पर धावा बोलकर उसकी मां को अगवा करने का प्रयास किया।

हयातनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक बहजोई थाना क्षेत्र निवासी युवती को प्रेम संबंध के चलते भगाकर ले गया था। आरोप है कि इस मामले की जानकारी होने पर शुक्रवार की देर शाम युवती के परिजन युवक के घर जा धमके और युवक की मां के साथ मारपीट करते हुए जबरदस्ती अगवा कर साथ लेकर आने की कोशिश करने लगे। महिला के शोर मचाने पर मौके पर गांव के अन्य लोग मौके पर इकठ्ठा हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। थाना प्रभारी संत कुमार ने बताया कि युवक व युवती दोनों में आपस में रिश्तेदार हैं। मामले की जांच की जा रही है।

परिचित के घर मिला चुनाव ड्यूटी के बाद लापता सफाई कर्मचारी

संवाददाता, बहजोई

अमृत विचार: चुनाव ड्यूटी के बाद लापता सफाई कर्मचारी तीन दिन बाद असमोली थाना क्षेत्र में एक परिचित के घर पर मिला। पुलिस ने सफाई कर्मचारी को बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया। सफाई कर्मी के मिल जाने से परिजनों ने राहत की सांस ली है।

गुन्नौर विकासखंड में तैनात सफाई कर्मचारी हरिओम 6 मई को गुन्नौर विकासखंड से बहजोई नवीन पुलिस लाइन में पोलिंग पार्टी के साथ रवाना हुआ था। जहां से वह संभल विधानसभा में मतदान अधिकारी तृतीय के रूप में चुनाव ड्यूटी करने गया था। जहां पर चुनाव ड्यूटी के दौरान उसकी 5 के लगभग उसकी हालत बिगड़ गई थी। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां से वह अचानक गायब हो गया। हरिओम वापस नहीं लौटा तो सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने डीएम सफाई कर्मचारी की बरामदगी की मांग की थी।

शुक्रवार को 3 बजे के लगभग सफाई कर्मचारी हरिओम ने एक सफाई कर्मचारी पर फोन कर बताया कि वह असमोली के गांव मिलक बेला में ग्रामीण के घर पर है। संगठन के पदाधिकारियों की सूचना असमोली पुलिस ने गांव में पहुंचकर सफाई कर्मचारी को बरामद कर लिया। सफाई कर्मचारी के मिलने की सूचना पाकर परिजनों ने राहत की सांस ली। जिलाध्यक्ष धीरज पाल यादव ने बताया कि सफाई कर्मी बरामद हो गया है।

राहत

- सफाई कर्मी के मिलने पर परिजनों ने ली राहत की सांस

सार-संक्षेप

बड़ा बाजार में अक्षय तृतीया पर जेवर खरीदती महिला। ● अमृत विचार

अक्षय तृतीया पर बाजारों में रौनक, आभूषण खरीदे

चन्दौसी, अमृत विचार : अक्षय तृतीया पर शुक्रवार को सर्राफा बाजार में रौनक रही। लोगों ने दुकानों पर पहुंच सोने के आभूषणों की खरीदारी की। सबसे ज्यादा सोने की अंगूठियां बिकीं। शहर में अक्षय तृतीया पर सोने खरीदने की परंपरा है और शुभ भी माना जाता है। शहर में सर्राफ के 50 शोरूम व 200 छोटी-बड़ी दुकानें हैं। अक्षय तृतीया को लेकर सर्राफा बाजार में पूरी तैयारी कर ली गई थी। दुकानों व शोरूम में सोने के जेवरों को ग्राहकों को लुभाने क लिए सजाया गया था। गर्मी के चलते दिन में ग्राहक कम पहुंचे। शाम होने पर सर्राफा बाजार में दुकानों व शोरूमों में सोना खरीदने वाले ग्राहकों की भीड़ लगी रही। साईं ज्वैलर्स के स्वामी संजीव कुमार अग्रवाल ने बताया कि अक्षय तृतीया पर शहर में एक करोड़ रुपये का कारोबार हुआ है। सोने के जेवरों में ग्राहक सबसे ज्यादा अंगूठी खरीदना पसंद कर रहे हैं। रात आठ बजे तक सर्राफा बाजार में ग्राहकों की खासी भीड़भाड़ रही।

इमाम हुसैन के कुनबे पर हुए जुल्म सुनकर रोये अजादार

संभल/सिरसी अमृत विचार : सिरसी के मुहल्ला शर्की कर्बला मुहल्ला सादात में मिशने हजरत जैनब की ओर से तीन रोजा मजलिसों का सिलसिला शुरू हो गया। पहली मजलिस में वकार मेहंदी और उनके हमनवा ने मर्सिया ख़्वानी पढ़ी। मजलिस में मौलाना गुलजार हुसैन अजमेरी ने छठे इमाम जफरो सादिक की हदीस बयान की। दूसरी मजलिस में गदुरुल हसन और उनके हमनवा मर्सिया ख़्वानी पढ़ी। मजलिस को मौलाना सफदर हुसैन नौगावां सादात ने खिताब किया। कहा कि हमें कुरान और अहलेबैत के बताये हुए रास्ते पर चलना चाहिए। तीसरी मजलिस में मर्सिया ख़्वानी खावर रज़ा और उनके हमनवा ने पढ़ी। मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना फिरोज अली बनारस ने फजाइल के बाद जब कर्बला में इमाम हुसैन के कुनबे पर हुए जुल्म बयान किए तो अजादार फूट फूट कर रोने लगे।

ओवरटेक करते बाइकों में हुई टक्कर, महिला घायल

संभल, अमृत विचार : अमरोहा जिले की तहसील हसनपुर निवासी गुड्डु शुक्रवार को पत्नी सीमा व आठ माह की बेटी के साथ संभल से बाइक पर सवार होकर घर जा रहा था। नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर गांव बादल गुंबद के पास ओवरटेक करते समय दूसरी बाइक ने गुड्डु की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे सीमा सड़क पर गिरकर घायल होने के बाद बेहोश हो गई। वहीं गुड्डु व बच्ची मामूली रूप से चोटिल हो गए। मौके पर इकट्ठा हुई आसपास के लोगों ने सीमा को सड़क से उठाकर उपचार के लिए पास के ही निजी चिकित्सक के पास पहुंचाया। वहीं टक्कर मारने के बाद चालक दूसरी बाइक लेकर मौके से भाग गया।

जिले में लगाए जाएंगे 36 लाख 68 हजार पौधे

अमरोहा, अमृत विचार : कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक की। इसमें उन्होंने कहा कि शासन की ओर से जिले को 36 लाख 68 हजार 440 पौधरोपण का लक्ष्य मिला है। कहा कि जिस विभाग को जो लक्ष्य पौधे लगाने का दिया गया है। वह हर हाल में अपना लक्ष्य पूर्ण करें। कहा कि पौधरोपण के लक्ष्य को लेकर लापरवाही नहीं की जानी चाहिए। लक्ष्य को पूर्ण करना प्रत्येक विभाग की जिम्मेदारी होगी।

बबराला में झगड़ा कर रहे लोगों को हिदायत देता दरोगा। ● अमृत विचार

पुलिस चौकी के सामने हुई मारपीट, तीन लोग गिरफ्तार

संवाददाता, बबराला

अमृत विचार : पुलिस चौकी के सामने मारपीट का हाईवोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। मारपीट देखने के लिए राहगीरों का जमावड़ा लग गया और लोग वीडियो बनाने लगे। इस दौरान मौके पर पहुंची पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया है।

शुक्रवार को बदायूं जनपद के जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव मदारपुर निवासी रवि पुत्र झुन्ना सिंह भी मुण्डन संस्कार में शामिल होने आया था। दोपहर बाद लौटते समय बबराला में पुलिस चौकी के आगे उसी के गांव निवासी वीरेश, नेत्र पाल और गांव मेढ़ोली निवासी धीरेन्द्र के साथ किसी बात पर विवाद हो गया। देखते ही देखते गाली गलौज के साथ मारपीट शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मारपीट करने वाले शराब के नशे में धुत थे। एक दो लोगों ने मारपीट का वीडियो भी बना लिया। यह हंगामा लगभग 10 मिनट तक चला। इसी दौरान पुलिस पहुंच गई और तीन लोगों को हिरासत में ले लिया। चौकी इंचार्ज मनोज कुमार ने बताया कि कार्रवाई की जा रही है।

गर्मी में ट्रेनों के इंतजार में यात्रियों का हाल बेहाल

मुरादाबाद, अमृत विचार: भीषण गर्मी में ट्रेनों का इंतजार यात्रियों का हाल बेहाल कर रहा है। किसान आंदोलन के चलते ट्रेनों का संचालन सुधर नहीं रहा है। पिछले कई दिनों से यात्रियों को सफर से ज्यादा ट्रेनों का इंतजार करना पड़ रहा है। शुक्रवार को भी मुरादाबाद से होकर गुजरने वाली 10 से ज्यादा ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच सकीं।

अंबाला मंडल में किसान आंदोलन के चलते रेलवे प्रशासन ने कुछ दिन पहले कई ट्रेनों के संचालन का मार्ग बदलता था। ट्रेनों का मार्ग बदलने से दैनिक व स्पेशल ट्रेनों का समय बेपटरी हो गया है। मुरादाबाद में आने वाली 10 से 12 ट्रेनें प्रतिदिन अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच रही हैं। ट्रेनों की देरी से परेशान होकर यात्री अपने टिकट रद्द करा रहे हैं। शुक्रवार को जम्मूतवी अमरनाथ एक्सप्रेस 27 घंटे और हिमगिरी एक्सप्रेस ट्रेन अपने निर्धारित समय से 16 घंटे की देरी से पहुंची। जिसके चलते यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

इंजीनियर से निकाह के बाद ससुराल में यातनाओं से भरे रहे साढ़े चार साल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- ससुराल वालों ने साजिश कर उसे पंचायत सहायक की नौकरी से भी निकलवा दिया

अमृत विचार : बीटेक इंजीनियर से निकाह करके सुनहरे सपनों का ख्वाब देखने वाली पीड़िता के ससुराल में साढ़े चार साल यातनाओं भरे रहे हैं। ससुराल वालों ने उसका जीना मुश्किल कर दिया। ससुराल वालों ने साजिश कर उसे पंचायत सहायक की नौकरी से भी निकलवा दिया और जेठ की पत्नी को नौकरी दिला दी। जेठ पर गलत नजर से देखने का आरोप है। पीड़िता को ससुराल वालों ने मारपीट कर मासूम बच्चे के साथ घर से निकाल दिया। अब इस मामले में पीड़िता ने सिविल लाइन थाने में पति समेत 11 के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है।

पाकबड़ा निवासी पीडिता ने पुलिस को बताया है कि उसका निकाह 11 नंबर 2020 को अमरोहा देहात के गांव से हुआ था। पिता ने शादी में 20 लाख रुपये खर्च किए थे। पति बीटेक इंजीनियर है। उस समय निजी बैंक में नौकरी करता था। पीड़िता के गर्भवती होने के समय पति ने उसके दस्तावेजों पर फर्जी हस्ताक्षर कर अपने पद का गलत प्रयोग कर बिना उसकी उपस्थिति के बैंक में उसके नाम से खाता खुलवा लिया। इसमें उसने अपना ही मोबाइल नंबर व ई-मेल अंकित कराया था। खाते से लेन-देन एटीएम, पासबुक व चेक बुक का प्रयोग वह खुद ही करता था।

पीड़िता की पंचायत सहायक पद पर 12 दिसंबर 2021 को नियुक्त हुई थी। पगार के लिए भी उसके पति ने ही अपना खाता लगाया था। पीड़िता के वेतन को उसका पति चेकबुक, पासबुक से निकालता था। जेठ छेड़ता था। पीड़िता ने पति से शिकायत की तो ससुराल वालों ने उसे पर ही आरोप जड़ दिए और मारापीटा और ढाई साल से बेटे के साथ उसे घर से निकाल दिया था। इस मामले में विवाहिता ने पाकबड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी लेकिन, पति ने गिरफ्तारी के डर से समझौता कर उसे अपने घर ले आया था। इसके बाद आरोपी ससुराल वाले पीड़िता के विरुद्ध साजिश करते रहे। प्रधान और सचिव से मिलकर उसकी पंचायत सहायक की नौकरी से हटवाने का प्रस्ताव अधिकारियों को भिजवा दिया था।

जेठ की पत्नी को पंचायत सहायक बनवा दिया। प्रभारी निरीक्षक राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज किया है।

एक नजर

आज पांच घंटे बंद रहेगी विद्युत आपूर्ति

चन्दौसी, अमृत विचार : हनुमानगढ़ी विद्युत उपकेंद्र पर जर्जर हाइटेंशन लाइन पर तार बदलने का कार्य किया जाएगा। जिससे उपकेंद्र से संबंधित मोहल्लों में सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे मे विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। एसडीओ प्रथम अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि हनुमान गढ़ी के विद्युत उपकेंद्र पर जर्जर तारों को बदलने का कार्य किया जा रहा है। कार्य के चलते शुक्रवार की सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक उपकेंद्र से जुड़े ग्राम मई, हनुमानगढ़ी बस्ती, आरआरके स्कूल के आसपास, सीता रोड व अन्य क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी।

कूड़ा करकट से भरी नाली।

नहीं पहुंच रहा सफाई कर्मी, नालियां हुईं चोक

कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी, अमृत विचार : विकास खण्ड बनियाखेड़ा की ग्राम पंचायत मल्हपुर भवानी में पिछले एक माह से सफाई कर्मी गांव में नहीं पहुंच रहा है। जिससे गांव में नालियां गंदगी से अटी पड़ी हैं। गांव में दुर्गंध फैल रही है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में गीता देवी सफाई कर्मी है। सफाई कार्य महिला का पति करता है जो कि कभी कभार गांव में आता है। गांव के मुख्य मार्ग पर गंदगी से नालियां चोक हो गई हैं। जिससे मच्छर आदि कीट पनप रहे हैं और गांव में बीमारियां फैलने का भय बना रहता है। ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

ग्राम समाज के पेड़ों को कटवाने का आरोप

संभल, अमृत विचार : बहजोई थाना क्षेत्र के गांव अजीमाबाद निवासी जसवीर ने शुक्रवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि गांव के पास जंगल में स्थित ग्राम समाज की जमीन पर आधा दर्जन से अधिक पेड़ लगे हुए हैं। गांव के ही एक व्यक्ति ने ग्राम समाज की जमीन को काटकर अपने खेत में मिलाकर पेड़ों व जमीन पर कब्जा कर रखा है। आरोप है कि व्यक्ति शुक्रवार को हरे पेड़ों को कटवा रहा था। जसवीर ने पुलिस से ग्राम समाज के पेड़ों को कटने से रोकने व व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की।

ट्रक की टक्कर से पलटी भूसा लदी ट्राली

गनीमत रही कि टक्कर लगने से ट्राली के साथ ट्रैक्टर नहीं पलटा, चार लोग बाल-बाल बचे

संवाददाता, संभल

अमृत विचारः नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर ट्रक की टक्कर से भूसे से लदी ट्राली सड़क पर पलट गई। ट्रैक्टर पर सवार चालक व मजदूर सहित चार लोग बाल बाल बच गए। सड़क पर भूसा बिखरने की वजह से वाहनों को एक साइड से होकर गुजरना पड़ा।

बहजोई थाना क्षेत्र के गांव बहापुर निवासी कमल सिंह शुक्रवार की सुबह छह बजे ट्रैक्टर ट्राली में भूसा लादकर नखासा थाना क्षेत्र के गांव देहपा जा रहा था। गांव के ही मजदूर लाला, मुनेश व मुन्नु भी ट्रैक्टर पर सवार थे। कमल सिंह ट्रैक्टर ट्राली लेकर जैसे ही थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर गांव सिंहपुरसानी से निकलकर थोड़ी दूर पहुंचा। पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने ट्राली में टक्कर मार दी। टक्कर के लगते ही भूसे से लदी ट्राली सड़क पर पलट गई और ट्राली में लदा भूसा सड़क पर बिखर गया। जिससे संभल से हसनपुर जाने वाली लाइन पर वाहनों का आवागमन बंद हो गया। वहीं टक्कर मारने के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से भाग गया। गनीमत रही कि टक्कर लगने से ट्राली के साथ ट्रैक्टर नहीं पलटा। जिससे चालक कमल सिंह सहित ट्रैक्टर पर बैठे लाला, मुनेश व मुन्नु बाल बाल बच गए।

हसनपुर मार्ग पर पलटी पड़ी भूसा लदी ट्रैक्टर ट्राली। ● अमृत विचार

सड़क पर बिखरी पड़ी लकड़ियां।

डीसीएम की टक्कर से सड़क पर पलटा टिपलर, एक घायल

संभल, अमृत विचार : बहजोई निवासी रमजानी शुक्रवार को ट्रैक्टर टिपलर में शीशम की लकड़ी लादकर संभल आ रहा था। हयातनगर थाना क्षेत्र में संभल बहजोई मार्ग पर गांव मुजफ्फरपुर के पास ट्रैक्टर टिपलर में डीसीएम ने टक्कर ने मार दी। जिससे शीशम की लकड़ी से लदा टिपलर सड़क पर पलट गया। और सड़क पर पलटते समय टिपलर की चपेट में आकर दो ई रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गए और एक ई रिक्शा चालक गांव मुजफ्फरपुर निवासी अमित घायल हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल अमित को उपचार के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को पकड़कर जेसीबी से शीशम की लकड़ी टिपलर में भरवाकर मार्ग पर यातायात सुचारु कराया।

अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसली बाइक, युवक घायल

चन्दौसी, अमृत विचारः कोतवाली क्षेत्र के इस्लाम नगर मार्ग पर बर्रई पुल पर बाइक फिसलने से युवक घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया है।

जनपद बदायूं के थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव उगिया निवासी प्रकाश पुत्र मोती राम गुरुवार की सुबह 11 बजे रिश्तेदारी में शादी में बाइक पर सवार होकर थाना फैगजंग बेहटा क्षेत्र के गांव हबीबपुर जा रहे थे।

बाइक सवार जब कोतवाली क्षेत्र के इस्लामनगर मार्ग पर बर्रई पुल पर पहुंचा तो अचानक अनियंत्रित होकर बाइक फिसल गई। हादसे में बाइक सवार घायल हो गया।

घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। युवक नशे की हालत में था। घटना की सूचना मिलने पर परिजन भी सीएचसी पहुंच गए।

दहेज के लिए महिला को मारपीट कर बच्ची के साथ घर से निकाला

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- दो वर्ष पहले हुई हुई थी शादी, ससुरवाल वालों पर दहेज मांगने का आरोप
- एसपी को दी तहरीर, घायल महिला का चिकित्सकीय परीक्षण करवाया

अमृत विचारः दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर पति ने महिला के साथ मारपीट की। इसके बाद ससुराल वाले महिला को मायके छोड़ गए और दहेज की मांग पूरी नहीं होने तक ससुराल नहीं भेजने की बात कही। पीड़ित पिता ने कोतवाली में तहरीर दी। मगर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो एसपी से मदद की गुहार लगाई। एसपी ने पीड़िता का चिकित्सकीय परीक्षण कराने के आदेश दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के सेमरटोला निवासी सुजीत कुमार ने अपनी पुत्री सृष्टि की शादी तीन मई 2022 को बरेली जनपद के थाना मीरगंज के गांव बहरौली निवासी युवक से की थी। शादी में पिता ने तीन लाख रुपये खर्च किए थे। शादी के कुछ बाद से ही ससुराल वाले महिला से कार व सोने के चेन मायके से लाने की मांग करने लगे। महिला के इंकार करने पर उसके साथ मारपीट करते थे। कई बार समझाने के बाद भी ससुराल वाले नहीं माने। शादी के बाद सृष्टि ने पुत्री प्रियांशी को जन्म दिया। चार मई की रात दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर सृष्टि को पति ने जमकर पीटा। जिसमें वह घायल हो गई। पांच मई को आरोपी महिला व छोटी बच्ची को घर के बाहर छोड़ कर चले गए। पीड़िता के पिता ने घटना की तहरीर कोतवाली में दी, मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई। गुरुवार को पीड़िता का पिता अपनी पुत्री को लेकर एसपी कार्यालय पहुंचा और घटना से अवगत कराया।

छेड़छाड़ करने और जेवर ले जाने में आठ पर रिपोर्ट

संभल, अमृत विचारः न्यायालय के आदेश पर सदर कोतवाली पुलिस ने मारपीट कर जान से मारने की नीयत से फायर करने और युवती के साथ छेड़छाड़ करते हुए सोने चांदी के जेवर अलमारी से निकालकर ले जाने के आरोप में आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला नाला निवासी इजवाबुल नबी ने 25 फरवरी को न्यायालय में शिकायती पत्र सौंपकर बताया था कि साकिब, जाबिर, हाजी जहूर, हाजी अतीक, इस्लाम नबी, शानू, शाहिद व अली वारिस मारपीट करते हुए बहन के साथ छेड़छाड़ की। विरोध किया तो जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। गोली दीवार में लगने की वजह से इजवाबुल नबी व उसके परिजन बाल बाल बचे थे। जिसके बाद अलमारी में रखे जेवर निकालकर धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस में सुनवाई नहीं होने पर इजावुबल नबी मे न्यायालय पहुंचकर न्याय की मांग की।

लापरवाही के चलते अधर में अटका सड़क निर्माण

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- धूल उड़ने से बच्चे परेशान, विधायक निधि से बनवाई जा रही सड़क

अमृत विचारः सीता रोड पर आरआरके स्कूल जाने वाली 100 मीटर सड़क का निर्माण अधर में अटका हुआ है। उक्त सड़क विधायक निधि से बनवाई जा रही है। ठेकेदार ने सड़क पर मिट्टी डलवाकर व नालियां बनवाकर छोड़ दिया। जिससे रोजाना स्कूली बच्चों को धूल उड़ने से आवागमन में परेशानी होती है। सड़क पर चलना भी मुहाल है।

सीता रोड से आरआरके स्कूल जाने वाला 100 मीटर मार्ग पिछले काफी समय से जर्जर है। इस मार्ग पर जलभराव भी हो जाता है। जिससे स्कूली बच्चों व अभिभावकों को आने जाने में परेशानी उठानी पड़ती है। दो माह पहले विधायक गुलाब देवी ने सड़क निर्माण की घोषणा की और कुछ दिन बाद ठेकेदार ने निर्माण कार्य आरंभ कर दिया। मगर सड़क के दोनों साइड नाली निर्माण के बाद सड़क पर मिट्टी डालकर कार्य बंद कर दिया। तब से आज तक कार्य बंद है। अब रोजाना विद्यालय जाने वाले बच्चों को धूल उड़ने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्कूली वाहन व अन्य वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने शीघ्र ही सड़क निर्माण की मांग की है।

सड़क से गुजरता स्कूल का वाहन।

बैंड बाजे के साथ निकाली भगवान परशुराम की शोभा यात्रा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचारः भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्री ब्राह्मण सभा और ब्राह्मण शक्ति संघ की ओर से संयुक्त रुप से बड़ा महादेव से बैंड बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में झाकियां और काली के खेलता स्वरुप की झांकी आकर्षण का केंद्र रहा। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का जगह-जगह शीतल पेयजल से स्वागत किया गया।

शोभायात्रा का शुभारंभ भगवान श्री परशुराम जी के मुख्य सिंहासन पर महाआरती के साथ हुआ। शोभायात्रा में सबसे आगे काली के खेलता स्वरुप की झांकी थी। राधाकृष्ण स्वरुप में सजे कलाकार डीजे पर नृत्य कर मनमोह रहे थे। वहीं भगवान शिव के रूप में परशुराम जी की झांकी अपनी ही अलग ही छटा बिखेर रही थी। शिव पार्वती जी की पालकी भी निकाली गयी। पालकी के आगे युवा भक्त डमरु और मजीरा बजा कर नृत्य कर रहे थे। शोभा यात्रा बड़ा महादेव से प्रारंभ होकर कैथल गेट, ब्रह्म बाजार, घंटाघर, बड़ा बाजार, बिसौली गेट होती हुई श्री रघुनाथ आश्रम पर पहुंच कर संपन्न हुई। जहां हवन में आहुतियां देने के बाद आरती की गई और भंडारे का आयोजन किया गया।

शोभायात्रा में ब्राह्मण शक्ति संघ के संरक्षक हरद्वारी लाल मिश्रा, श्री ब्राह्मण सभा संरक्षक अतुल शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, रामकुमार शर्मा शिक्षक, दिनेश शर्मा, बृजेंद्र मिश्रा, सुनील शर्मा घंटे वाले, बनवारी लाल पाठक, राजीव रावत, शक्ति संघ के प्रदेश अध्यक्ष विवेक मिश्रा, प्रदेश महामंत्री अभिनव शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवराम वत्स, सचिन मिश्रा, विवेक शर्मा, विभोर भारद्वाज, उमाकांत शर्मा, मुकेश गौड़, सचिन शर्मा, राजीव पाठक, संगीता भार्गव, प्रीति शर्मा, रिंकी शर्मा, मोहित गौड़, शुभम अतुल उपाध्याय, रवि शंखधार, विनय पाराशर, मयंक शर्मा, शरद शर्मा आदि उपस्थित रहे।

शोभायात्रा में शामिल काली का अखाड़ा। ● अमृत विचार

चंदौसी में निकाली गई महाकाल की झांकी। ● अमृत विचार

- झाकियां रहीं आकर्षण का केंद्र, शीतल पेयजल पिलाकर किया स्वागत

धर्म रक्षा के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहें

संभल, अमृत विचार : ग्राम घासीपुर में परशुराम जयंती के अवसर पर अवधेश प्रताप सिंह जिला पंचायत सदस्य, चंद्रसेन सिंह राणा क्षेत्रीय मंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा, भू प्रकाश राणा मंडल अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा, जोगेश शर्मा, आकाश शर्मा, सत्यम शर्मा, गंगाराम शर्मा, मोहित शर्मा, सुनील शर्मा, मोहित शर्मा ने ग्राम वासियों के साथ भगवान परशुराम के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए।

भगवान परशुराम का अनुसरण करना चाहिए

संभल, अमृत विचार : समाज हित संरक्षण समिति एवं शनि मंदिर सेवा समिति की ओर से भगवान परशुराम की जयंती मनाई गई। कहा गया कि उन्हें प्रेरणा स्रोत मानकर समाज के हरेक व्यक्ति को उनका अनुसरण करना चाहिए।

मुहल्ला कोट पूर्वी में स्थित रामलीला मैदान में समिति के कार्यकर्ताओं ने सबसे पहले भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया। धर्मज्ञान सभा में भगवान परशुराम के चरित्र पर प्रकाश डाला गया। एसके पूठिया ने कहा कि भगवान परशुराम सभी वर्गों व जातियों के थे न कि ब्राह्मणों के। उन्हें प्रेरणा स्रोत मानकर समाज के हर व्यक्ति को उनका अनुसरण करना चाहिए। लोगों ने निर्णय लिया कि प्रत्येक महीने की शुक्ल तृतीया पर ज्ञान सभा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान नरेंद्र स्वामी, सुरेंद्र स्वामी, संजीव सहारा, कुमोद शर्मा, सुधीर भारद्वाज, आशुदत्त शर्मा आदि रहे।

संभल में परशुराम जयंती शोभायात्रा का शुभारंभ करते सीडीओ भरत कुमार मिश्रा।

संभल में भगवान परशुराम शोभायात्रा में शामिल झांकियां। ● अमृत विचार

शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत, झांकियों ने मन मोहा

कार्यालय संवाददाता, संभल

- सरायतरीन से निकली शोभायात्रा सूर्यकुंड तीर्थ पर पहुंचकर संपन्न हुई
- जगह-जगह हुआ स्वागत, डीजे पर गूंजे भजनों पर झूमे श्रद्धालु

अमृत विचार : भगवान परशुराम जयंती के मौके पर शोभायात्रा निकाली गई। सरायतरीन में सिद्धपीठ श्री पातालेश्वर महादेव मंदिर से शुक्रवार को शाम भगवान परशुराम की शोभायात्रा का शुभारंभ सीडीओ भरत कुमार मिश्रा ने पूजा अर्चना करके किया। शोभायात्रा मंदिर से शुरू होकर लाडम सराय, चौधरी सराय, मुहल्ला नाला और जिला अस्पताल से होकर सूर्यकुंड तीर्थ पर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में भगवान परशुराम, भगवान शिव, श्रीराम, गणेश की झांकियां शामिल रहीं। विभिन्न जगहों पर फूल बरसाकर स्वागत किया। शोभायात्रा में डीजे पर गूंज रहे भजनों पर श्रद्धालुओं ने नृत्य करते हुए धूम मचा दी। इस दौरान भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, राजकुमार शर्मा, अभिनंदन शर्मा, शोभित गुप्ता, गोपाल शर्मा समेत तमाम लोग रहे।

भगवान परशुराम प्रकटोत्सव समिति के तत्वावधान में निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। जिसमें राहुल शर्मा, प्रभाकर शुक्ला, संजीव शुक्ला, कपिल श्रोत्रीय, अमन पूठिया, महेंद्र, मोंटी, विजय शर्मा, विशाल शर्मा, जीतपाल यादव, राजकुमार सैनी, संजय शर्मा, अर्पित शर्मा, अभिषेक शर्मा, अंकुर शर्मा, तरुण शर्मा, शगुन शर्मा, रविंद्र शर्मा, आचार्य परशुराम शर्मा आदि रहे। शोभायात्रा समापन होने पर सूर्यकुंड तीर्थ पर भंडारे का आयोजन हुआ।

पराक्रम के कारक और सत्य के धारक थे भगवान परशुराम

कार्यालय संवाददाता, संभल

- धूमधाम से मनाई विष्णु अवतार की जयंती, गूंजे भजन

अमृत विचार : हिंदू जागृति मंच के तत्वाधान में भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम से मनाई गई। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भजनों की प्रस्तुति दी गई।

मुहल्ला दुर्गा कॉलोनी में स्थित अमृत कूप मंदिर में आयोजित हुए भगवान परशुराम जयंती कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी आशा गुप्ता ने भजनों की प्रस्तुति दी तो लोगों ने सामूहिक उच्चारण किया। प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम समस्त जगत का कल्याण व धरती पर वैदिक संस्कृति का प्रचार कर लोगों में आस्था जगाना चाहते थे। वह हमेशा अपने माता-पिता और गुरुओं की आज्ञा की पालना करते थे और बड़ों का आदर व सम्मान करते थे। वह चाहते थे कि यह सारा जगत पशु, पक्षी, फल-फूल, वृक्ष व प्रकृति के लिए हमेशा के लिए जीवन्त रहें। प्रदेश महामंत्री सुबोध कुमार गुप्ता ने कहा कि परशुराम का अर्थ पराक्रम के कारक और सत्य के धारक भी होता है। मान्यता यह है कि परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार थे।

विष्णु कुमार गुप्ता ने कहा कि परशुराम भगवान विष्णु के आवेशावतार थे। उनका जन्म श्रीराम के जन्म से पहले हुआ था।

इस दौरान विकास कुमार वर्मा, रचित रस्तोगी, अमित वार्ष्णेय, राजेंद्र सिंह गुर्जर, अतुल कुमार शर्मा, भरत मिश्रा, दुष्यंत मिश्रा, मीनू रस्तोगी, सरिता गुप्ता, आशा गुप्ता ने भी विचार रखे। अध्यक्षता अरुण कुमार अग्रवाल ने तथा संचालन श्याम शरण शर्मा ने किया।

सार-संक्षेप

मुंसिफ रोड पर अक्षय तृतीया पर शरबत वितरण करते लोग। ● अमृत विचार

अक्षय तृतीय पर जगह-जगह बांटा गया शरबत और सत्तू

चन्दौसी, अमृत विचार : अक्षत तृतीया पर शहर में कई स्थानों पर शरबत का वितरण किया गया। जिससे राहगीरों ने भीषण गर्मी में शरबत पीकर राहत महसूस की। शरबत के स्टालों पर भीड़ लगी रही। भीषण गर्मी में राहगीरों व लोगों को राहत दिलाने के लिए शरबत व सत्तू पिलाने की परंपरा पुरानी है। इसके पीछे तर्क यह है कि पानी पिलाना पुण्य का कार्य समझा जाता है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए गुरुवार को अक्षय तृतीया के दिन शहर के स्थानों पर शरबत पिलाने के लिए स्टाल लगाए गए। मुंसिफ रोड पर विनय कुमार वीनू, अरुण अग्रवाल, मोना अग्रवाल, शोभा अग्रवाल, साक्षी अग्रवाल, काजल अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल ने स्टाल लगाकर लोगों को शरबत वितरित किया।

गांव गुमथल में भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

एक लंगोटी वाले बाबा की पुण्यतिथि पर भंडारा

बनियाठेर, अमृत विचार : थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव गुमथल स्थित वानखंडी संत आश्रम चौधरानबाबा पर एक लंगोटी वाले बाबा की 15वीं पुण्यतिथि पर हर साल की तरह इस बार भी भंडारे का आयोजन किया गया। आश्रम के महंत गुरु शरणानंद उर्फ पागल बाबा एवं सनक मुनी बाबा ने पूरे गांव से भिक्षा लेकर भंडारे का आयोजन किया। भंडारे में ग्रामीणों ने पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के उपरांत शाम को भजन-कीर्तन हुआ। इस अवसर पर धान सिंह, हरिओम प्रजापति, तुलाराम, श्याम, मोहन लाल प्रजापति, बबलू पाठक, डॉ. हरि सिंह, सतीश शर्मा, हरवंश अहेरिया, सत्येंद्र पाठक, भगवान स्वरूप मौर्य, गिर्राज प्रजापति समेत तमाम श्रद्धालुओं की भागीदारी रही।

भगवान परशुराम के जीवन से प्रेरणा लें

बबराला, अमृत विचार : अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम जयंती मनाई गई। भक्तों ने भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजन अर्चन किया। ब्राह्मणों के आराध्य भगवान परशुराम की जयंती के मौके पर नगर पंचायत कार्यालय में उनके चित्र पर फूल माला के साथ धूप, दीप, नैवेद्य अर्पित किए गए। चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने कहा कि भगवान परशुराम के जीवन से अन्याय, अत्याचार के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में पहुंचे लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान भाजपा नेता ब्रजेश शर्मा, बिजेंद्र पाठक, राजकिशोर बंसल, प्रशांत वार्ष्णेय, नितिन आइडिया, आकाश मेडिकल, अनिल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

महान तपस्वी थे भगवान परशुराम

असमोली, अमृत विचार : त्यागी भूमिहार ब्राह्मण समाज मोर्चा ने भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम से मनाई। कहा कि भगवान परशुराम महान तपस्वी, ब्रह्मचारी और भगवान शिव के महान उपासक थे। उन्होंने तपोबल से समाज के अनेक दुर्गुणों को सुधारने का काम किया। वह वीर योद्धा के साथ-साथ आज्ञाकारी पुत्र भी थे। सर्वसम्मति से बुराइयों से दूर रहने और ब्राह्मण समाज को संगठित रखने का निर्णय लिया गया। इस दौरान योगेंद्र त्यागी, विवेक त्यागी, नेतराम आदि रहे।

भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाते समिति पदाधिकारी व सदस्य।

मानव कल्याण समिति ने मनाया परशुराम जन्मोत्सव

चन्दौसी, अमृत विचार : भारतीय मानव कल्याण समिति की ओर से शुक्रवार को विनायक मार्ग स्थित समिति कार्यालय पर भगवान श्री परशुराम के अवतरण दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम भगवान परशुराम जी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए। समिति प्रबंधक डॉ. टीएस पाल ने परशुराम जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अक्षय तृतीया तिथि पर भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान श्री परशुराम जी का अवतरण हुआ। भगवान परशुराम महर्षि जमदग्नि और रेणुका की संतान हैं। भगवान परशुराम का प्राकट्य काल प्रदोष काल में हुआ था और ये 8 चिरंजीवी पुरुषों में एक हैं। ऐसी मान्यता है कि भगवान परशुराम आज भी इस धरती पर मौजूद हैं। परशुराम जन्मोत्सव और अक्षय तृतीया पर किया गया दान-पुण्य कभी क्षय नहीं होता। अक्षय तृतीया के दिन जन्म लेने के कारण ही भगवान परशुराम की शक्ति भी अक्षय थी। 8 चिरंजीवियों में भगवान परशुराम समेत महर्षि वेदव्यास, अश्वत्थामा, राजा बलि, हनुमान, विभीषण, कृपाचार्य और ऋषि मार्कंडेय हैं जो आज भी इस कलयुग में विचरण कर रहे हैं। उनके जीवन से हमें अन्याय एवं अत्याचार के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा मिलती है। अध्यक्षता संयोजक आकाश कुमार शर्मा ने तथा संचालन शुभम उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम में श्यामसुंदर दुबे, अतुल उपाध्याय, गोविंद मिश्रा, कृष्ण मोहन गुप्ता, विमल शर्मा, राहुल शर्मा, अंकित गोस्वामी, देव शर्मा, प्रशांत शर्मा, मोहित गौड़, रवि शंखधार, मयंक वार्ष्णेय चिंकल, लक्ष्मीकांत उनियाल, मुनीश वार्ष्णेय, सक्षम शर्मा आदि उपस्थित रहे।

बेदखली सूचना

मेरा बड़ा पुत्र मौ० मोनिस पुत्र नफीस अहमद निवासी ग्राम बुढ़नपुर कस्बा व थाना स्योहारा जिला बिजनौर गलत संगत में पड़ने के कारण मुझसे व मेरे परिवार से झगड़ा फसाद करता रहता है। मैंने अपने उक्त पुत्र को 11/04/24 को अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा व मेरे परिवार का किसी भी प्रकार का सम्बन्ध मौ० मोनिस से नहीं रहा है।

नफीस अहमद पुत्र मौखा
नि० ग्राम बुढ़नपुर कस्बा व थाना
स्योहारा जिला बिजनौर

नाम-परिवर्तन

मैंने अपना नाम SAFIA BEGUM से बदलकर SAFIYA KHATOON रख लिया है। भविष्य में मुझे नये नाम SAFIYA KHATOON W/o ABDUL MANNAN, R/o LAL BAGH, मुरादाबाद से जाना व पहचाना जाये।

नाम-परिवर्तन

मैं शपथ पूर्वक घोषणा करता हूं मेरे पुत्र के सैन्य अभिलेख संख्या 4193034L हवलदार रक्षपाल सिंह यूनिट 12 कुमाऊं के सैन्य दस्तावेज में मेरा नाम नरेश सिंह त्रुटिवश दर्ज किया गया है जो गलत है मेरा सही नाम नरेश चंद (NARESH CHANDR) पुत्र दीवान सिंह निवासी ग्राम हफीजपुर तहसील व थाना नौगांवा सादात अमरोहा है। अर्थात सैन्य दस्तावेजों में सही किया जाए।

नाम-परिवर्तन

मैं शपथ पूर्वक घोषणा करती हूं मेरे पुत्र के सैन्य अभिलेख संख्या 4193034L हवलदार रक्षपाल सिंह यूनिट 12 कुमाऊं के सैन्य दस्तावेज में मेरा नाम मिथलेश देवी त्रुटिवश दर्ज किया गया है जो गलत है मेरा सही नाम मिथिलेश (MITHLESH) पत्नी नरेश चंद निवासी ग्राम हफीजपुर तहसील व थाना नौगांवा सादात अमरोहा है। अर्थात सैन्य दस्तावेजों में सही किया जाए।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्या योगेन रक्ष्यते।
मृजया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते॥

धर्म की रक्षा सत्य से होती है, विद्या की रक्षा अभ्यास से, सौंदर्य की रक्षा स्वच्छता से तथा कुल की रक्षा सदाचार से होती है।

संपादकीय

उथल-पुथल का दौर

दुनिया उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। यूक्रेन में युद्ध हो रहा है, गाजा में संघर्ष के हालात हैं, लाल सागर और अरब सागर में हमले हो रहे हैं, दक्षिण चीन सागर क्षेत्र में तनाव की स्थिति है, विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में आतंकवाद है, हमारे सामने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन के साथ समस्या है। ये सभी घटनाक्रम मिलकर एक जबदरस्त उथल-पुथल की तस्वीर प्रस्तुत करते हैं। इस वर्ष दुनिया में कई अहम चुनाव भी होने हैं जिसमें भारत के अलावा अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संसद का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है। इन चुनावों का खासा महत्व रहेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव का यूरोप, यूक्रेन और मध्य-पूर्व के युद्ध पर असर होगा। शुक्रवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आगाह किया कि संघर्षों, सत्ता केंद्रों में बदलाव और तेज होती प्रतिस्पर्धा के कारण इस दशक में दुनिया में बहुत अधिक उथल-पुथल होगी। विदेशमंत्री ने कहा कि ऐसे में यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि लोकसभा चुनाव में मतदाता विवेकपूर्ण तरीके से चुनाव करें ताकि भारत में एक मजबूत, स्थिर और परिपक्व नेतृत्व कायम रहे।

गौरतलब है कि देश में लोकसभा चुनाव के लिए तीन चरणों का मतदान पूरा हो चुका है और मतदान के चार चरण अभी बाकी हैं। रूस की विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखरोवा ने बुधवार को कहा था कि अमेरिका भारत के आंतरिक मामलों में दखलंदाजी कर रहा है। इस पर अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा है कि वे भारतीय चुनावों में दखल नहीं दे रहे हैं। चुनाव का नतीजा वहां की जनता खुद तय करेगी। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने चुनाव प्रचार भाषणों में कहा है कि दुनिया में कई लोग नहीं चाहते कि भारत में स्थिर सरकार हो। पीएम मोदी के इस बयान को कहीं न कहीं अमेरिका की उस रिपोर्ट पर निशाना भी माना गया जिसमें मानवाधिकार, भ्रष्टाचार के आरोपी विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी के साथ सीएए समेत कई मुद्दों का जिक्र था। इस रिपोर्ट में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार की आलोचना की गई थी। पिछले दिनों विदेश मंत्रालय की तरफ से भी अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग (यूएससीआईआरएफ) की वर्ष 2024 की रिपोर्ट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई थी। कुछ दिनों पहले माइक्रोसॉफ्ट की तरफ से कहा गया था कि चीन आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के जरिये भारत के चुनावों में हस्तक्षेप करने में लगा हुआ है। वास्तव में उथल-पुथल के बीच आज भारत का ताकतवर होना बेहद जरूरी है। महत्वपूर्ण है कि देश सभी चुनौतियों से पार पा लेगा। इसी के चलते दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत वैश्विक आशाओं का केंद्र बिंदु बनकर उभरा है।

खेल नहीं खेल-खेल में शिक्षा का विचार

डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

खेल विधि से शिक्षण की संकल्पना को सर्वप्रथम फ्रेडरिक फ्रोबेल ने सुव्यवस्थित रूप दिया। फ्रोबेल का मानना था कि बच्चों में एक पौधे की तरह उगने और पनपने की जन्मजात क्षमता होती है। विद्यालय एक बगीचा होता है, जहां शिक्षक उस माली की भूमिका में होते हैं, जो पौधों को पुष्पित-पल्लवित होने में अनुकूल परिस्थितियां उपलब्ध कराते हैं।

यह ऐसा सबक था जिसे बच्चे हमेशा याद रखेंगे। शिक्षक कक्षा में पहुंचे तो उनके हाथ में रोज की तरह थैला था। थैले से चाक निकालकर फर्श पर एक बड़ा सा गोला खींचा और बच्चों को उसके चारो ओर खड़ाकर हाव-भाव से कविता प्रस्तुत की। उसके बाद थैले में से प्लास्टिक के कुछ पशु-पक्षी निकाले और बच्चों से उनके बारे में बात करना शुरू किया। नाम, रंग, कहां पाए जाते हैं, क्या खाते हैं, कैसे चलते-बोलते हैं, कौन से पालतू हैं जैसी कितनी ही बातें। बच्चे अपने परिवेशीय अनुभवों के आधार पर उनके बारे में जानकारियां दे रहे थे।

इस बातचीत के दौरान बच्चे जहां एक दूसरे की सही बात का समर्थन कर रहे थे वहीं गलत जानकारी को करेक्ट भी कर रहे थे। शिक्षक ने बातचीत के ही दौरान बच्चों के समूह बनाकर उन पशु-पक्षियों में जलचर, थलचर और नभचर का वर्गीकरण कराया तथा छोटे समूहों में कहानी निर्माण कराते हुए उस पर चित्र बनवाया। बीच-बीच में मौखिक व लिखित रूप से आकलन करते हुए नई जानकारियां दी। बच्चे इस कक्षा में न केवल रुचिपूर्वक संलग्न थे, बल्कि व्यक्तिगत और सामूहिक स्तर पर अपना बेहतर प्रदर्शन करते हुए नए ज्ञान की रचना भी कर रहे थे। बच्चे हों अथवा बड़े 'खेल' सभी को आकर्षित करते हैं। इसके पीछे कारण यह है कि खेलों में चुनौती, आनंद, प्रतिस्पर्धा, स्वानुशासन, जीत का जज्बा जैसे कुछ खास गुण होते हैं, जो इन्हें लोकप्रिय बनाते हैं। यही कारण है कि शिक्षा को आनंददायी बनाने तथा विद्यालयों को 'प्लेस ऑफ जॉय' बनाने की जरूरत हमेशा से अनुभव की जाती रही है।

खेल विधि से शिक्षण की संकल्पना को सर्वप्रथम फ्रेडरिक फ्रोबेल ने सुव्यवस्थित रूप दिया। फ्रोबेल का मानना था कि बच्चों में एक पौधे की तरह उगने और पनपने की जन्मजात क्षमता होती है। विद्यालय एक बगीचा होता है, जहां शिक्षक उस माली की भूमिका में होते हैं, जो पौधों को पुष्पित-पल्लवित होने में अनुकूल परिस्थितियां उपलब्ध कराते हैं। फ्रोबेल का दृढ़ मत था कि उपयुक्त और अनुकूल वातावरण मिलने पर बालक का सर्वांगीण विकास होता है।

अपने विचार को धरातल पर उतारने के लिए उन्होंने 'किंडर गार्टन' की स्थापना की जिसका अर्थ ही होता है 'बच्चों का बगीचा'।

खबर है कि विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने, कक्षानुरूप बुनियादी दक्षताओं का विकास करने तथा कक्षाओं को रुचिकर बनाने के लिए बच्चों के स्थानीय खेलों को भी कक्षा कक्षीय प्रक्रियाओं का अंग बनाया जा रहा है। माना जा रहा है कि इससे विद्यालयीय संस्कृति में बड़ा बदलाव दिखाई देगा। अगर पिछले कुछ दशकों पर दृष्टिपात करें तो हम पाते हैं कि खेलों को उनके विशेष गुणों के साथ विद्यालयों में लाने का कॉन्सेप्ट कोई नया नहीं है, बल्कि समय-समय पर शिक्षाविदों ने शिक्षा में खेल के गुणों की अनिवार्यता और अपरिहार्यता को स्वीकार किया है। वर्तमान में अगर बच्चों के परिवेशीय खेलों को कक्षा शिक्षण में शामिल करने की बात की जा रही है तो यह भी उसी विचार की पुनरावृत्ति है। ऐसा क्यों, इस पर विचार करते हैं।

हम अपने बचपन में खेले गए किसी भी खेल को याद करें। उस खेल से जुड़े तमाम वाकये आज भी हमारे मानस पटल पर अंकित होंगे। अगर गहराई से विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि इस खेल में ऐसी कई संक्रियाएं, संबोध, दक्षताएं व कौशल थे, जो हमारे विद्यालयी पाठ्यक्रम का हिस्सा थे और जिन्हें कोई भी बच्चा हंसते- खेलते अर्जित कर लेता था। खेल के गुणों में रोचकता,

यह सीखने का एक मान्य और प्रचलित क्रम भी है। यहां शिक्षक और विद्यार्थी के बीच जो शिक्षण अधिगम प्रक्रियाएं होती हैं, उनको आनंददायी बनाने में स्थानीय खेल प्रमुख भूमिका निभा सकते हैं, लेकिन इस विचार को संभव बनाने के लिए कक्षा शिक्षण योजनाओं में बचपन के खेलों को मात्र 'पूर्व अनुभव' की तरह ही नहीं, बल्कि 'शिक्षण के दौरान' और 'शिक्षण के पश्चात' इस प्रकार पिरोना होगा कि बच्चे पाठ्यक्रमीय लक्ष्यों को रुचि तथा सुगमता पूर्वक प्राप्त कर लें। इस विचार के क्रियान्वयन में प्रमुख सावधानी यह रखनी होगी कि कक्षाएं महज खेल भर बनकर न रह जाएं। यह भी कि खेल के बाद शिक्षक यह कहते न पाए जाएं कि आओ बच्चो! खेल हो गया अब पढ़ाई करते हैं।

सभी की सहभागिता, स्वानुशासन, स्वआकलन, प्रतिस्पर्धा, आत्मनियंत्रण, नवीनतम, लचीलापन, निर्णय लेना जैसे तमाम गुण होते हैं, जो इनको रुचिकर बनाते हैं। अगर यह गुण सीखने-सिखाने के तरीकों में शामिल किए जाते हैं तो निश्चित ही इन तरीकों में बच्चों की रुचि बढ़ेगी। स्थानीय स्तर पर खेले जाने वाले तथा तकनीकी दौर में लगभग लुप्त होते जा रहे इन खेलों के शिक्षा में आने से कक्षाओं का माहौल रोचक बनेगा और सीखने-सिखाने के अनुभवों में विविधता आएगी।

सवाल है कि यह संभव कैसे हो? दरअसल शिक्षा में खेल शामिल करने के विचार में सर्वाधिक महत्वपूर्ण पक्ष है खेल के गुणों को शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं में शामिल करना। विगत दशकों में शिक्षा को रुचिकर व आनंददायी बनाने के लिए जो भी विचार आए उन्होंने परंपरागत शिक्षण अधिगम प्रणालियों के स्थान पर बच्चों की रुचि, सहभागिता और क्रिएटिव इन्वॉल्वमेंट पर प्रमुखता से फोकस किया, लेकिन यह विचार एक लंबे समय तक कक्षा शिक्षण प्रक्रियाओं का हिस्सा नहीं बन पाए, क्योंकि इनमें कदाचित 'रुचि, आनंद के साथ सृजनात्मक गतिशीलता एवं 'स्वयं ज्ञान की रचना' जैसे तत्वों का समुचित समावेश न था। दूसरे शब्दों में कहें तो इसमें विद्यालयीय परिस्थितियों में अनुकूल और संभव योजनाओं पर गहराई से काम नहीं किया गया। नतीजा यह रहा कि अधिकांश कक्षाएं इस विचार को ठोस नतीजों तक नहीं ले जा पाईं।

सीखना किसी ज्ञात या अज्ञात अनुभव और उससे जुड़ी तमाम जिज्ञासाओं से प्रारंभ होता है। जिज्ञासाओं के समाधान के लिए हम अपने आसपास मौजूद परिवेश और उपलब्ध ज्ञान स्रोतों/संदर्भों की मदद लेते हैं। उपलब्ध समाधान का विभिन्न स्रोतों से मिलान करते हैं और विश्लेषण करते हैं। विश्लेषण की यह प्रवृत्ति प्राप्त जानकारियों को विविध परिस्थितियों में जांचने-परखने तथा वैध पुष्टि द्वारा निष्कर्ष अथवा ज्ञान की रचना तक ले जाती है।

यह सीखने का एक मान्य और प्रचलित क्रम भी है। यहां शिक्षक और विद्यार्थी के बीच जो शिक्षण अधिगम प्रक्रियाएं होती हैं, उनको आनंददायी बनाने में स्थानीय खेल प्रमुख भूमिका निभा सकते हैं, लेकिन इस विचार को संभव बनाने के लिए कक्षा शिक्षण योजनाओं में बचपन के खेलों को मात्र 'पूर्व अनुभव' की तरह ही नहीं, बल्कि 'शिक्षण के दौरान' और 'शिक्षण के पश्चात' इस प्रकार पिरोना होगा कि बच्चे पाठ्यक्रमीय लक्ष्यों को रुचि तथा सुगमता पूर्वक प्राप्त कर लें। इस विचार के क्रियान्वयन में प्रमुख सावधानी यह रखनी होगी कि कक्षाएं महज खेल भर बनकर न रह जाएं। यह भी कि खेल के बाद शिक्षक यह कहते न पाए जाएं कि आओ बच्चो! खेल हो गया अब पढ़ाई करते हैं।

प्रसंगवश

कमजोर और मजबूत आदमी

वैसे देखा जाए तो न कोई बुरा होता है, न अच्छा। बस, कुछ लोग कमजोर होते हैं और कुछ मजबूत। कमजोरी व मजबूती का फर्क भी प्राय: मात्रा का होता है, गुण का उतना नहीं।

यहां कमजोर और मजबूत का संबंध शारीरिक शक्ति से नहीं है। कमजोरी वह है, जो मनुष्य को अभ्यंतर से, यानी नीयत और नैतिकबोध में कमजोर बनाती है। मजबूती वह है, जो मनुष्य को अभ्यंतर से ठोस एवं एकरूप तथा व्यवहार में विश्वसनीय बनाती है।

संसार परिवर्तनशील है। ठीक, लेकिन कुछ चीजें शाश्वत हैं, जिन्हें भारतीय परंपरा की भाषा में अनादि और अनंत कहा जाता है। यावत्चन्द्रदिवाकरौ। जैसे अच्छे आदमी और बुरे आदमी का फर्क- यह था, है और रहेगा। एक अच्छे आदमी के मन में हमेशा अपने बारे में सवाल उठता है-वह कौन है, उसका लक्ष्य क्या है, उसमें क्या-क्या कमियां हैं, क्या-क्या कमजोरियां हैं, वगैरह-वगैरह। बुरा आदमी अपनी कमियों-कमजोरियों को लेकर निश्चिंत रहता है, अव्वल तो वह इन्हें कमियां-कमजोरियां मानता ही नहीं और मानता भी है तो सौ लोगों को अपने से ज्यादा कमतर और कमजोर बताने के बाद, यानि उसमें ये कमियां-कमजोरियां न होतीं तो लोग दिन-दहाड़े उसे लूट लिए होते। वह हमेशा दूसरों की कमियों-कमजोरियों को दिखाने, उनकी व्याख्या करने, उन पर तंज कसने में मशगूल रहता है। यह उसका प्रिय पासटाइम होता है।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

दो-बुरा आदमी कभी बुरा करते हुए पकड़ लिया गया तो पहले तो परिस्थितियों को जिम्मेदार बताता है (जब कि दूसरों की गलती को वह उनका दोष माने रहता है)। यदि परिस्थितियों ने साथ न दिया और वह बहुत तगड़े चपेट में आ गया तो अंत में अपनी अक्ल पर दोष मढ़ देता है-उसका दिमाग खराब हो गया था, उसके होशोहवास गुम हो गए थे, वह किंकर्तव्यविमूढ़ हो गया था, वगैरह-वगैरह। वह कभी, जी हां कभी भी, अपनी नीयत को दोष नहीं देगा। अच्छे आदमी को अव्वल तो कभी अपने को काटने की जरूरत नहीं पड़ती, यदि पड़ ही गई तो वह उसकी व्याख्या करता नहीं फिरता। व्याख्या वही करता है, जो जानबूझ कर किए रहता है। उसे डर लगा रहता है कि जो सच में हुआ, कहीं लोग उस पर भरोसा न कर बैठें।

तीन-बुरा आदमी किसी आदमी की बुराई दस लोगों के सामने करता है और उसकी तारीफ अकेले में उसको खुश करने के लिए करता है। अच्छा आदमी किसी में कुछ बुरा देखता है तो उसके सामने, अकेले में, कह देता है, जबकि सब लोगों के सामने उसकी अच्छाई का ही जिक्र करता है।

चार-बुरा आदमी जब देखता है कि किसी को उससे स्नेह या मोह हो गया है तो वह उसका फायदा उठाने के लिए प्रवृत्त हो जाता है। अच्छा आदमी जब देखता है कि किसी को उससे मोह हो गया है, वह उस पर अतिशय विश्वास करने लगा है तो निश्चय कर लेता है कि इसकी वजह से उसका कोई नुक्सान न होने पाए। तब वह अपने फायदे के बजाय उसी के फायदे की बात सोचने लग जाता है।

पांच-बुरा आदमी शराब पीकर और बुरा बन जाता है, अच्छा आदमी शराब पीकर और अच्छा बन जाता है (वैसे तो उसे अपनी औकात पता रहती है, किंतु कभी अतिरेक हो भी गया तो वह अपने शरीर का नुकसान भले कर ले, किसी अन्य का नुकसान कतई नहीं करता।) प्राचीन काल में राज्याधिकारियों की नियुक्ति में आदमी को पहचानने का एक टेस्ट यह भी था (कौटिल्य का अर्थशास्त्र)।

बुरा आदमी संपत्ति पाकर और बुरा बन जाता है, अच्छा आदमी संपत्ति पाकर और अच्छा बन जाता है। बुरा आदमी शिक्षा पाकर और बुरा हो जाता है, अच्छा आदमी शिक्षा पाकर और अच्छा हो जाता है। बुरा आदमी 'धार्मिक' बनकर और बुरा हो जाता है, वह धर्मध्वज बन जाता है, अच्छा आदमी धार्मिक बनकर और अच्छा हो जाता है, वह संसार से, दुनियादारी से परे हो जाता है। यह सिलसिला लंबा है। हर चीज एक ओर, आदमी की अच्छाई-बुराई एक ओर, अक्सर वही भारी पड़ती है। वैसे देखा जाए तो न कोई बुरा होता है, न अच्छा। बस, कुछ लोग कमजोर होते हैं और कुछ मजबूत। कमजोरी व मजबूती का फर्क भी प्रायः मात्रा का होता है, गुण का उतना नहीं।

सेवानिवृत्ति पश्चात वेतन वृद्धि का लाभ

वार्षिक वेतन वृद्धि सरकारी कार्मिकों द्वारा बीते वर्ष में किए गए संतोषजनक कार्यों के एवज में दिया जाता है। अमूमन यह सुविधा सभी कार्मिकों को मिलती है। बशर्ते किसी की वार्षिक वेतन वृद्धि दंड स्वरूप रोकी न गई हो। वेतन में यह बढ़ोतरी वर्ष में एक बार पहली जुलाई या पहली जनवरी को दिए जाने की व्यवस्था है। अर्थात् एक वर्ष की संतोषजनक सेवा पूरी करने के अगले दिन। यही अगला दिन सेवानिवृत्त कर्मियों के जीवन में आता नहीं है और वे स्वयं या पत्नी/ पति पेंशन में आजीवन अपूर्णीय आर्थिक नुकसान उठाते हैं। साल भर की सेवा पूर्ण करके 31 दिसंबर या 30 जून को सेवानिवृत्त होने पर उनके वेतन में वार्षिक वेतन वृद्धि नहीं जोड़ी जाती है, नतीजतन पेंशन में लगातार नुकसान होता है।

कर्मचारियों ने स्वयं या उनके संगठनों ने इस समस्या को समय-समय पर नियोक्ताओं के समक्ष रखा, लेकिन उन्हें बीते वर्ष की सेवा के एवज में वार्षिक वेतन वृद्धि नहीं दी जा रही है। मामला उच्च न्यायालय से होते हुए उच्चतम न्यायालय की दहलीज तक पहुंच चुका है। अदालत ने विभिन निर्णयों में स्पष्ट कहा कि वार्षिक वेतन वृद्धि बीते वर्ष की सेवा के बदले में अर्जित राशि है और इसे देने के लिए अगले दिन अर्थात् पहली जनवरी या पहली जुलाई को सेवा में न रहना कोई शर्त नहीं हो सकता। विषय का अंधेरा पहलू (डार्क साइड) यह है कि एक तो खुशी-खुशी नियोक्ता यह सुविधा सेवानिवृत्त कार्मिकों को स्वयं से दे नहीं रहे हैं और केंद्रीय प्रशासनिक

डॉ. चंद्र गोपाल पांडेय
अयोध्या

न्यायालय ने कहा कि जाहिरा तौर पर ऐसा लगता है कि नगर आयुक्त ने इस न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों की अनदेखी की है।

न्यायाधिकरण (कैट) या उच्च न्यायालय का आदेश आने पर उसे सुप्रीम कोर्ट तक मुकदमेंबाजी में घसीटते हैं। शीर्ष न्यायालय का निर्णय सिद्धांतगत होते हुए भी, उसका लाभ केवल याची को ही देते हैं।

अभी हाल में इस तरह के एक मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। नगर आयुक्त, नगर निगम मेरठ पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। उन्होंने वेतन वृद्धि के एक दिन पहले 30 जून 2019 को सेवानिवृत्त हुए नगर निगम के कर्मचारी श्रीपाल को वेतन वृद्धि का लाभ न्यायालय के निर्देश पर नहीं दिया था।

न्यायालय ने कहा कि जाहिरा तौर पर ऐसा लगता है कि नगर आयुक्त ने इस न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों की अनदेखी की है। उनकी इस तरह की धारणा और कार्रवाई के तरीके को दृढ़ता से हतोत्साहित और समाप्त किया जाना चाहिए। इससे पहले यह विषय इलाहाबाद उच्च न्यायालय की कई अन्य याचिकाओं में कार्मिकों के पक्ष में निर्णीत हो चुका है। भारत संघ व अन्य बनाम शिव बालक व अन्य (रिट ए संख्या-14527/2022, निर्णय तिथि 15.12.2022) मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने भारत संघ की याचिका को खारिज करते हुए अभिनिर्धारित किया कि 30 जून को सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी पहली जुलाई को देय वेतन वृद्धि के हकदार हैं। इसी तरह का मत मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने योगेंद्र सिंह भदोरिया बनाम मध्य प्रदेश राज्य, उड़ीसा हाईकोर्ट ने अरुण कुमार बिस्वाल बनाम उड़ीसा राज्य और गुजरात हाईकोर्ट ने गुजरात राज्य बनाम तखतसिंह सोनगरा मामले में स्थिर किया।

दिल्ली व बॉम्बे हाईकोर्ट ने इस विषय पर कर्मचारियों के पक्ष में निर्णय दिए हैं। उत्तर प्रदेश में इस तरह के मामलों की भरमार है। कार्मिक व नियोक्ता के मध्य अंतहीन मुकदमों का सिलसिला जारी है। अंततः कानूनी लड़ाई नियोक्ता हार रहा है। फिर भी राज्य सरकार एक आदर्श नियोक्ता के रूप आगे आकर संवैधानिक न्यायालयों द्वारा तय किए गए कानून के अनुरूप नियम नहीं बना रही है।

उल्लेखनीय है छत्तीसगढ़ राज्य ने अगस्त 2023 में ही शासनादेश निर्गतकर सेवानिवृत्त तिथि को वेतनवृद्धि की अहर्ता प्राप्त, लेकिन अगली तिथि को सेवा में न रहने के कारण इससे वंचित कार्मिको को काल्पनिक वेतनवृद्धि (नेशनल इन्क्रीमेंट) की सुविधा प्रदान कर दी है, लेकिन उत्तर प्रदेश का वित्त व विधि विभाग इस विषय पर न्यायालयों के उत्तर की अनदेखी कर अपनों से मुकदमेबाजी में लगा है।

सोशल फोरम

हमदर्द बनकर उभरे कैफी

वह जब बोलते, तो जिस्म वैसी ही हरकत करता। जिस्म जैसी हरकत करता, दिमाग वैसी ही हलचल करता, दिमाग जो हलचल करता, वह ही लफ्ज बनकर जुबान पर फूटते, यानि एक ऐसी शख्सियत जिसकी कथनी और करनी एक थी, जो वह कहते थे, वह करके दिखाते थे।

हफीज किदवई
लेखक

ताउम्र सांप्रदायिकता के खिलाफ रहे, तो उसके समर्थन की एक भी गंदी छींट अपने दामन पर नहीं लगने दी। दुनिया ने उन्हें एक शायर माना, वह लोगों के हमदर्द बनकर उभरे। दुनिया ने उनमें रदीफ काफिया को बुनते देखा, तो उन्होंने एक से एक संगठन बुन डाले। इप्टा हो या पीडब्ल्यूए इनके बिना उसका इतिहास मुकम्मल ही नहीं हो सकता। इस सबके बीच अपने परिवार को बेइंतहा मोहब्बत और उनकी हर ख्वाहिश पर जान छिड़क कर एक करने का हुनर उनमें ही था, जो बहुत कम उमरी से कलम थामकर निकला हो और जब मुल्क को जरूरत हो तो अपना सब कुछ झोंककर उसे संवारने में जुट जाए। वह हैं अतहर हुसैन रिजवी यानी कैफी आजमी। मुंबई की शोहरत, आराम और चमक-दमक छोड़ वह मिजवा आ गए। सरकारी कार्यालयों के चक्कर काट-काट सड़कें, स्कूल, रेलवे, अस्पताल, परिवहन, सबकी व्यवस्था करवाई। जब लड़कियों का स्कूल खोला तो गांव वालों का विरोध भी झेला मगर जीवट आत्मा ने स्कूल खोलकर लड़कियों को पढ़वा कर दिखाया।

आज भी मिजवा की लड़कियां फैशन शो कर रही लंदन में, किसने सोचा था यह भला। शबाना आजमी अपने पिता की इस अजीम विरासत को आसमान तक ऊंचा ले गईं। मुंबई से मिजवा का सफर पढ़ने वाला है और यह देखने का भी की, अगर आपने तय कर लिया है। अपनी मिट्टी की खुशबू को सात समंदर पार ले जाने का तो कोई रोक भी नहीं सकता। कैफी आजमी मेरी जिंदगी में यह एक ऐसी शख्सियत बनकर शामिल हुए, जिन्होंने हमें बर्दाश्त करना सिखाया और सच कहने से पीछे न हटना भी बतलाया। **-फेसबुक वॉल से**

कठिन दौर से गुजर रही है नैनीताल की झील

एक नजर में देशी-विदेशी सैलानियों का मन मोह लेने वाली नैनीताल की खूबसूरत प्राकृतिक झील के जल स्तर में गर्मियां शुरू होते ही भारी गिरावट आ गई है। नैनी झील का जल स्तर करीब डेढ़ फिट के आसपास पहुंच गया है। जल स्तर में गिरावट का यह सिलसिला निरंतर जारी है। प्रतिदिन करीब पौन इंच झील के जल स्तर में गिरावट आ रही है। पर्यटक सीजन शुरू होने से पहले झील के जल स्तर में आई और आ रही इस गिरावट से तालाब के किनारों में डेल्टा उभर आए हैं, जो झील के प्राकृतिक सौंदर्य में बदनुमा दाग से दिख रहे हैं। साथ ही नैनीताल नगर की पेयजलापूर्ति और यहां के पर्यटन उद्योग पर बुरा असर पड़ रहा है।

नैनी झील नैनीताल का प्राण है। इस झील की कुदरती बनावट में ही इसकी असल खूबसूरती छिपी है। झील ही यहां के लोगों को रोजी-रोटी, भोजन-पानी, पहचान और आत्म सम्मान देती है। नैनी झील की सेहत और खूबसूरती से ही नैनीताल की खूबसूरती है। पर्यटन है, रोजगार है। सालाना अरबों का कारोबार है। इस झील से नैनीताल ही नहीं, बल्कि आसपास के गांवों के निवासियों को पीने का पानी और रोजगार मिलता है। नैनीताल का अस्तित्व झील पर ही टिका हुआ है। यहां की हरेक सांस झील के बूते ही चलती है। यहां के जीवन का संपूर्ण तानाबाना झील के इर्द-गिर्द ही घूमता है। बावजूद इसके पिछले तीन-चार दशकों में सबसे अधिक उपेक्षा इसी झील की हुई है।

नैनीताल नगर समेत आसपास के कई गांवों के वाशिंदे पीने के पानी के लिए इसी झील पर आश्रित हैं। यहां की स्थायी आबादी के साथ पर्यटकों की आमद भी साल-दर-साल बढ़ती चली जा रही है। इसी अनुपात में पीने के पानी की मांग भी बढ़ रही है। वर्तमान में नैनीताल नगर में 7108 घरेलू और 988 गैर घरेलू, कुल मिलाकर 8096 जल संयोजन हैं। यहां गर्मियों के दिनों में 22 से 25 एमएलडी और जाड़ों के दिनों में करीब 15 एमएलडी पानी की आवश्यकता होती है। पानी



प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

नैनीताल में खाली जमीन के नाम पर वन विभाग के निगरानी वाला वन क्षेत्र और तेज ढालदार कुछ जमीनें बची हुई हैं, जो बरसात के पानी को सोख पाने में असमर्थ हैं। पहले के मुकाबले यहां बरसात के सालाना औसत में गिरावट आई है। जाड़ों के मौसम में पहले जैसी वर्षा और बर्फबारी नहीं हो रही है।

की संपूर्ण आपूर्ति झील पर निर्भर है। झील के जल स्तर के मद्देनजर उत्तराखंड जल संस्थान ने नगर में सिर्फ आठ एमएलडी पानी की आपूर्ति कर रहा है। जल संस्थान ने पूर्व से चली आ रही चौबीस घंटे जलापूर्ति की व्यवस्था को खत्म कर दिया है। अब सुबह और शाम को डेढ़ से दो घंटे की जलापूर्ति की जा रही है। जल संस्थान ने नगर की पेयजल व्यवस्था के लिए झील के किनारे दस ट्यूबवेल लगाए हैं। एक ट्यूबवेल पंप हाउस और चार ट्यूबवेल सूखाताल में लगे हैं।

मांग के सापेक्ष एक तिहाई पेयजलापूर्ति के बावजूद नैनी झील का जल स्तर निरंतर घटता जा रहा है। बरसात के मौसम में औसत से कम वर्षा होना और नैनी झील के जल संग्रहण क्षेत्र में कंक्रीट के जंगल का विस्तार इसकी मुख्य वजह मानी जा रही है। नैनीताल की झील का अधिकांश जल संग्रहण क्षेत्र कंक्रीट के जंगल से पट गया है। बरसात का पानी सोख कर झील को पानी देने के लिए अब खाली जमीन नहीं के बराबर बची हुई है। पहले वाहन चालित सड़कों को छोड़कर बाकी सभी सड़क-रास्ते कच्चे थे, ये बरसात का पानी सोखने का काम करते थे। अब नगर के सभी सड़क-रास्ते पक्के बन गए हैं। झील की तलहटी में मिट्टी-मलबा और कूड़ा-करकट भर जाने से तालाब के भीतर मौजूद प्राकृतिक जल स्रोत बंद हो गए हैं। झील की जल संग्रहण क्षमता भी घटी है।

एक दौर में नैनीताल में सैकड़ों प्राकृतिक जल स्रोत थे। अब अधिकांश जल स्रोत सूख गए हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार 1950 से पहले नैनीताल में 230 प्राकृतिक जल स्रोत थे। 1994 तक इनकी संख्या घटकर सिर्फ तीस रह गई थी। वर्तमान में नैनी झील के जल संग्रहण क्षेत्र में बमुश्किल दर्जन भर प्राकृतिक जल स्रोत जिंदा हैं। इनमें से ज्यादातर जल स्रोतों में बरसात के मौसम में ही पानी टपकता है। नैनी झील का सबसे महत्वपूर्ण जल संग्रहण क्षेत्र सूखाताल था। कालांतर में इस क्षेत्र में भी कंक्रीट का जंगल उग आया है। सूखाताल की इस बरसाती झील के बाकी हिस्से को भी आधुनिक युग के योजनाकारों ने सीमेंट से पाट दिया है।

नैनीताल में खाली जमीन के नाम पर वन विभाग के निगरानी वाला वन क्षेत्र और तेज ढालदार कुछ जमीनें बची हुई हैं, जो बरसात के पानी को सोख पाने में असमर्थ हैं। पहले के मुकाबले यहां बरसात के सालाना औसत में गिरावट आई है। जाड़ों के मौसम में पहले जैसी वर्षा और बर्फबारी नहीं हो रही है। बरसात में जितना पानी बरसता है, उसका अधिकांश हिस्सा नालों के द्वारा तेज रफ्तार से सीधे तालाब में पहुंचता है। पानी के साथ बहकर आया मिट्टी-मलबा और कूड़ा-करकट झील के गर्भ में समा जाता है। झील के भर जाने के बाद अतिरिक्त पानी की निकासी कर दी जाती है। इस सबके चलते मानकों के मुताबिक झील के जल स्तर को कायम रख पाना साल-दर-साल मुश्किल होता चला जा रहा है। गर्मी शुरू होते ही नैनीताल का विशाल ताल, तलैया बन जाता है।

दिल्ली में चार सीटों पर गुल खिला सकते हैं मुस्लिम मतदाता

राजपुरुष

- उत्तर पूर्व, पूर्वी दिल्ली, चांदनी चौक और नई दिल्ली लोकसभा सीट पर मुस्लिम मतदाता 14 से 21 फीसदी तक
- इस बार आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का गठबंधन होने से वोटों के बिखराव की कोई संभावना नहीं

21.0% गिने जाते हैं उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट पर मुस्लिम मतदाता

16.8% पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट पर मुस्लिम मतदाताओं की अनुमानित संख्या

अमृत विचार। दिल्ली की सात लोकसभा सीटों पर 25 मई को वोट डाले जाएंगे। पिछले दो चुनाव से भाजपा यहां की सभी सात सीटों पर कमल खिला रही है। लेकिन इस बार तस्वीर थोड़ी बदली हुई है। इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी चार और कांग्रेस तीन सीटों पर भाजपा का मुकाबला कर रही है। ऐसे में बड़ा सवाल मुस्लिम मतदाताओं का रुख है। 2019 के लोकसभा चुनाव में मुकाबला भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच त्रिकोणीय था। इससे मुस्लिम वोट बिखर गया था। अबकी बार कांग्रेस-आप के गठबंधन का भाजपा से सीधा मुकाबला है। ऐसे में मुस्लिम मतों के बिखराव की संभावना नहीं है। दिल्ली में चार लोकसभा सीटों पर मुस्लिम मतदाताओं के एकमुश्त वोट भाजपा की चिंता बढ़ा रहे हैं। हालांकि भाजपा नेता कह रहे हैं कि मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ सभी धर्मों के गरीब वर्ग को मिल रहा है। पसमांदा मुस्लिमों को सबसे ज्यादा फायदा मिला है। इससे भाजपा के विरुद्ध मुस्लिमों को लेकर किया जाने वाला दुष्प्रचार अब उतना प्रभावी नहीं रहा है। मुस्लिम समाज इस बात से सहमत है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए काम कर रहे हैं। इसका लाभ भाजपा को चुनाव में अवश्य मिलेगा।

दिल्ली में भाजपा के खिलाफ एकमुश्त मुस्लिम वोट पाने की उम्मीद लगाए बैठा इंडिया गठबंधन की ओर से आप और कांग्रेस दोनों ने कोई मुस्लिम उम्मीदवार मैदान में नहीं उतारा है। बहुजन समाज पार्टी ने जरूर चांदनी चौक सीट से एकमात्र मुस्लिम प्रत्याशी अब्दुल कलाम आजाद को मैदान में उतार रखा है। दिल्ली में तीन लोकसभा सीटों पर उत्तर पूर्व दिल्ली, पूर्वी दिल्ली और चांदनी चौक में मुस्लिम मतदाताओं की भूमिका को अहम माना जाता है। उत्तर पूर्व दिल्ली लोकसभा सीट पर सबसे ज्यादा करीब 21 फीसदी, पूर्वी दिल्ली में में लगभग 17 फीसदी और चांदनी चौक सीट पर 14 फीसदी मुस्लिम मतदाता हैं। 2014 के लोकसभा और 2015 के विधानसभा चुनाव से मुस्लिम समुदाय को वोट कांग्रेस से आम आदमी पार्टी की तरफ खिसक गया था। हालांकि 2019 के लोकसभा चुनाव में मुस्लिम मतदाता ने एक बार फिर कांग्रेस का रुख किया, इसका नतीजा रहा कि कांग्रेस दिल्ली में भले ही लोकसभा की एक भी सीट नहीं जीत पाई, लेकिन वोट फीसदी में उसने आम आदमी पार्टी को पीछे छोड़ते हुए दूसरा स्थान हासिल कर लिया था।

उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में मुस्लिम मतदाता सबसे अधिक 21 फीसदी है, इंडिया गठबंधन में कांग्रेस से इस सीट पर कन्हैया कुमार चुनाव लड़ रहे हैं। उनका मुकाबला भाजपा के सांसद मनोज तिवारी से हैं। इस सीट पर पूर्वांचल के मतदाता भी बड़ी संख्या में हैं। पूर्वी दिल्ली में 16.8 फीसदी मुस्लिम मतदाता माने जाते हैं। इस लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन की तरफ से आम आदमी पार्टी ने कुलदीप कुमार को मैदान में उतारा है। भाजपा ने यहां प्रत्याशी बदलकर हर्ष मल्होत्रा को उम्मीदवार बनाया है। चांदनी चौक में मुस्लिम मतदाताओं की संख्या 14 फीसदी है।

इस लोकसभा क्षेत्र में आदर्श नगर, शालीमार बाग, शकूरबस्ती, वजीरपुर, सदर बाजार, चांदनी चौक, मटिया महल और बल्लीमारान जैसी विधानसभा सीटें आती हैं, जिन पर मुस्लिम मत निर्णायक माने जाते हैं। चांदनी चौक से इस बार कांग्रेस के जयप्रकाश अग्रवाल और भाजपा के प्रवीण खंडेलवाल के बीच मुकाबला है।

नई दिल्ली में 14, उत्तर पश्चिमी क्षेत्र में 10.6 फीसदी

- नई दिल्ली लोकसभा सीट पर मुस्लिम मतदाता चांदनी चौक जितने 14 फीसदी गिने जाते हैं। इस लोकसभा सीट पर इस बार आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार सोमनाथ भारती और भाजपा की बांसुरी स्वराज के बीच चुनावी संघर्ष हो रहा है।
- उत्तर पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट पर मुस्लिम मतदाता 10.6 फीसदी गिने जाते हैं, यहां कांग्रेस के उदित राज का मुकाबला भाजपा प्रत्याशी योगेंद्र चंदोलिया से हो रहा है।
- इसी तरह दक्षिण दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में सात फीसदी मुस्लिम मतदाताओं का अनुमान लगाया जाता है। इस लोकसभा सीट पर इस बार मुकाबला आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार सहीराम पहलवान और भारतीय जनता पार्टी के रामवीर सिंह बिधूड़ी के बीच है।
- पश्चिमी दिल्ली में 6.8 फीसदी मुस्लिम मतदाता हैं। इस सीट पर इस बार भाजपा ने दक्षिणी दिल्ली के पूर्व मेयर कमलजीत सहरावत को मौका दिया है। पिछली बार 2019 में यहां से भाजपा के प्रवेश वर्मा जीते थे। आम आदमी पार्टी की तरफ से महाबल मिश्रा भाजपा का मुकाबला कर रहे हैं।

बुनियादी सुविधाओं का अभाव, सीएए की चर्चा व दंगे की याद

- दिल्ली के अधिकतर मुस्लिम इलाकों में घनी आबादी है। बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। बिजली सप्लाई में सुधार, सड़क, पानी और अतिक्रमण जैसे मुद्दे अहम हैं। इसके अलावा चुनाव से पहले लागु हुआ सीएए जैसा मुद्दा भी है, जिसकी मुस्लिम इलाकों में चर्चा है। इसके साथ ही दिल्ली में वर्ष 2020 में हुए दंगे की याद भी लोग दिलाते हैं।

इस बार बहुमत के दरवाजे पर दस्तक

चौथे चरण की 96 लोकसभा सीटों में दलों के दबदबे के साथ स्विंग और कांटे के संघर्ष वाला मिजाज ज्यादा

चौथे चरण का चुनाव

मनोज त्रिपाठी

भाजपा –कांग्रेस का यह रहा प्रदर्शन

2009 भाजपा – 10, कांग्रेस – 50

2014 भाजपा – 38, कांग्रेस – 03

2019 भाजपा – 42, कांग्रेस – 06

35% सीटों पर क्षेत्रीय दल खिलाड़ी तो दलों के गढ़ वाली सीटें कम

2019 में वोट शेयर

चुनाव लड़ा	भाजपा 89 सीट	कांग्रेस 85 सीट
10% से कम	31	43
10–20%	07	07
20–30%	02	06
30–40%	06	18
40% से ज्यादा	43	11

32 सीटें पाला बदल या कड़े मुकाबले वाली, किसी भी तरफ झुक सकता फैसला

चौथे चरण की 96 लोकसभा सीटों में 32 सीटें परिणाम में बड़ा असर डाल सकती हैं। इनमें 21 सीटें ऐसी हैं, जो लगभग हर चुनाव में इधर–उधर होती रहती हैं। इसके अलावा 11 ऐसी सीटे हैं, जिन पर 2019 में जीत–हार का अंतर एक फीसदी से भी कम था। ऐसे में यही 32 लोकसभा सीटें इस चरण में असली खिलाड़ी हैं, जो किसी के साथ भी जाने पर उसका पलड़ा भारी कर सकती हैं।

पिछली बार लगभग आधी सीटों पर हुआ था जमकर मुकाबला

2019 में चौथे चरण की लगभग आधी सीटों पर कांटे की टक्कर देखने को मिली थी। कोई भी दल ऐसे नहीं था, जिसने एकतरफा यानी 40 फीसदी से ज्यादा वोटों के अंतर से चुनाव जीता हो। झारखंड की पलामू, महाराष्ट्र की जलगांव और जम्मू–कश्मीर की श्रीनगर ही ऐसी सीटें थीं, जहां जीत का अंतर 40 फीसदी के आसपास था। भाजपा ने पलामू में 37.80% और जलगांव में 39.55% वोटों के अंतर से चुनाव जीता था, जबकि, श्रीनगर सीट पर फारूक अब्दुल्ला ने 37.50% मतों के अंतर से जीत हासिल की थी।



11 सीटों पर एक फीसदी से कम वोटों से हुई थी जीत-हार

- 2019 के लोकसभा चुनाव में चौथे चरण की 11 सीटों पर एक प्रतिशत से कम वोट के अंतर से जीत–हार का फैसला हुआ था। तेलुगु देशम पार्टी ने आंध्र प्रदेश में विजयवाड़ा सीट 0.7%, श्रीकाकुलम 0.6% और गुंटूर सीट 0.4% मतों के अंतर से जीती थी। कांग्रेस ने तेलंगाना की मलकाजगिरी में 0.7 % और भोंगिर में 0.4% के अंतर से चुनाव जीता था। इसी तरह विशाखापट्टनम, खूंटी, औरंगाबाद, कोरापुट, जहिराबाद और बर्धमान में भी एक प्रतिशत मतों के अंतर वाला मुकाबला ही सामने आया था।

अमृत विचार। 13 मई को चौथे चरण में 96 सीटों पर मतदान के साथ 379 लोकसभा सीटों पर चुनाव संपन्न हो जाएगा, इसी के साथ माना जा रहा है कि बहुमत का दरवाजा भी खुल जाएगा और यह तय होगा कि कौन भीतर प्रवेश करने के लिए तैयार है। शायद यही वजह है कि यह चरण दोनों प्रमुख गठबंधनों एनडीए और इंडिया के लिए आसान नहीं है। 2019 के लोकसभा चुनाव परिणाम के लिहाज से कांग्रेस के मुकाबले इस चरण में भी भाजपा की बढ़त तो साफ नजर आती है, लेकिन इस चरण के असली खिलाड़ी क्षेत्रीय दल हैं, जो दोनों गठबंधनों में से किसी के लिए भी बहुमत का दरवाजा खोल सकते हैं या पास फटकने से रोक सकते हैं।

भाजपा की अगुवाई वाला एनडीए गठबंधन तीन चरणों के चुनाव में 200 से अधिक सीटें जीतने का दावा कर रहा है, तो इंडिया गठबंधन के नेताओं का कहना है कि सभी 543 सीटों के चुनाव के बाद भी भाजपा की इस मर्तबा 200 सीटें नहीं आ रही हैं। अब सत्ता पक्ष और विपक्ष के इन दावों की पड़ताल तो चार जून को चुनाव परिणाम आने पर होगी, पर चौथे चरण के रण की बात करें तो भाजपा ने इस चरण की 96 में से 42 सीटों पर 2019 के चुनाव में जीत हासिल की थी। पार्टी इस बार अपनी जीत का आंकड़ा 60 से ऊपर जाने की उम्मीद लगा रही है।

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में राजनीतिक दलों के गढ़ वाली सीटों और स्विंग करने वाली सीटों के परिणाम पर ही सारा दारोमदार टिका है। यही सीटें मुकाबला दिलचस्प बना सकती हैं, क्योंकि इन सीटों में जीत-हार को लेकर फेरबदल होने की संभावनाएं थोड़ी ज्यादा हैं। इस चरण में उन सीटों की संख्या ज्यादा हैं, जहां 2009 से किसी एक पार्टी का दबदबा नहीं रहा है। इसके अलावा इस बार पिछली बार से परिस्थितियां भी बदली हुई हैं। आंध्र प्रदेश में कांटे की टक्कर मानी जा रही है, तो तेलंगाना में बीआरएस के बजाय अब कांग्रेस काबिज है। 2019 के चुनाव में भाजपा इस चरण की 96 में से 89 सीटों पर चुनाव लड़कर 43 सीटें जीतने में सफल रही थी। भाजपा ने जीत वाली 43 सीटों पर 40 फीसदी से ज्यादा वोट हासिल किए थे। जबकि इन 43 सीटों पर कांग्रेस को 10 फीसदी से भी कम वोट मिले थे। 2014 की मोदी लहर में भाजपा ने इस चरण में 38 सीटें जीती थीं। हालांकि 2009 में भाजपा के हाथ सिर्फ 10 सीटें ही आयी थीं। इसके मुकाबले कांग्रेस 2019 में 85 सीटों पर चुनाव लड़कर सिर्फ 6 सीटें ही जीत सकी थी। 2014 के चुनाव में कांग्रेस का प्रदर्शन काफी दयनीय था। पार्टी केवल तीन सीटें ही जीत पायी थी, जबकि 2009 में कांग्रेस ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए 50 लोकसभा सीटों पर जीत का परचम फहराया था। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी भी इन सीटों पर तेजी से आगे बढ़ी है। पार्टी ने 2014 में 9 सीटों पर जीत हासिल की थी, जबकि 2019 में उसने 22 सीटें जीत ली थीं।

जीतेंगे जरूर

झारखंड की राजमहल लोकसभा सीट से उम्मीदवार विजय कुमार हंसदक के नामांकन जुलूस में शामिल झारखंड मुक्ति मोर्चा की नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने मांगा समर्थन।

ये मेरी गारंटी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हैदराबाद में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने तेलंगाना सरकार पर जमकर हमला बोला। पार्टी उम्मीदवारों के लिए वोट मांगे।

झारखंड में अर्जुन मुंडा व गीता कोड़ा की किस्मत का फैसला

चुनाव डेस्क

अर्जुन मुंडा।

गीता कोड़ा।

रांची। झारखंड में चौथे चरण से लोकसभा चुनाव की शुरूआत हो रही है। 13 मई को राज्य की चार सीटों सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में वोट डाले जाएंगे। पलामू अनुसूचित जाति की आरक्षित सीट है, जबकि बाकी तीन सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। चारों लोकसभा क्षेत्रों में 32.07 लाख महिलाओं सहित 64.37 लाख से अधिक मतदाता हैं। 2019 में भाजपा को राज्य में 11 सीटें मिली थीं, जबकि उसकी सहयोगी आजसू ने एक सीट जीती थी। कांग्रेस और जेएमएम को एक-एक सीट मिली थी। इस बार इन चारों सीटों पर होने वाले मतदान से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, चाईबासा की सांसद गीता कोड़ा, पलामू के सांसद बीडी राम, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, झारखंड प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव भगत जैसे दिग्गजों की किस्मत का फैसला होगा। यहां चारों सीटों पर भाजपा और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों में आमने-सामने का मुकाबला नजर आ रहा है।

सिंहभूम में दो दिग्गज महिला नेताओं की जंग: सिंहभूम में इस बार के चुनाव में दो महिला नेताओं के बीच जमकर मुकाबला हो रहा है। भाजपा सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा फिर मैदान में हैं, यहां झामुमो की जोबा मांझी उनका मुकाबला कर रही हैं। गीता कोड़ा ने 2019 में इस सीट से कांग्रेस के टिकट पर जीत हासिल की थी। गीता कोड़ा चुनाव से पहले कांग्रेस से भाजपा में शामिल हो गई थीं। जोबा मांझी सिंहभूम के ही मनोहरपुर से लगातार छह बार विधायक चुनी गई हैं। वह बिहार और झारखंड सरकार में मंत्री रह चुकी हैं।

खूंटी में 1,445 वोटों से हारी कांग्रेस ले पाएगी बदला

- खूंटी लोकसभा सीट से भाजपा सांसद और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के सामने कांग्रेस ने काली चरण मुंडा को मैदान में उतारा है। गरीबी, अफीम की खेती, नक्सलवाद और मानव तस्करी की समस्याओं का सामना करने वाले खूंटी लोकसभा क्षेत्र में अर्जुन मुंडा ने 2019 में काली चरण मुंडा को केवल 1,445 वोटों के मामूली अंतर से हराया था। इस बार काली चरण अपनी हार का बदला लेने को आतुर दिख रहे हैं। अर्जुन मुंडा की जीत के लिए भाजपा ने ताकत झोंक रखी है।

लोहरदगा में आसान नहीं समीर उरांव की राह

- लोहरदगा में कांग्रेस के सुखदेव भगत का मुकाबला भाजपा के समीर उरांव से है। भाजपा ने मौजूदा सांसद सुदर्शन भगत की जगह उरांव पर भरोसा जताया है। इसकी वजह सुदर्शन भगत को 2019 में सिर्फ 10,363 वोटों से मिली जीत रही है। 2018 में ओरांव राज्यसभा के लिए चुने गए थे और उनका कार्यकाल तीन मई को समाप्त हो गया है। यहां उनका मुकाबले में कांग्रेस ने पूर्व विधायक और पार्टी के प्रदेशअध्यक्ष रहे सुखदेव भगत को उतारा है।

पलामू में भाजपा जीत की हैट्रिक लगाने की तैयारी में

- पलामू में भाजपा ने राज्य के पूर्व डीजीपी सांसद विष्णु दयाल राम को तीसरी बार मैदान में उतारा है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की तरफ से ममता भुइयां यां इंडिया गठबंधन उम्मीदवार के रूप में उनका मुकाबला कर रही हैं। 2019 के चुनाव में विष्णु दयाल राम ने राजद के घूरन राम को 4,77,606 वोटों के अंतर से हराया था। यहां इस बार भी भाजपा की स्थिति बेहतर मानी जा रही है।

गिरिराज, नित्यानंद व ललन सिंह की प्रतिष्ठा दांव पर

बिहार का चुनावी रण

चुनाव डेस्क



गिरिराज सिंह।

नित्यानंद राय।

ललन सिंह। अमृत विचार

अमृत विचार। बिहार में चौथे चरण में पांच लोकसभा सीटों मुंगेर, बेगूसराय, दरभंगा, समस्तीपुर और उजियारपुर में 13 मई को मतदान होगा। इस चरण में भाजपा के दिग्गज फायरब्रांड नेता गिरिराज सिंह, केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय और जेडीयू नेता ललन सिंह की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। एनडीए के सामने यहां अपनी जीत दोहराने का दबाव है।

बाहुबली तय कर रहे मुंगेर में जीत-हार की तस्वीर : मुंगेर लोकसभा सीट से एनडीए की सहयोगी जेडीयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह दूसरी बार मैदान में हैं। ललन सिंह ने 2019 के चुनाव में बाहुबली अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी को हराया था। आरजेडी ने इस सीट से बाहुबली अशोक महतो की पत्नी अनीता देवी को मैदान में उतारा है। लेकिन मोकामा के बाहुबली अनंत सिंह जेल से बाहर आने के बाद ललन सिंह को खुला समर्थन दे रहे हैं।

बेगूसराय में गिरिराज को चुनौती देना थोड़ा कठिन : बेगूसराय लोकसभा सीट पर भाजपा के फायर ब्रांड नेता गिरिराज सिंह की इस बार सीधी टक्कर सीपीआई के अवधेश राय से है। पिछली बार इस सीट से सीपीआई से कन्हैया कुमार चुनाव लड़े थे, उन्हें गिरिराज सिंह ने चार लाख मतों से हराया था। आरजेडी तीसरे नंबर पर थी। इस सीट पर भूमिहारों का दबदबा है। लोकसभा क्षेत्र में 18% भूमिहार, 14 % मुस्लिम और 10% यादव हैं।

दरभंगा में जातीय समीकरणों पर टिकी लड़ाई

- दरभंगा लोकसभा सीट पर 15 सालों से भाजपा का कब्जा है। भाजपा ने इस बार इस सीट से मौजूदा सांसद गोपाल जी ठाकुर को मैदान में उतारा है। इंडिया गठबंधन की तरफ से आरजेडी ने ललित कुमार यादव पर दांव लगाया है। वह दरभंगा ग्रामीण से छह बार विधायक चुने जा चुके हैं। 2019 के चुनाव में गोपाल जी ठाकुर ने आरजेडी के अब्दुल बारी सिद्दीकी को बड़े अंतर से हराया था। इस बार यहां जातीय समीकरण की लड़ाई है।

समस्तीपुर में मंत्रियों के बेटे और बेटी में टक्कर

- समस्तीपुर लोकसभा सीट पर लोक जनशक्ति पार्टी बीते दो चुनाव से जीत रही है। इस बार लोजपा टूट गई है। 2019 में लोजपा के रामचंद्र पासवान की जीत हुई थी। एनडीए के सहयोगी चिराग पासवान ने शांभवी चौधरी को यहां से उतारा है। शांभवी चौधरी मंत्री अशोक चौधरी की बेटी हैं। इंडिया गठबंधन की तरफ से कांग्रेस ने सन्नी हजारी को मौका दिया है। सन्नी हजारी जेडीयू मंत्री महेश्वर हजारी के बेटे हैं। इस तरह यहां नितीश के दो मंत्रियों के पुत्र–पुत्रियों में टक्कर है।

उजियारपुर में राय के लिए अमित शाह बना गए माहौल

- भाजपा के लिए उजियारपुर लोकसभा सीट प्रतिष्ठा का प्रश्न है। यहां गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय की टक्कर राजद सुप्रीमो के करीबी पूर्व मंत्री आलोक मेहता से है। वह उन्हें जीत की हैट्रिक की चुनौती दे रहे हैं। साल 2009 में सीट अस्तित्व में आने के बाद से इस सीट पर एनडीए का कब्जा है। गृह मंत्री अमित शाह मतदाताओं से नित्यानंद राय को 'महत्वपूर्ण पद' देने की बात कहकर माहौल बना गए हैं। 2019 में नित्यानंद राय ने रालोसपा नेता उपेंद्र कुशवाहा को 2.71 लाख मतों से हराया था।

आठ सीटों पर जीत का चौका, 48 में तीसरी बार कमल खिलाने का इरादा

दिग्विजय सिंह

अमृत विचार: पिछले दो लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश में एकतरफा जीत हासिल की थी। इस बार पार्टी मिशन-80 लेकर चल रही है, तो उसकी उम्मीदें बेवजह भी नहीं हैं। आठ लोकसभा सीटों लखनऊ, आगरा, वाराणसी, गोरखपुर, मेरठ, आंवला, बांसगांव और पीलीभीत में भाजपा हैट्रिक लगा चुकी है, इस बार जीत का चौका लगाने उतरी है। इसके साथ ही प्रदेश में 48 लोकसभा क्षेत्र ऐसे हैं, जहां भाजपा इस बार जीत की हैट्रिक लगाने के लिए चुनावी मैदान में है। दरअसल, प्रदेश में 49 लोकसभा सीटों पर भाजपा 2014 की मोदी लहर के बाद 2019 में भी चुनाव जीती थी। लेकिन इस बार इनमें से बागपत लोकसभा सीट पर उसकी सहयोगी जयंत चौधरी की रालोद ने चुनाव लड़ा है।

भाजपा के मिशन-80 की उम्मीदों का लेखाजोखा

छह नेताओं ने लगाया जीत का सिक्सर

- प्रदेश से लोकसभा चुनाव में जीत का सिक्सर लगाने वाले छह नेताओं में प्रतापगढ़ के राजा दिनेश सिंह, भाजपा के दिग्गज मुरली मनोहर जोशी, सपा संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव, रालोद मुखिया चौधरी अजित सिंह के अलावा राम नगीना मिश्र तथा महादीपक सिंह शाक्य के नाम हैं।

27 सांसद उतरे हैं जीत की हैट्रिक लगाने

- प्रदेश में इस बार भाजपा के 28 सांसद जीत की हैट्रिक लगाने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भारी उद्योग मंत्री महेन्द्र नाथ पांडेय, केंद्रीय राज्य मंत्री पंकज चौधरी, संजीव बालियान, भानु प्रताप सिंह वर्मा, कौशल किशोर शामिल हैं।

लखनऊ में लगातार आठ जीत का रिकार्ड राजनाथ की हैट्रिक और जीत का चौका भी

लखनऊ लोकसभा सीट पर भाजपा 1991 के चुनाव से लगातार जीत रही है, और अब तक आठ बार चुनाव जीत चुकी है। इस बार यहां से दिग्गज भाजपा नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जीत की हैट्रिक लगाने के लिए मैदान में हैं। हालांकि राजनाथ सिंह के लिए लखनऊ में जीत की हैट्रिक का सवाल है, लेकिन चुनाव जीतने पर उनका विजयी चौका होगा, क्योंकि वर्ष 2009 का चुनाव उन्होंने गाजियाबाद सीट से जीता था। इसके बाद 2014 व 2019 का चुनाव लखनऊ से जीते हैं।

मेनका गांधी दो बार लगा चुकी हैं जीत की हैट्रिक

भाजपा सांसद मेनका गांधी आठ बार लोकसभा चुनाव जीत चुकी हैं। इस बार वह सुल्तानपुर से नवीं जीत हासिल करने के लिए मैदान में है। मेनका इससे पहले दो बार जीत की हैट्रिक लगा चुकी हैं। पीलीभीत लोकसभा सीट से वर्ष 1996, 1998 व 1999 में

चुनाव जीतकर उन्होंने पहली हैट्रिक लगाई थी। इसमें 1996 का चुनाव वह जनता दल से लड़ी थीं, जबकि 1998 और 1999 में निर्दलीय चुनाव लड़कर जीत हासिल की थी। भाजपा प्रत्याशी के रूप में 2004, 2009 व 2014 के तीन लोकसभा चुनाव लगातार जीतकर उन्होंने दूसरी बार जीत की हैट्रिक पूरी की थी। मेनका गांधी की बराबरी करने के लिए केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी भी लाइन में हैं। वह इस बार दूसरी हैट्रिक लगाने के लिए चुनाव मैदान में उतरे हैं। पंकज चौधरी ने महाराजगंज लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के रूप में वर्ष 1991,1996 व 1998 में चुनाव जीतकर हैट्रिक लगाई थी। इसके बाद 2004 का चुनाव भाजपा से जीतने के बाद 2014 व 2019 में महाराजगंज से फिर जीते थे।

आठ बार चुनाव जीतने वालों में संतोष गंगवार भी, इस बार मैदान में नहीं

- प्रदेश से आठ बार लोकसभा चुनाव जीतने वाले सांसदों में मेनका गांधी के अलावा भाजपा नेता संतोष गंगवार भी हैं। वह 2019 में आठवीं बार सांसद चुने गए थे। लेकिन इस बार बरेली सीट से भाजपा ने उनका टिकट काट दिया था। इसी तरह बाजपा सांसद ब्रजभूषण सिंह भी जीत का सिक्सर लगा चुके हैं, लेकिन उनका भी टिकट इस बार पार्टी ने काट दिया है।

लेकिन सबसे बड़ा कीर्तिमान पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के नाम

प्रदेश से सबसे अधिक बार लोकसभा चुनाव जीतने का कीर्तिमान पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर है। वह दूसरी लोकसबा से 14वीं लोकसभा तक 10 बार सांसद चुने गए थे। इसमें से नौ बार उन्होंने उत्तर प्रदेश से चुनाव जीता था।



भाजपा से पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के बेटे नीरज शेखर मैदान में, सपा ने वरिष्ठ नेता सनातन पांडेय को दोबारा मैदान में उतारा है

विकास की चाहत और जाति-बिरादरी का मोह

बलिया संसदीय सीट

विनय जायसवाल, मऊ

बलिया का नाम आते ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मंगल पांडेय और पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर का नाम जेहन में सबसे पहले आता है। बलिया को बागी बलिया भी कहा जाता है। कभी समाजवादियों का मजबूत गढ़ रहे बलिया संसदीय क्षेत्र में आज भाजपा का परचम लहर रहा है। खास बात यह है कि युवा तुर्क कहे जाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चंद्रशेखर के पुत्र नीरज शेखर भी भगवा खेमे के झंडाबरदार हैं। इस चुनाव में भाजपा ने अपने सीटिंग सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त का टिकट काटकर नीरज शेखर को मैदान में उतारा है। भाजपा को उम्मीद है कि इस बार यहां से न सिर्फ जीत की हैट्रिक लगेगी बल्कि भगवा रंग और चटख हो जाएगा। भाजपा भले ही लोकसभा चुनावों में दो बार से जीत दर्ज कर रही है लेकिन 2022 के विधानसभा चुनाव में उसकी स्थिति खराब हो गई थी। पार्टी को यहां की पांच विधानसभा सीटों में से सिर्फ एक पर ही जीत मिली थी। हालांकि तब उसके साथ सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी नहीं थी इस चुनाव में वह भाजपा की प्रमुख सहयोगी है। इसका लाभ भगवा खेमे को मिलता दिख रहा है।

जातीय समीकरण अनुमानित

ब्राह्मण	3.0 लाख
राजपूत	2.50 लाख
भूमिहार	1.55 लाख
यादव	2.20 लाख
दलित	3.10 लाख
मुस्लिम	1.0 लाख

06
बार बलिया से पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने चुनाव जीता था

2019 का परिणाम

दल	उम्मीदवार	वोट	%
भाजपा	वीरेंद्र सिंह मस्त	4,69,114	47.40
सपा	सनातन पांडे	4,53,595	45.83
एसबीएसपी	विनोद	35,900	3.63

2014 का जनादेश

दल	उम्मीदवार	वोट	%
भाजपा	भरत सिंह	3,59,760	38.18
सपा	नीरज शेखर	2,20,324	23.38
कौमी एकता	अफजल अंसारी	1,63,943	17.40
बसपा	वीरेंद्र कुमार पाठक	1,41,684	15.04
कांग्रेस	सुधा राय	13,501	1.43

15,519 वोटों से ही पिछला चुनाव जीती थी भाजपा

- 2019 के लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज करने के लिए भाजपा को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी थी। पार्टी के उम्मीदवार वीरेंद्र सिंह मस्त सपा के सनातन पांडेय से मात्र 15,519 वोटों से ही जीत पाए थे। हालांकि तब सपा- बसपा का गठबंधन था और कांग्रेस ने यहां से उम्मीदवार नहीं उतारे थे। 35,900 वोट सुभासपा के उम्मीदवार को मिले थे। इस चुनाव में सपा, बसपा अलग- अलग लड़ रही हैं। सपा का कांग्रेस से गठबंधन है तो सुभासपा भाजपा के साथ खड़ी है। भाजपा के रणनीतिकार मानते हैं कि सुभासपा का साथ, मोदी की गारंटी और नीरज शेखर की स्वच्छ छवि के सहारे पार्टी यहां जीत की हैट्रिक लगा लेगी। सपा- बसपा का गठबंधन न होना भी भाजपा के लिए मुफीद है।

मंझे राजनीतिक खिलाड़ी हैं सपा के सनातन पांडेय

- सपा उम्मीदवार सनातन पांडेय 2007 में चिलकहर विधानसभा सीट से सपा के टिकट पर जीते थे। हालांकि 2012 में जब परिसीमन हुआ तो चिलकहर विधानसभा सीट का अस्तित्व समाप्त हो गया था। इसके बाद वे रसड़ा से मैदान में आए लेकिन वह बसपा के उमाशंकर सिंह से पराजित हो गए थे। 2017 में भी वे रसड़ा सीट पर हारे और 2019 के लोकसभा चुनाव में बलिया लोकसभा सीट से चुनाव लड़े पर भाजपा ने उन्हें हराया।

बसपा बना रही है मुकाबले को त्रिकोणीय

बसपा ने इस सीट से लल्लन सिंह यादव को मैदान में उतारा है तो सपा से पूर्व विधायक सनातन पांडेय ताल ठोक रहे हैं। बसपा ने पिछड़ी जाति का उम्मीदवार देकर सपा के वोटों खासकर यादव मत में सेंधमारी की कोशिश की है। पार्टी की कोशिश है कि इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाया जाए ताकि सपा और भाजपा की लड़ाई में दलित, यादव वोटों के सहारे मैदान मारा जा सके। सनातन पांडेय भी अल्पसंख्यक, पिछड़ा और दलित वोटों के साथ ही ब्राह्मण वोटों के दम पर यहां से जीत दर्ज करने की कोशिश कर रहे हैं। यह लोकसभा क्षेत्र पांच विधानसभा क्षेत्रों को मिलाकर बनाया गया है। इसमें गाजीपुर की जहूराबाद और मोहम्मदाबाद व बलिया जिले की फेफना, बलिया नगर



और बैरिया विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। 1989 के बाद इस सीट पर कांग्रेस कभी नहीं जीती। ऐसा नहीं है कि कांग्रेस ने मजबूत प्रत्याशी न उतारे हों। पार्टी की ओर से खूब प्रयास हुए लेकिन युवा तुर्क चंद्रशेखर के आगे किसी की न चली। यहां के मतदाता सदैव चंद्रशेखर के साथ रहे। चंद्रशेखर ने सबसे पहले 1977 और 1980 में यहां से जीत दर्ज की थी। इसके बाद वे 1984 में हारे। फिर जनता दल के टिकट पर 1989 में जीते। इसके बाद उन्होंने समाजवादी जनता पार्टी का गठन किया और यहां से लगातार पांच चुनावों में जीत कर संसद पहुंचे। उनके निधन के बाद जब 2008 में इस सीट पर उप चुनाव हुआ तो उनके पुत्र नीरज शेखर सपा के टिकट पर सांसद बने। 2009 में भी नीरज सपा से जीते लेकिन 2014 की मोदी लहर में वे पिता की विरासत को नहीं बचा सके। भाजपा ने यहां से भरत सिंह को मैदान में उतार कर बाजी मार ली थी। हालांकि 2019 में पार्टी ने भरत सिंह का टिकट काटकर वीरेंद्र सिंह मस्त को दिया और वे भी जीते। अब नीरज शेखर भाजपा में हैं और फिर से पिता की विरासत बचाने के लिए कवायद कर रहे हैं।

... जब युवा तुर्क कहे जाने वाले चंद्रशेखर ने संभाली देश की कमान

बोफोर्स घोटाले का मुद्दा उठाकर सत्ता में आए जनता दल ने भाजपा के समर्थन से विश्वानाथ प्रताप सिंह को प्रधानमंत्री बनाया था लेकिन राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण को लेकर रथयात्रा निकाल रहे भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी को बिहार में जब तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने गिरफ्तार किया तो भाजपा ने समर्थन वापस ले लिया था। इससे वीपी सिंह की सरकार गिर गई थी। तब जनता दल के सांसदों के साथ चंद्रशेखर ने समाजवादी जनता पार्टी बनाई थी और कांग्रेस के समर्थन से प्रधानमंत्री बने थे। हालांकि तीन महीने बाद ही कांग्रेस ने उनसे समर्थन वापस ले लिया था। इस कारण चंद्रशेखर को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। हालांकि चंद्रशेखर कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में छह माह तक कार्य करते रहे थे।



पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर।

इंदिरा गांधी की हत्या से उपजी लहर में हारे चंद्रशेखर

- 1984 में जब पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या हुई तो देश में कई जगहों पर दंगे भी हुए थे। इसी के बाद हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में जबरदस्त सहानुभूति की लहर थी। इस लहर में चंद्रशेखर को कांग्रेस के हाथों हार का मुंह देखना पड़ा था।

राम मंदिर लहर में भी भाजपा नहीं जीत पाई थी

- 1989 में जब पूरे देश में राम मंदिर आंदोलन को लेकर भाजपा के पक्ष में लहर चल रही थी तब भी भाजपा यहां नहीं जीती। 1991 और 1996 में भी राम मंदिर आंदोलन को लेकर भाजपा के पक्ष में माहौल था लेकिन चंद्रशेखर को हिला पाना भाजपा के लिए मुश्किल था। भाजपा का खाता इस सीट पर तब खुला जब 2014 में पूरे देश में मोदी नाम की लहर आई। हालांकि इस चुनाव में चंद्रशेखर के पुत्र नीरज शेखर मैदान में थे लेकिन इस आंधी में वे भी खुद की जीत सुनिश्चित नहीं कर पाए थे।

मुख्तार अंसारी परिवार का पूरा दखल

- इस लोकसभा सीट पर चुनावों में मुख्तार अंसारी परिवार का भी जबरदस्त दखल है। यहां की मोहम्मदाबाद विधानसभा सीट से मुख्तार के भतीजे सुहेब अंसारी विधायक हैं। जहूराबाद विधानसभा क्षेत्र में भी मुख्तार परिवार का दबदबा है। अब मुख्तार के भाई अफजल अंसारी सपा में हैं तो इसका लाभ सनातन पांडेय को मिल सकता है।

बरसे फूल चंडीगढ़ के पचकुला में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में रोड शो करके जनता से मांगा समर्थन।

मना जश्न दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलने के बाद पंजाब के पटियाला में चुनाव प्रचार कर रहे आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया।

भाजपा उम्मीदवार देवेंद्र सिंह भोले को खुद के काम और मोदी की गारंटी पर भरोसा

अकबरपुर में भोले की लगेगी हैट्रिक या राजाराम की दौड़ेगी साइकिल

- बेरोजगारी, महंगाई और आरक्षण बचाने का नारा गठबंधन ने बनाया चुनावी हथियार
- बसपा के राजेश द्विवेदी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने का कर रहे प्रयास

त्रिपुरेश अवस्थी, कानपुर देहात

अमृत विचार। अकबरपुर संसदीय सीट पर भाजपा सांसद देवेंद्र सिंह भोले अब हैट्रिक लगाने के लिए व्यग्र दिख रहे हैं। मोदी की गारंटी, क्षेत्र में हुए विकास कार्य और कानून व्यवस्था को मुद्दा बनाकर वे जनता से वोट मांग रहे हैं तो इंडिया गठबंधन की प्रमुख सहयोगी पार्टी सपा के उम्मीदवार राजाराम पाल उन्हें हराने के लिए बेरोजगारी, महंगाई और आरक्षण के मुद्दे को अपने हथियार के रूप में प्रयोग कर रहे हैं और जनता से इन्हीं मुद्दों पर वोट मांग रहे हैं। इस लड़ाई को बसपा के राजेश द्विवेदी त्रिकोणीय बनाने की कोशिश तो कर रहे हैं पर कितना सफल होंगे यह वक्त बताएगा। फिलहाल मुकाबला भोले और पाल के बीच कांटे का दिख रहा है। बसपा प्रमुख मायावती और सपा प्रमुख अखिलेश यादव और राहुल गांधी ने चुनावी सभाओं के जरिए अपने- अपने उम्मीदवार के पक्ष में समीकरण साधने का प्रयास तो किया है। पीएम नरेंद्र मोदी भी चार मई को माहौल बना चुके हैं।

- अकबरपुर संसदीय सीट 2009 में अस्तित्व में आई थी। पहले चुनाव में पूर्व बसपा सांसद राजाराम पाल कांग्रेस के टिकट पर मैदान में उतरे थे और यहां से जीत हासिल की थी।

इस चुनाव में बसपा के अनिल शुक्ल वारसी ने उन्हें कड़ी टक्कर दी थी। इस चुनाव में भाजपा तीसरे और सपा चौथे नंबर पर थी। 2014 में जब चुनाव हुआ तो भाजपा ने पूर्व मंत्री देवेंद्र सिंह भोले पर दांव लगाया और यह सटीक बैठ गया। भोले न सिर्फ 2.79 लाख वोटों के भारी अंतर से जीते बल्कि इस चुनाव में राजाराम पाल चौथे, सपा के लाल सिंह तोमर तीसरे स्थान पर रहे। बसपा के अनिल शुक्ल वारसी को फिर दूसरा स्थान मिला। 2019 में भी भोले ने जीत दर्ज की। इस चुनाव में अनिल शुक्ल वारसी भाजपा में आ गए थे और बसपा- सपा गठबंधन की संयुक्त उम्मीदवार निशा सचान को दूसरा स्थान मिला था। राजाराम पाल इस चुनाव में भी तीसरे स्थान पर रहे थे। इस बार पाल मुख्य मुकाबले में दिख रहे हैं। जबकि बसपा इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की कोशिश कर रही है।

देवेंद्र सिंह भोले।

राजाराम पाल।

राजेश द्विवेदी।

राजाराम पाल पहली बार 2004 में बसपा से बने थे सांसद

- राजाराम पहली बार बसपा के टिकट पर 2004 में सांसद बने थे तब यह सीट बिल्हौर लोकसभा के नाम से जानी जाती थी। हालांकि ऑपरेशन दुर्योधन में नाम आने के बाद उनकी सदस्यता खत्म हो गई थी। इसके बाद 2007 में हुए उप चुनाव में बसपा के टिकट पर तब अनिल शुक्ल वारसी जीते थे। हालांकि 2008 में जब परिसीमन हुआ तो यह सीट खत्म हो गई और अकबरपुर के नाम से अस्तित्व में आई।

बसपा के ब्राह्मण चेहरे से सपा को दिख रहा फायदा

- बसपा ने इस सीट पर ब्राह्मण चेहरे को मैदान में उतारा है। इसे सपा अपने लिए मुफीद मान रही है। इस क्षेत्र में ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या निर्णायक मानी जाती है। कल्याणपुर और अकबरपुर रनिया विधानसभा क्षेत्र में इस जाति के मतदाता प्रभावशाली हैं। ऐसे में सपा को लगता है कि बसपा के परंपरागत मतदाताओं के साथ ही ब्राह्मण मतों के राजेश द्विवेदी के साथ जाने से इस लड़ाई में उसे फायदा होगा और वह देवेंद्र सिंह भोले की हैट्रिक रोकने में कामयाब होगी।

अकबरपुर संसदीय सीट

पांचों विधानसभा सीटें भाजपा व सहयोगी दल के पास

- इस क्षेत्र में आने वाली अकबरपुर रनिया, कल्याणपुर, बिठूर और महाराजपुर विधानसभा सीट पर भाजपा का कब्जा है। जबकि घाटमपुर सीट पर भाजपा की सहयोगी अपना दल एस की विधायक हैं। महाराजपुर सीट से विधायक सतीश महाना विधानसभा अध्यक्ष भी हैं। ऐसे में भोले की तीसरी जीत हो यह उनके लिए भी प्रतिष्ठा का सवाल है।

भोले और सांगा के साथ आने से भाजपा हुई मजबूत

- सांसद भोले और बिठूर के विधायक अभिजीत सिंह सांगा के बीच छत्तीस का आंकड़ा है। दोनों के बीच का तनाव किसी से नहीं छिपा है चाहे वे क्षेत्र के कार्यकर्ता हों या फिर पार्टी नेतृत्व इस बात से सभी वाकिफ हैं। सांगा लोकसभा चुनाव में टिकट के दावेदार थे लेकिन उन्हें टिकट नहीं मिला। जबकि उन्होंने कई बार अकबरपुर रनिया और महाराजपुर, बिठूर के साथ ही घाटमपुर में भी शक्ति प्रदर्शन कर चुके थे। हालांकि गृह मंत्री अमित शाह ने दोनों में सुलह कराई। अब सांगा भी चुनाव में जुट गए हैं।

भाजपा सरकार की अग्निवीर योजना से एससी, एसटी व ओबीसी को हुआ नुकसान

सच्चाई सामने आयी तो बदल जाएगी देश की स्थिति: राहुल गांधी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राहुल गांधी ने कहा कि वंचित वर्ग की जनगणना के बाद सच्चाई सामने आ आएगी, ऐसा होने पर देश की स्थिति बदल जाएगी। राहुल गांधी शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित संविधान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भाजपा एससी, एसटी व ओबीसी की जनगणना नहीं करा रही है ताकि सच्चाई सामने न आ सके। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव जीतने के लिए उनकी रणनीति भाई-भाई को आपस में लड़ाने की है। उनकी रूचि सत्ता पाने की है, पर राहुल की इसमें कतई रूचि नहीं है, क्योंकि वह सत्ता के बीच ही पैदा हुए हैं। वह सत्ता का इस्तेमाल औजार की तरह करना चाहते हैं ताकि 90 फीसदी आबादी को उनका हक मिल सके।

लखनऊ में शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित संविधान सम्मेलन को संबोधित कांग्रेस नेता राहुल गांधी। ● अमृत विचार

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की अग्निवीर योजना से एससी, एसटी व ओबीसी को नुकसान हुआ है, क्योंकि सेना में इसी वर्ग के लोग पहुंच रहे थे। उन्होंने कहा कि कोई भी बड़ी कंपनी हो, न्यायपालिका हो, मीडिया या सरकारी सेवाएं हों, हर क्षेत्रों में केवल 10 प्रतिशत आबादी का कब्जा है। आरक्षित वर्ग के लोगों को उनकी भागीदारी नहीं मिल पा रही है।

सरकारी संस्थाओं के निजीकरण प्रक्रिया पर लगेगी रोक : राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में रेलवे समेत जिन संस्थाओं की निजीकरण की प्रक्रिया चल रही है, उस पर तत्काल रोक लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जिस संस्थाओं का निजीकरण हो चुका है, उसका दोबारा राष्ट्रीकरण किया जाना मुश्किल होगा।

अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं मिल सका न्याय

राहुल गांधी ने कहा कि संविधान डॉ भीमराव आंबेडकर ने लिखा, जिससे लोगों को आरक्षण मिल पाया, हालांकि, इससे पहली भी इन वर्गों को न्याय दिलाने की वाले लोग रहे हैं। पेरियार, ज्योतिबा फुले, बुद्ध आदि ने यह बात स्वीकार की जो हमने सच देखा हैं हम उस पर कायम रहेंगे और समाज का उद्धार करेंगे। महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू आदि नेताओं ने भी इन वर्गों को न्याय दिलाने में अपनी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि देश का संविधान सत्ता, हुनर, सम्पत्ति आदि के स्थानांतरण का डाक्यूमेंट है। हजारों सालों से वंचित वर्गों के जन्म के पहले से उनका भविष्य तय कर दिया जाता था। उनके पहले से निर्धारित थे, पर संविधान ने इन वर्गों के न्याय दिलाया है। हालांकि, अभी तक अपेक्षाओं के अनुरूप उन्हें सामाजिक न्याय नहीं मिल सका है।

राहुल गांधी ने दुलारा बच्ची को, उसने मांगी थी उनके लिए दुआ

लखनऊ, अमृत विचार : इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित संविधान सम्मेलन में मंच पर पहुंची एक बच्ची को राहुल गांधी ने दुलार किया। उन्होंने बच्ची से बातचीत की। बच्ची की ओर से दिये गये संदेश को भी पढ़ा। राहुल ने बच्ची के जन्म दिन पर उसके आवास पर पहुंचने का भरोसा दिया। शाम को जैसे ही राहुल गांधी मंच पर पहुंचे तो दर्शक दीर्घा में बैठे कांग्रेस कार्यकर्ता व सम्मेलन में शामिल होने आये लोग जिन्दाबाद के नारे लगाने लगे। इसी बीच, एक बच्ची मंच पर पहुंच गई तो राहुल ने उत्साह के साथ बच्ची को प्यार किया। कुछ देर बच्ची को बगल में रखा, तो बच्ची ने उन्हें प्यार भी किया। कुछ देर बाद बच्ची मंच से नीचे आ गई। बच्ची चैक के अकबरी गेट निवासी अतहर अली की बेटी है। मां जहांआरा कांग्रेस की कार्यकर्ता हैं। जहांआरा ने बताया कि बेटी राहुल गांधी को मामा कहती है। काफी समय से वह मिलने के प्रयास थी, पर आज कार्यक्रम में उसे सफलता मिल गई। उन्होंने बताया कि बच्ची समेत वे लोग कुछ दिन पहले मदीने गये थे, जहां राहुल के लिए बच्ची ने दुआ मांगी थी और उसे एक दफ्ती पर लिखा था। बच्ची ने लिखे गये उसी दुआ को राहुल गांधी को दिखाया। इस पर राहुल खुश हो गए। उन्होंने बताया कि बच्ची का जन्म दिन 14 जून को है। राहुल ने जन्म दिन पर आवास पर आने का भरोसा दिया है। उन्होंने बताया कि भारत जोड़ो यात्रा के तहत पूर्व में राहुल लखनऊ आये थे, उन्होंने बच्ची को फ्लाइंग किस दिया था। बच्ची राहुल गांधी के भाषणों को सुनती है, उनसे काफी प्रभावित है।

सार-संक्षेप

मस्जिद से लाउडस्पीकर हटाने के मामले में दाखिल याचिका खारिज

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मस्जिद से लाउडस्पीकर न हटाने को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि याचियों के पास ऐसी याचिका दाखिल करने का कोई व्यक्तिगत अधिकार नहीं है और अगर वास्तव में ऐसा कोई दबाव बनाया जा रहा है तो मस्जिद प्रबंधन के पास इस संबंध में याचिका दाखिल करने का अधिकार है। कोर्ट ने एक अन्य मामले का हवाला देते हुए कहा कि मामले की प्रकृति पर यह निर्भर करता है कि उसका निस्तारण किस मंच के द्वारा या किस आधार पर किया जाएगा। मस्जिद से लाउडस्पीकर हटाने या न हटाने का निर्णय मस्जिद समिति द्वारा लिया जाएगा। अत: इस संदर्भ में याचिका दाखिल करने का अधिकार भी मस्जिद समिति का होना चाहिए, न कि व्यक्तिगत स्तर पर ऐसी समस्या को उठाना उचित होगा। उक्त टिप्पणी के साथ मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने गोरखपुर निवासी करम नवी और अन्य की याचिका खारिज कर दी, जिसमें मस्जिद से लाउडस्पीकर न हटवाने के लिए जिला प्रशासन को दिशा निर्देश देने की मांग की गई थी।

लारेंस गैंग के और कितने सदस्य, एसटीएफ करेगी जांच

लखनऊ, अमृत विचार : गोरखपुर से लारेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य गिरफ्तार होने के बाद एसटीएफ हैरान है। इससे पहले भी हरियाणा के अंबाला में व्यवसायी पर हमला करने के लिए हथियार सप्लाई करने वाला आरोपी भी गोरखपुर का ही निवासी था। ऐसे में एसटीएफ को आशंका है कि प्रदेश में बिश्नोई गैंग के कई सदस्य सक्रिय हो सकते हैं। एसटीएफ गुरुवार को गोरखपुर से गिरफ्तार किए गए मनीष यादव से जल्द पूछताछ करेगी, ताकि सक्रिय गैंग की जानकारी मिल सके। मालूम हो कि गुरुवार को हरियाणा एसटीएफ और यूपी एसटीएफ के संयुक्त प्रयास से गोरखपुर में लारेंस गैंग के सदस्य मनीष यादव को गिरफ्तार किया गया। एसटीएफ अफसरों ने बताया कि गोरखपुर का ही निवासी शशांक पांडेय लारेंस गैंग का सक्रिय सदस्य था, जो इन दिनों अंबाला जेल में बंद हैं। इस तरह लारेंस गैंग के दो सदस्य सिर्फ गोरखपुर से ट्रेस हो चुके हैं। बता दें कि अप्रैल 2023 में अंबाला शहर में मखन सिंह लबाना से लारेंस बिश्नोई गैंग के अनमोल बिश्नोई ने 50 लाख की रंगदारी की मांग की थी।

नीट एसएस 2020 सप्लीमेंट्री बैच को मिलेगी तैनाती

लखनऊ, अमृत विचार : नीट एसएस 2020 (डीएम व एमसीएच) सप्लीमेन्ट्री बैच के विशेषज्ञों को अनिवार्य सेवाबांड के तहत सरकारी मेडिकल कॉलेजों में बतौर सहायक आचार्य नियुक्त किया जायेगा। इसके लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा 15 मई को इन पर्सन ऑनलाइन काउंसिलिंग करायी जायेगी। डीजीएमई द्वारा जारी नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि सप्लीमेंट्री बैच में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को ऑल इंडिया रैंक के आधार पर समायोजित किया जायेगा। निर्धारित तिथि पर चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय के सभागार में काउंसिलिंग संपन्न होगी। अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग में नीट 2020 के प्रवेश पत्र व स्कोर कार्ड, जिसमें ऑल इंडिया रैंक अंकित हो, लाना होगा।

घूस लेते बीएसए कार्यालय के बाबू पकड़े गए

संतकबीरनगर, अमृत विचार : वेतन विसंगति ठीक करने के नाम पर अध्यापक से रिश्वत लेते बीएसए आफिस के बाबू सरतेंदु को एंटी करप्शन ने 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। नाथनगर ब्लॉक अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय नैनाझाला में नियुक्त अध्यापक कृष्णचंद की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एंटी करप्शन टीम ने बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में लेखा अनुभाग में तैनात बाबू सरतेंदु को 50 हजार की घूस लेते गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बाबू को टीम ने कोतवाली खलीलाबाद पुलिस को सौंप दिया है।

टाटा स्टील के सेल्स हेड का हत्यारोपी मुठभेड़ में हुआ ढेर

क्रॉस फायरिंग के दौरान सब इंस्पेक्टर को लगी गोली, भर्ती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : गाजियाबाद में टाटा स्टील के इंडिया सेल्स हेड विनय त्यागी की हत्या का आरोपी शुक्रवार की सुबह एक मुठभेड़ के दौरान ढेर हो गया। क्रॉस फायरिंग में पुलिस के सब इंस्पेक्टर को भी गोली लग गई, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विनय त्यागी की हत्या 3 मई को हुई थी।

अधिकारियों के मुताबिक, थाना शालीमार गार्डन की पुलिस टीम आपराधिक घटनाओं को लेकर चेकिंग कर रही थी। तभी बाइक सवार दो आरोपी तेजी से भागे। शक होने पर पुलिस टीम ने बाइक सवारों का पीछा किया। इस दौरान बाइक सवार पार्श्वनाथ की थंडर बिल्डिंग के बंद गेट के सामने फिसलकर गिर गए। इसके बाद पुलिस टीम को अपने पीछे आते देख आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। इस

दक्ष उर्फ अक्की जो मुठभेड़ में मारा गया।

दौरान पुलिस टीम द्वारा भी जवाबी कार्रवाई शुरू की गई। फायरिंग कर रहे आरोपियों में से एक गोली लगने से घायल हो गया और दूसरा फायरिंग के समय अंधेरे का फायदा उठा कर मौके से फरार हो गया।

आरोपियों द्वारा की गई फायरिंग में पुलिस उप निरीक्षक मंगल सिंह भी गोली लगने से घायल हो गए। घायल मंगल सिंह व घायल आरोपी को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया, जहां आरोपी को मृत घोषित कर दिया गया। थाना पुलिस के मुताबिक आरोपी दक्ष थाना शालीमार गार्डन में टाटा स्टील के इंडिया सेल्स हेड विनय त्यागी की हत्या के आरोप में वांछित चल रहा था। पुलिस ने दक्ष के पास से 32 बोर की एक पिस्टल सहित कई कारतूस बरामद किए हैं।

● गाजियाबाद के थाना शालीमार गार्डन की घटना

मैनपुरी निवासी दक्ष ने 3 मई को की थी हत्या

मुठभेड़ में ढेर हुआ हत्यारोपी दक्ष उर्फ अक्की मैनपुरी के किशनी थाना क्षेत्र के ग्राम हरिसिंहपुर का निवासी है। जिसने बीते 3 मई को गाजियाबाद के राजेंद्र नगर सेक्टर 5 निवासी विनय त्यागी की हत्या कर दी थी। उसका शव 4 मई को गाजियाबाद के खेतान पब्लिक स्कूल के पीछे पड़ा मिला था। पुलिस ने दक्ष के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। घटना के बाद से ही पुलिस दक्ष की तलाश कर रही थी।

93 बच्चों की तस्करी मामले में 9 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

प्रयागराज, अमृत विचार : प्रयागराज जंक्शन से आरपीएफ ने गुरुवार को 93 बच्चों को मुक्त कराने के बाद बच्चों को बाल कल्याण समिति भेज दिया गया था। जहां उन बच्चो की काउंसलिंग कराई जा रही है। जिसके बाद उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा। फिलहाल मामले मे पुलिस ने 9 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

गुरुवार को सीमांचल एक्सप्रेस से बच्चों को बिहार से लाया गया था। मामले में आरपीएफ रेलवे पुलिस बल (आरपीएफ) के निरीक्षक शिव कुमार ने बताया कि ट्रेन से उतारने के बाद इन बच्चों को बाल कल्याण समिति भेजा गया है। जहां उनकी काउंसलिंग कराई जा रही है। काउंसलिंग के बाद सभी बच्चों को उनके परिजनों को सौपा जाएगा। यह भी बताया कि बाल तस्करी में शक के आधार पर हिरासत में लिए गए सभी 9 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया गया है। ये बच्चे बिहार के अररिया के रहने वाले हैं। इनमें से कुछ बच्चों को दिल्ली, कुछ को राजस्थान के नागौर व कुछ को देहरादून के मदरसों ले जाया जा रहा था।

देश में पटाखा फूटने पर पाकिस्तान देता है सफाई

संवाददाता, महसी (बहराइच)

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को महसी तहसील के रमपुरवा बाग में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री ने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि अब अगर हमारे देश में पटाखा भी फूटता है तो पाकिस्तान सबसे पहले सफाई देने आता है क्योंकि उसे डर है कि कहीं हमारी सेना एयर स्ट्राइक न कर दे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पाकिस्तान को पूरी तरह से अपने रास्ते पर ला दिया है।

योगी ने सपा और कांग्रेस की सरकारों से तुलना करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में देश से आतंकवाद और नक्सलवाद खत्म हो रहा है। अब देश विकास के रास्ते पर चल रहा है, इसको हम सभी और हमारे आने वाली पीढ़ी भी देखेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता को यह तय करना चाहिए कि इसके सरकार में विकास हो रहा है। उसको बार-बार अवसर देना

● योगी बोले-देश से खत्म हो रहा आतंकवाद और नक्सलवाद

चाहिए। उन्होंने कहा कि विकास को बढ़ावा देने वाली, भ्रष्टाचार को खत्म करने वाले और आतंकवाद पर अंकुश करने वाले पार्टी को ही जीत दिलानी चाहिए।

अक्षय तृतीया पर रामलला को लगा 11 हजार फलों का भोग

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : प्राण-प्रतिष्ठा के बाद पहली बार राम मंदिर में अक्षय तृतीया का पर्व बड़े ही उल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर को तरह-तरह के फूलों से सजाया गया। गर्भगृह के मुख्य द्वार पर फलों की लड़ियां मंदिर की भव्यता को बढ़ा रही थीं। सुबह श्रृंगार के बाद रामलला का विशेष पूजन अर्चन किया गया और महाराष्ट्र के रामभक्त विनायक सेठ भालचंद्र कांची परिवार के द्वारा विशेष प्रसाद का प्रबंध किया गया।

ट्रस्ट की अनुमति के बाद ट्रक में मौसमी फल राम मंदिर पहुंचा। फल रामलला को समर्पित किए गए, जिसमें सबसे अधिक आम शामिल था। 11 हजार फलों का भोग लगाया गया। मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने

रामलला के दरबार में भोग प्रसाद के लिए रखी गईं आमों की टोकरियां।

दोपहर 12 बजे रामलला की आरती की। पूजन के बाद पहला भोग आम का लगाया गया, जिसका प्रसाद आने वाले सभी भक्तों में वितरित किया गया। सत्येंद्र दास ने कहा कि अक्षय तृतीया के दिन जो भी काम किया जाता है वह कभी नष्ट नहीं होता। पूरी-सब्जी, खीर और मिष्ठान का भी भोग लगाया गया।

सपा नेता गब्बर के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन का केस दर्ज

अयोध्या, अमृत विचार : पुलिस ने शुक्रवार को जिले में चुनाव आचार संहिता उल्लंघन का पहला मामला दर्ज किया है। यह मामला बीकापुर विधानसभा क्षेत्र से सपा के पूर्व प्रत्याशी फिरोज खान गब्बर के खिलाफ रौनाही थाने में दर्ज कराया गया है। रौनाही थाने के उपनिरीक्षक आलोक कुमार की ओर से दी गई तहरीर में आरोप है कि लोकसभा चुनाव को लेकर गुरुवार शाम वह क्षेत्र में घूम रहे थे। इसी दौरान लोग सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो की चर्चा करते मिले। संबंधित वीडियो का अवलोकन करने पर पता चला कि सपा के पूर्व प्रत्याशी फिरोज खान उर्फ गब्बर निवासी रौनाही की ओर से मंच पर धमकी भरे अंदाज में भाषण दिया जा रहा है।

2 लाख भक्तों ने किए बांके बिहारी के चरण दर्शन

मथुरा, एजेंसी : अक्षय तृतीया के अवसर पर शुक्रवार को बांके बिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। करीब दो लाख भक्तों ने बांके बिहारी के चरण दर्शन किए। सुबह बांके बिहारी को चंदन का लेप लगाया गया। फिर श्रृंगार हुआ। साल में केवल आज ही के दिन बांके बिहारी के सभी अंगों पर चंदन लगाया जाता है।

भक्तों को उनके चरण दर्शन भी कराए जाते हैं। चरण दर्शन भी साल में सिर्फ आज ही के दिन कराए जाते हैं। शुक्रवार को बांके बिहारी मंदिर के पट सुबह 5 बजे खुले। भीड़ को नियंत्रित करने को पुलिस ने मंदिर के आसपास और चौक-चौराहों पर बंदोबस्त किए हैं। जगह-जगह पुलिसकर्मी

● अक्षय तृतीया एक किलोमीटर लंबी लाइन लगी

तैनात किए गए हैं और बैरिकेडिंग लगाई गई है। रूट डायवर्जन के तहत बाहरी वाहनों का 11 मई तक प्रवेश बंद कर दिया गया है। बांकेबिहारी मंदिर के प्रबंधक मुनीश शर्मा ने बताया कि गुरुवार को ही अनुमानित दो लाख श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच गए थे। अगले तीन दिन में करीब आठ और लोगों के आने का अनुमान है।

वर्ग पहेली-66

बाएं से दाएं

3.1. जलाने वाला 2. क्षीण या नष्ट करने वाला 3. क्षय करने वाला 4. पाचक शक्ति बढ़ाने वाला।

4.1. घर के भीतर का खुला स्थान जो ऊपर से छाया न हो, सहन 2. चौक, अजिर 3. घर 4. आंगन, परिसर, प्रांगण।

6. जीवन के लिए उपयोगी।

9.1. नए सिरे से आरंभ करना, नया बनाना

ऊपर से नीचे

1. एक सूर्योदय से दूसरे सूर्योदय तक का समय।

2.1. शकरखोरा नामक एक चिड़िया 2. जुगनूं जैसा आभूषण जो गले में पहना जाता है 3. ऐसा गहना जो पान के पत्ते के आकार का होता है।

5. आश्रित, दूसरे पर निर्भर, उपजीवी।

7.1. कोई काम पूरा करने की क्रिया या भाव 2. कचौरी

8.1. ज्ञान, बोध, आभास 2. प्रकाश, रोशनी।



वर्ग पहेली -65 का हल

	1 गु	ट	2 बं	दी		3 पें
4 सु			द			ट
5 अ	नु	दा	र	वा	दी	
व			घु			
स		6 ह	ड़	ब	ड़ा	7 ना
र			की			शि
	8 जो	ग		9 की	म	त

सुडोकू -145

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		1	2					
2			3	4				
6		3						
	2		1					
4	8						5	
				5	4		9	
						9	8	3
				9	8			
					6	7		

सुडोकू -144 का हल

9	1	8	5	6	2	3	7	4
4	7	2	3	8	1	5	6	9
6	5	3	4	9	7	1	8	2
1	8	4	2	5	6	7	9	3
5	2	6	7	3	9	4	1	8
7	3	9	1	4	8	6	2	5
3	9	1	6	2	4	8	5	7
8	4	7	9	1	5	2	3	6
2	6	5	8	7	3	9	4	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 मई शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्थी 12 मई 02.03 तक तत्पश्चात पंचमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मृगशिरा 10.15 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

मेष — आज महत्वपूर्ण मुद्दे पर आप विचार-विमर्श कर सकते हैं। आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी। नया काम शुरू करने के लिए दिन बहुत अच्छा है। आप तकनीक से जुड़े कार्यों में काफी रुचि ले सकते हैं। मित्रों के साथ आप काफी अच्छा समय बिताएंगे।

वृष — आज सभी काम अपनी निगरानी में करेंगे तो आपको सफलता मिलेगी। विद्यार्थियों को पढ़ाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। धन कमाने के नए साधनों पर काम कर सकते हैं। आर्थिक प्रगति होने से आप काफी प्रसन्न रहेंगे। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मिथुन — आज सहयोगियों के साथ मतभेद दूर होंगे। अपनी प्रतिभा का कुशल प्रयोग कर पाएंगे। आपको अजनबियों पर ज्यादा विश्वास नहीं करना चाहिए। व्यापार में बिक्री बढ़ने से पुराने नुकसान की भरपाई हो जाएगी।

कर्क — आज आय के बजाय व्यय ज्यादा होगा। कार्यक्षेत्र में आपका झगड़ा हो सकता है। अपने सहकर्मियों के साथ संवादहीनता न होने दें। आपका दिन काफी तनाव भरा रहने वाला है। परिजनों के साथ अनबन और मनमुटाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

सिंह — आज नई परियोजनाओं को शुरू करने के लिए बहुत अच्छा समय है। परिवार में कुछ मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। बड़े भाई-बहन आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। उच्च पदासीन लोगों से सम्मान प्राप्त होगा। जीवनसाथी के साथ समय का आनंद लेंगे।

कन्या — आज परिवार के सदस्यों के बीच मनमुटाव हो सकता है। कानूनी मामलों को लेकर थोड़े सावधान रहें। धार्मिक कार्यों में धन खर्च होगा। पैतृक संपत्ति को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे।

तुला — आज बुद्धिमान लोगों की संगत में रहने से आप सही निर्णय ले पाएंगे। नवदंपति फैमिली प्लानिंग का विचार बना सकते हैं। सकारात्मक प्रवृत्ति के लोग धर्म-कर्म में रुचि लेंगे। आपको अधिकारी वर्ग से संभल कर रहना चाहिए।

वृश्चिक — आज रिश्तों के बीच अहम भावना न आने दें। परिवार में थोड़ी अशांति जैसा माहौल रहेगा। सरकारी कार्यों में अटक आ सकती है। रचनात्मक कार्यों में आप रुचि लेंगे। व्यापार में धीमापन होने से थोड़े चिंतित हो सकते हैं।

धनु — आज व्यापार में बड़े अनुबंध होने के योग बन रहे हैं। दूसरों की मदद करने के लिए आप प्रयासरत रहेंगे। सहयोगियों की मदद से आपको धन लाभ होगा। दांपत्य संबंधों में प्रेम भाव बढ़ेगा। बड़े-बुजुर्ग आपसे काफी प्रसन्न रहने वाले हैं।

मकर — आज पुराना ऋण चुकाने में आसानी होगी। करियर को लेकर बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। प्रेम संबंधों में मर्यादा का ध्यान रखें। आपके व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव आएंगे। उच्च पद मिलने की संभावना बन रही है।

कुंभ — आज आपके आत्मसम्मान और स्वाभिमानी स्वभाव के बावजूद आपको आलोचना झेलनी पड़ सकती है। मीडिया और कला से जुड़े लोग संभल कर बयानबाजी करें। व्यापार में मनोनुकूल परिणाम प्राप्त नहीं होंगे।

मीन — आज हृदय रोगियों को परेशानी उठानी पड़ सकती है। आय के साथ-साथ आपके खर्चे भी बढ़ेंगे। ज्यादा सोचने के बजाय जो चल रहा है उस पर ही ध्यान दें। अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखने का प्रयास करें। आप के कुछ आवश्यक काम छूट सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
तकदीर का तमाशा — सुबह :09.33
कहानी किस्मत की — रात : 07.00

SONY PIX
द मिशेल्स बनाम द मशीन्स — सुबह : 10.20
डोंट ब्रीथ 2 — रात : 09.23

SONY SMAX
डॉन की जंग — सुबह : 08.20
गुमराह — रात : 08.43

ZEE CINEMA
मोहरा — सुबह : 09.25
फितूर — रात : 07.55

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 07.55 बजे

colors CINEPLEX
अग्निपथ — दोपहर : 12.00
डियर जिंदगी — रात : 08.43

जोक्स ऑफ द डे

इंस्पेक्टर-तुम मुर्गियों को क्या खिलाते हो?
पहला मालिक- बाजरा
इंस्पेक्टर-खराब खाना, इसे गिरफ्तार कर लो।
दूसरा-चावल
इंस्पेक्टर-गलत खाना, इसे भी गिरफ्तार कर लो
अब सांता की बारी आई..
सांता डरते-डरते बोला-हम तो जी, मुर्गियों को ही 5-5 रुपए दे देते हैं, जो तुम्हारी मर्जी है जाकर खा लो।

पत्नी- मैं रोज पूजा करती हूं काश एक दिन श्रीकृष्ण के दर्शन हो जाएं।
पति- एक बार मीराबाई बनकर जहर पी ले। फिर देख श्रीकृष्ण तो क्या तूझे सारे भगवान नजर आ जाएंगे।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	72,664 .47	22,055 .20
फायदा	260 .30	97 .70
प्रतिशत में	0 .36	0 .44

अमृत विचार
www.amritvichar.com
मुरादाबाद, शनिवार, 11 मई 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर : शिवालिक-995 फ्लैग-1115 डीएमओ-880 बोल्ड-1165
चन्दौसी : शिवालिक- 1000 फ्लैग- 1110 बोल्ड- 1150 डीएमओ- 950

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव :दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 -106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल 94 रुपये लोबिया सफेद 98 रुपये।

खरीदारी से बाजार में रौनक, सेंसेक्स 260 अंक चढ़ा

रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और भारती एयरटेल के शेयरों में दमदार खरीदारी से दोनों सूचकांक में आई तेजी

मुंबई, एजेंसी

विदेशी बाजारों में मजबूत रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार के दिग्गज शेयरों रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और भारती एयरटेल में तेजी के दम पर तीन सत्रों से जारी गिरावट पर शुक्रवार को लगाम लगी और दोनों मानक सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। हालांकि विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने और निवेशकों के सतर्कता से बाजार की बढ़त एक हद तक सीमित हो गई।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 260.30 अंक यानी 0.36% चढ़कर 72,664.47 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 542.37 अंक यानी 0.74% बढ़कर 72,946.54 अंक तक पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 97.70 अंक यानी 0.44% चढ़कर 22,055.20 अंक पर बंद हुआ। इस तेजी के दम पर घरेलू शेयर बाजारों में तीन दिनों से जारी गिरावट को थामने में मदद मिली। गुरुवार को बड़े पैमाने पर हुई बिकवाली ने सेंसेक्स को 1062.22 अंक यानी 1.45% का झटका देते हुए 72,404.17 अंक पर ला दिया था। निफ्टी भी 345 अंक यानी 1.55% की बड़ी गिरावट के साथ 21,957.50 अंक पर आ गया था। हालांकि शुक्रवार का दिन घरेलू शेयर बाजारों के लिए राहत भरी तेजी लेकर आया। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में 1,213.68 अंक यानी 1.64% की गिरावट दर्ज की गई जबकि निफ्टी ने 420.65 अंक यानी 1.87% का नुकसान उठाया।

मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत तापसे ने कहा कि विदेशी बाजारों में मजबूती से घरेलू बाजार को समर्थन मिला और सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। अब भी कारोबारी धारणा में सतर्क रुख बना हुआ है और उतार-चढ़ाव के रूप में यह नजर भी आया।

- निफ्टी ने भी 97.70 अंक चढ़कर 22 हजार का आंकड़ा किया पार
- गुरुवार को तेज बिकवाली से सेंसेक्स 1.45% टूटा था

चुनावों के नतीजों को लेकर बाजार में बिकवाली का दबाव

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से पावर ग्रिड, एनटीपीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील, एशियन पेंट्स, आईटीसी, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और टाटा मोटर्स के शेयर बढ़त लेकर बंद हुए। दूसरी तरफ, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, कोटक महिंद्रा बैंक, इन्फोसिस, विप्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। बीएसई मिडकैप सूचकांक 0 .81 प्रतिशत चढ़ गया जबकि स्मालकैप सूचकांक में 0 .80 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज में खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारी बिकवाली और लोकसभा चुनावों के नतीजों को लेकर आशंकाएं हावी होने से बाजार में बिकवाली का दबाव बना हुआ है। हालांकि कुछ दिग्गज कंपनियों के तिमाही नतीजों से रफ्तार मिल रही है। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 6,994 .86 करोड़ मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग के हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजार भी बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। बृहस्पतिवार को अमेरिकी शेयर बाजारों में तेजी का दौर रहा था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0 .41 प्रतिशत चढ़कर 84 .22 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

सोने का आयात 30% बढ़कर 45.54 अरब डॉलर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

मजबूत घरेलू मांग रहने से देश में सोने का आयात वित्त वर्ष 2023-24 में 30 प्रतिशत बढ़कर 45.54 अरब डॉलर हो गया। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2022-23 में सोने का आयात 35 अरब डॉलर का रहा था।

वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक, इस साल मार्च में कीमती धातु का आयात 53.56 प्रतिशत घटकर 1.53 अरब डॉलर रह गया। स्विट्जरलैंड सोने के आयात का सबसे बड़ा स्रोत है, जिसकी हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत की है। इसके बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की आयात में हिस्सेदारी 16 प्रतिशत और दक्षिण अफ्रीका की लगभग 10 प्रतिशत है। देश के कुल आयात में सोने की हिस्सेदारी पांच प्रतिशत से अधिक रही है। फिलहाल सोने पर 15 प्रतिशत आयात शुल्क लगता है।

सोने का आयात बढ़ने के बावजूद देश का व्यापार घाटा (आयात और निर्यात के बीच का अंतर) पिछले वित्त वर्ष में घटकर 240.18 अरब डॉलर रह गया, जबकि 2022-23 में यह व्यापार घाटा 265 अरब डॉलर था। चीन के बाद भारत दुनिया में सोने का दूसरा बड़ा उपभोक्ता है। यह आयात मुख्य रूप से आभूषण उद्योग की मांग को पूरा करता है।

- 2022-23 में सोने का आयात 35 अरब डॉलर का था

पीएलआई के तहत शुरू करेंगी 17 कंपनियां उत्पादन

फरीदाबाद। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी सचिव एस कृष्णन ने शुक्रवार को कहा कि आईटी हार्डवेयर उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत चुने गए पर्सनल कंप्यूटर और सर्वर विनिर्माताओं में से ज्यादातर के इस साल उत्पादन शुरू करने की उम्मीद है। कृष्णन ने नेटवेब टेक्नोलॉजीज की नई अत्याधुनिक कंप्यूटिंग सर्वर विनिर्माण इकाई के उद्घाटन पर कहा कि 27 पीएलआई कंपनियों में से 17 इस साल उत्पादन शुरू कर देंगी। उनमें से छह-सात ने पिछले साल उत्पादन शुरू किया था और दो ने अगले साल उत्पादन शुरू करने की योजना बनाई है। सरकार ने नवंबर, 2023 में आईटी हार्डवेयर के लिए नई उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना के तहत डेल, एचपी, फॉक्सकॉन, लेनोवो, नेटवेब टेक्नोलॉजीज सहित 27 कंपनियों के आवेदन को मंजूरी दी थी। आईटी हार्डवेयर योजना के तहत जिन बड़े नामों को मंजूरी दी गई है उनमें फ्लेक्सट्रॉनिक्स, वीवीडीएन और ऑप्टिमस शामिल हैं। पैडगेट इलेक्ट्रॉनिक्स, एसओजेओ मैन्युफैक्चरिंग सर्विसेज, गुडवर्थ, नियोलिन्क, सिरमा एसजीएस, मेगा नेटवर्क्स, पैनाचे डिजीलाइफ और आईटीआई लि. को भी हरी झंडी मिली हैं।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	86700
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	90000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	95000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	74900
गिन्नी (प्रति नग)	55800-56000
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	73,350
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	73,200
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	82,100
चांदी तैयार	85,000
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	72400
सोना जेवरात गिन्नी	71400
चांदी पक्की	825 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	73,100
चांदी आभूषण	84,000

विदेशी मुद्रा भंडार 641.59 अरब डॉलर हुआ: रिजर्व बैंक

मुंबई, एजेंसी

तीन सप्ताह की गिरावट के बाद देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन मई को समाप्त सप्ताह में 3.67 अरब डॉलर बढ़कर 641.59 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 2.41 अरब डॉलर घटकर 637.92 अरब डॉलर था। यह पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 648.56 अरब डॉलर के उच्च स्तर पर पहुंचा था। तीन मई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा

विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.46 अरब डॉलर बढ़कर 564.16 अरब डॉलर रही। बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 65.3 करोड़ डॉलर घटकर 54.88 अरब डॉलर रहा। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 20 लाख डॉलर बढ़कर 18.05 अरब डॉलर हो गया।

बीपीसीएल 1.7 लाख करोड़ का करेगी निवेश

नई दिल्ली, एजेंसी

सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनी बीपीसीएल ने अपने मुख्य कारोबार तेल शोधन, ईंधन विपणन और पेट्रोकेमिकल के अलावा स्वच्छ ईंधन में अगले पांच वर्षों में 1.7 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बनाई है। भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के चेयरमैन जी कृष्णकुमार ने शुक्रवार को तिमाही नतीजों पर विश्लेषकों के साथ चर्चा के दौरान यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि पांच साल की रणनीतिक रूपरेखा प्रोजेक्ट एस्पायर के तहत बीपीसीएल ने तेलशोधन

- बीपीसीएल के चेयरमैन ने तिमाही नतीजों पर विश्लेषकों संग की चर्चा
- स्वच्छ ईंधन में पांच साल में निवेश करने की कंपनी बना रही योजना

क्षमता बढ़ाने, पेट्रोकेमिकल व्यवसाय और स्वच्छ ईंधन क्षेत्र में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने की योजना बनाई है। कृष्ण कुमार ने कहा कि हमारी रणनीति दो मूलभूत स्तंभों- प्रमुख कारोबार को आगे बढ़ाने और भविष्य के बड़े दांव में निवेश पर आधारित है। इससे न केवल दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था की बढ़ती ईंधन मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी बल्कि कंपनी को 2040 तक शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करने के अपने लक्ष्य को पूरा करने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर, हमने पांच वर्षों में 1.7 लाख करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई है। इसमें से 75,000 करोड़ रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल्स के लिए रखे गए हैं। हम 8,000 करोड़ के निवेश के साथ रणनीतिक पाइपलाइन परियोजनाएं शुरू करने की योजना बना रहे हैं, जिनमें से 5,000 करोड़ की परियोजनाएं पहले ही चिह्नित की जा चुकी हैं।

होम क्रेडिट में 80.74% हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी टीवीएस होल्डिंग्स

नई दिल्ली। टीवीएस होल्डिंग्स लि. 554.06 करोड़ में होम क्रेडिट इंडिया फाइनेंस प्राइवेट लि. में 80.74% हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। शेष 19.26% हिस्सेदारी प्रेमजी इनवेस्ट और अन्य कंपनियां खरीदेंगी। कुल मिलाकर यह सौदा 686 करोड़ का है। 686 करोड़ में से टीवीएस 554.06 करोड़ भुगतान कर रही है। प्रेमजी इनवेस्ट 11% हिस्सेदारी लेगी जबकि बाकी हिस्सेदारी अन्य इकाइयां लेंगी। टीवीएस ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि होम क्रेडिट इंडिया फाइनेंस के 88,09,45,401 शेयरों के अधिग्रहण को मंजूरी दी। ये 80.74% हिस्सेदारी के बराबर है।

राष्ट्रीय

शिकायत के लिए महिला को मजबूर करने की जांच शुरू

शिकायतकर्ता के दावा के बाद राष्ट्रीय महिला आयोग के कहने पर एसआईटी की टीम ने उठाया कदम

बेंगलुरु, एजेंसी

हासन के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना द्वारा कथित तौर पर यौन शोषण के मामलों की जांच कर रहा विशेष जांच दल (एसआईटी) उन लोगों की पहचान करने के लिए तफ्तीश कर रहा है, जिन्होंने महिला को कथित तौर पर फोन कर उसे जद (एस) नेता के खिलाफ फर्जी शिकायत दर्ज कराने के लिए मजबूर किया।

यह कदम राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) के यह कहने के बाद उठाया गया है कि उसके पास पहुंची महिला शिकायतकर्ता ने दावा किया कि उसे 33 वर्षीय सांसद के खिलाफ फर्जी शिकायत दर्ज करने के लिए मजबूर किया गया था।

सूत्रों ने कहा कि अतिरिक्त पुलिस

यौन शोषण मामले

- एसआईटी ने महिला से पहले संपर्क नहीं किया और उनके पास कोई शिकायत नहीं थी

महानिदेशक बीके सिंह की अध्यक्षता वाली टीम को महिला के बारे में तब पता चला जब एनसीडब्ल्यू ने एसआईटी को शिकायत भेजी। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एसआईटी ने पहले महिला से संपर्क नहीं किया है और उनके पास कोई शिकायत दर्ज नहीं की है। एसआईटी ने महिला को फोन करने वालों की पहचान करने के लिए जांच शुरू कर दी है।

एनसीडब्ल्यू के अनुसार महिला तीन व्यक्तियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए आयोग आई थी, जिन्होंने खुद को कर्नाटक पुलिस अधिकारी बताया और उस पर झूठी शिकायत देने के लिए दबाव डाला। आयोग ने कहा कि महिला ने कहा कि उसे अलग-अलग फोन नंबरों से कॉल कर शिकायत दर्ज कराने के लिए धमकाया जा रहा है। शिकायतकर्ता को व्यक्तियों के एक समूह द्वारा उत्पीड़न और झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर शिकायत दर्ज कराने के लिए मजबूर किया गया था। पीड़िता ने स्थिति की गंभीरता पर अपने परिवार के कल्याण के लिए सुरक्षा की मांग की है।

जद(एस) ने राज्यपाल से की सीबीआई जांच की मांग

बेंगलुरु। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जद-एस नेता एचडी कुमारस्वामी के नेतृत्व में पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल थावर चंद गहलोत से मुलाकात करके हासन के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना से जुड़े कथित यौन शोषण मामले की जांच सीबीआई से कराने में हस्तक्षेप की मांग की है। कर्नाटक के राजनीतिक परिदृश्य में भूचाल लाने वाले इस मामले की जांच वर्तमान में कर्नाटक पुलिस की एसआईटी कर रही है। विधायक एचडी रेवन्ना के बेटे प्रज्वल यौन शोषण से जुड़े विवादों में घिर गए हैं। एचडी रेवन्ना को यौन उत्पीड़न से जुड़ी एक पीड़िता के कथित अपहरण के मामले में गिरफ्तार किया गया है।

एसआईटी पर भरोसा रखें, यौन शोषण मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की जरूरत नहीं : सिद्धरमैया

मैसुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने प्रज्ज्वल के खिलाफ यौन शोषण मामले की जांच कर रहे एसआईटी पर भरोसा जताया और कहा कि जांच को सीबीआई को सौंपने की जरूरत नहीं है। विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने कभी एक भी मामला सीबीआई को नहीं सौंपा था और एक समय था जब संगठन सीबीआई को भ्रष्टाचार जांच ब्यूरो के रूप में संदर्भित करता था। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा सीबीआई को चोर बचाओ संस्थान कहते थे और अब उन्हें सीबीआई से प्यार है? सिद्धरमैया ने कुमारस्वामी के मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की मांग पर यह बात कही।

झारखंड में केवल भाजपा ही घुसपैठ पर रोक लगा सकती है : अमित शाह

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर केंद्रीय गृह मंत्री ने साधा निशाना

खूंटी, एजेंसी

भाजपा नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा कि झामुमो नीत गठबंधन भूमि, खनन और मनरेगा घोटालों में शामिल रहा है लेकिन भाजपा गरीबों का पैसा नहीं लूटने देगा। शाह शुक्रवार को खूंटी के कचहरी मैदान में भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि घुसपैठ के कारण झारखंड की डेमोग्राफी बदल गई है। आदिवासी युवतियों को प्रेम जाल में फंसा कर उनकी जमीन पर कब्जा जमाया जा रहा है। केवल भाजपा

ही घुसपैठ पर रोक लगा सकती है। शाह ने कहा कि मैं राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं कि कांग्रेस अपने शासनकाल में एक भी आदिवासी को राष्ट्रपति क्यों नहीं बना पाई।

भाजपा ने आदिवासियों को सम्मान देने का काम किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अमर शहीद बिरसा मुंडा को देश में सम्मान दिलाया। प्रधानमंत्री मोदी ने बूढ़ा पहाड़ को माओवाद से मुक्त कराया।

पीओके भारत का, इसे कोई छीन नहीं सकता

खूंटी। अमित शाह ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) पर सवालिया निशान उठाने को लेकर कांग्रेस की आलोचना की और कहा कि इसकी एक-एक इंच जमीन भारत की है तथा इसे कोई ताकत नहीं छीन सकती। शाह ने कहा कि मणिशंकर अय्यर हमसे कह रहे हैं कि पाकिस्तान का सम्मान करें क्योंकि उसके पास परमाणु बम है। कुछ दिन पहले गठबंधन के नेता फारूक अब्दुल्ला ने कहा था कि पीओके के बारे में बात मत करो क्योंकि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है।

एक नजर

एक व्यक्ति के घर से 32 लाख रुपए बरामद

भोपाल। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के अशोका गार्डन थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक व्यक्ति के घर पर छापामार कर 32 लाख रुपए बरामद किए है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना पर अशोका गार्डन इलाके के पंथ नगर निवासी कैलाश खत्री के निवास पर छापा मारा गया। मौके से एक पलंग में छुपाकर रखी गई नोटों की गड्डियां मिली। इसमें नए नोटों साथ पुराने सडे-गले नोट भी शामिल हैं। इस बारे में आरोपी द्वारा कोई भी दस्तावेज पेश नहीं करने के चलते इस राशि को जब्त कर लिया गया है। जब्त राशि लगभग 32 लाख रुपए है।

हाईकोर्ट ने कर चोरी मामले को बरकरार रखा

मंगलुरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने बैंगलोर टर्फ क्लब में सटोरियों के कथित कर चोरी संबंधी एक मामले को खारिज करने से इनकार करते हुए कहा कि जांच के दौरान एकत्र किए गए साक्ष्य एक संभावित संज्ञेय अपराध का संकेत दे रहे है। न्यायमूर्ति एस विश्वजीत शेट्टी की पीठ ने सटोरियों द्वारा दायर एक याचिका पर यह आदेश दिया। कर्नाटक पुलिस ने जनवरी में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस को सूचना मिली थी कि सटोरिये उचित पंजीकरण के बिना दांव लगा रहे थे, जिससे कर चोरी हो रही थी।

मतदान खत्म होने के बाद आंकड़े जारी करने के लिए याचिका दायर

नई दिल्ली, एजेंसी

एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) ने उच्चतम न्यायालय में अंतरिम याचिका दायर करके लोकसभा चुनाव के हर चरण का मतदान समाप्त होने के 48 घंटे के भीतर मतदान का पूर्ण आंकड़ा आयोग की वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्वाचन आयोग को निर्देश देने का अनुरोध किया है।

द एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने 2019 की अपनी जनहित याचिका में एक अंतरिम अर्जी दायर की है। एनजीओ ने 2019 की अपनी याचिका में मतदान के बाद सभी मतदान केंद्रों के फॉर्म 17 सी भाग-I (दर्ज किए गए मतों का लेखा-जोखा) की स्कैन की गई सुपाठ्य प्रतियां तुरंत अपलोड करने का निर्वाचन आयोग को निर्देश देने का अनुरोध किया है।

एनजीओ ने कहा कि निर्वाचन आयोग को 2024 के लोकसभा चुनावों में आगामी प्रत्येक चरण के मतदान के बाद फॉर्म 17सी भाग-I में दर्ज मतों का पूरा आंकड़ा मतदान केंद्र-वार सारिणीबद्ध प्रदान करने का निर्देश दें। साथ ही 2024 के मौजूदा लोकसभा चुनाव में निर्वाचन क्षेत्र-वार मतदान का पूरा आंकड़ा सारिणीबद्ध करने का भी निर्देश दिया जाए। उसने कहा कि याचिका यह सुनिश्चित करने के

- वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्वाचन आयोग को निर्देश देने का अनुरोध किया

लिए दायर की गई है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया चुनावी अनियमितताओं से प्रभावित न हो। याचिका में कहा गया है, निर्वाचन आयोग द्वारा जारी 2024 के लोकसभा चुनावों के पहले दो चरणों के लिए मतदान का डेटा 19 अप्रैल को हुए पहले चरण के मतदान के 11 दिन बाद और 26 अप्रैल को दूसरे चरण के मतदान के चार दिन बाद 30 अप्रैल को प्रकाशित किया गया। इसमें कहा गया है, निर्वाचन आयोग द्वारा 30 अप्रैल, 2024 को एक प्रेस विज्ञप्ति में प्रकाशित डेटा मतदान के दिन शाम 7 बजे तक ईसीआई द्वारा घोषित प्रारंभिक मतदान प्रतिशत की तुलना में तेज वृद्धि (लगभग 5-6%) दर्शाता है। अंतिम मतदान आंकड़ा जारी करने में अत्यधिक देरी, साथ ही 30 अप्रैल, 2024 के निर्वाचन आयोग के प्रेस नोट में पांच प्रतिशत से अधिक के असामान्य रूप से उच्च संशोधन ने आंकड़े की शुद्धता के बारे में चिंताएं और सार्वजनिक संदेह बढ़ा दिया है।

छत्तीसगढ़ में 3000 सहायक शिक्षकों की नौकरी खतरे में

रायपुर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने सहायक शिक्षकों के पद पर बीएड डिग्रीधारी आवेदकों की नियुक्ति रद कर दी है और साथ ही छह सप्ताह में डीएड वालों की पुनरीक्षित सूची बनाने का आदेश दिया है।

कोर्ट के इस फैसले के बाद तीन हजार से अधिक सहायक शिक्षकों की नौकरी खतरे में है। 4 मई 2023 को लोक शिक्षण संचालनालय ने

- हाईकोर्ट ने आवेदकों की नियुक्ति रद कर डीएड वालों की पुनरीक्षित सूची बनाने का दिया आदेश

शिक्षक भर्ती का विज्ञापन जारी किया था। इसमें सहायक शिक्षक के पद पर बीएड कोर्स को भी मान्य किया गया था। 10 जून को इसकी परीक्षा हुई और दो जुलाई को मेरिट लिस्ट जारी हुआ। 11 अगस्त को क्वालिटी ऑफ एजुकेशन के नाम पर उच्चतम न्यायालय ने एनसीटीई के इस गजट नोटिफिकेशन को रद करने के साथ ही बीएड को प्राथमिक स्तर के लिए अमान्य ठहराया था। डीएड डिग्री धारकों ने चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। शीर्ष अदालत के फैसले पर कोर्ट ने साफ कर दिया कि प्राथमिक शिक्षकों के लिए सिर्फ डीएड पास अभ्यर्थी ही मान्य होंगे। कोर्ट ने दो अप्रैल 2024 को बीएड प्रशिक्षित नवनियुक्त सहायक शिक्षकों को छह महीने की सेवा के बाद पदमुक्त करने का आदेश जारी कर दिया।

भ्रामक अवकाश पैकेज योजना से लोगों को ठगने वाले 15 गिरफ्तार

जालंधर। पंजाब के जालंधर में पुलिस ने भ्रामक हॉलिडे पैकेज योजना के माध्यम से लोगों को ठगने वाले एक गिरोह के 15 सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने कहा कि गुरदीप सिंह ने दी शिकायत में बताया कि 8 मई को उन्हें विराट का फोन आया और उन्होंने जालंधर के लाजपत नगर के पास होटल फॉर्च्यूर में अवकाश पैकेज के संबंध में नई दिल्ली की टीम एमजीवीपीएल के साथ बैठक में भाग लेने को कहा। नौ मई को गुरदीप वहां पहुंचा, जहां मुकेश दुबे, मोहित सैनी व अजय ने उसे पैकेज के बारे में बताया। गुरदीप ने एक पैकेज चुना और 1,90,000 रुपये दो क्रेडिट कार्ड से लेनदेन किए। एमजीवीपीएल की वेबसाइट पर जाने पर, गुरदीप को पता चला कि कॉर्पोरेट पता अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था।

इंडिया समूह के प्रतिनिधियों ने चुनाव आयोग से कार्रवाई नहीं होने की शिकायत की

नई दिल्ली। इंडिया समूह के दलों के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को चुनाव आयोग से मुलाकात की और शिकायत की कि उनके शिकायतों पर आयोग ध्यान नहीं दे रहा है। इन नेताओं ने कहा कि उन्होंने आयोग से मतदान प्रतिशत के आंकड़ों को जारी करने में देरी, प्रधानमंत्री तथा गृह मंत्री के विरुद्ध दर्ज शिकायतों पर कार्रवाई नहीं करने का कारण पूछा है। कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि हमने कहा कि कांग्रेस ने अप्रैल से अब तक मोदी और अमित शाह के खिलाफ 11 शिकायतें की, लेकिन किसी पर कार्रवाई नहीं हुई है। साथ ही इन चुनाव में मतदान-प्रतिशत के आंकड़े जारी करने में देर क्यों की जा रही है।

टीएमसी करेगा चुनाव आयोग से एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष की शिकायत

कोलकाता, एजेंसी

टीएमसी ने शुक्रवार को कहा कि वह राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष रेखा शर्मा के खिलाफ अपने पद के दुरुपयोग और संदेशखालि मामले के प्रमुख साजिशकर्ताओं में से एक होने को लेकर चुनाव आयोग (ईसी) में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराएगी।

पार्टी ने कहा है कि कई महिलाओं ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने उन्हें धोखा देकर तृणमूल नेताओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायतें दर्ज कराई। एनसीडब्ल्यू ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से सिफारिश

- पद के दुरुपयोग और प्रमुख साजिशकर्ताओं में से एक होने को लेकर दर्ज कराएगी शिकायत

की थी कि संदेशखालि में महिलाओं पर कथित हिंसा और अत्याचार को लेकर पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। पश्चिम बंगाल के मंत्री और पार्टी प्रवक्ता शशि पांजा ने शर्मा के खिलाफ चुनाव आयोग का रुख करने की तृणमूल की इच्छा को शुक्रवार को रेखांकित किया। पांजा ने आरोप लगाया कि एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष ने संदेशखालि से जुड़े आरोपों को लेकर राजनीतिक पूर्वाग्रह के तहत कार्य किया और क्षेत्र की महिलाओं को यौन अत्याचार के झूठे आरोप लगाने को लेकर प्रोत्साहित किया।

संदेशखालि की महिलाओं को चुनाव के कारण शिकायतें वापस लेने के लिए मजबूर किया जा रहा: एनसीडब्ल्यू

नई दिल्ली। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने दावा किया है कि मौजूदा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर संदेशखालि की महिलाओं को तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा अपनी शिकायतें वापस लेने के लिए मजबूर किया जा रहा है और इस मामले में निर्वाचन आयोग से जांच की मांग की गई है। तृणमूल कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को संदेशखालि की महिलाओं के कई कथित वीडियो साझा किये थे जिनमें दावा किया गया था कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की स्थानीय नेता ने कई महिलाओं से सादे कागज पर हस्ताक्षर कराये और बाद में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ बलात्कार एवं यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराने में उसका इस्तेमाल किया गया।

महिला आयोग ने निर्वाचन आयोग को लिखा पत्र

नई दिल्ली। राष्ट्रीय महिला आयोग ने संदेशखाली में यौन प्रताड़ना की शिकायतें वापस लेने के लिए महिलाओं को डराने धमकाने के मामले को लेकर निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है और इस पर हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। महिला आयोग ने शुक्रवार को बताया कि आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने संदेशखाली मामले को लेकर निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है। शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बीच में ही संदेशखाली की महिलाओं पर अपनी शिकायतें वापस लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। इन महिलाओं को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है और धमकियां दी जा रही है।

आज का मुकाबला

कोलकाता नाइटराइडर्स
बनाम
लखनऊ सुपर जाइंटस
शाम 7:30 बजे

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
हर्षल पटेल (पंजाब)	12	20
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	12	18
वरुण चक्रवर्ती (केकेआर)	11	16

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	12	634
ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई)	11	541
ट्रेविस हेड (हैदराबाद)	11	533

खिलाड़ियों को खेल-विशिष्ट सहयोगी स्टाफ से मिलेगी मदद : पीटी उषा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) अध्यक्ष पीटी उषा ने शुक्रवार को ओलंपिक के लिए जाने वाले खिलाड़ियों को पेरिस में सर्वोत्तम संभव सहायता का आश्वासन देते हुए कहा कि खिलाड़ियों की सुविधा और समय की बचत के लिए खेल-विशिष्ट सहयोगी स्टाफ को खेल गांव के करीब रखा जाएगा।

पेरिस में भारतीय एथलीटों और सहयोगी स्टाफ की व्यवस्था को अंतिम रूप देने के बाद भारत लौटीं उषा ने कहा कि आईओए ने यह भी सुनिश्चित किया है कि निशानेबाज और गोल्फ खिलाड़ी अपने-अपने आयोजन स्थलों के करीब रहें।

चेटेउरौक्स निशानेबाजी क्रेंद पेरिस से लगभग दो घंटे की दूरी पर है, जबकि ले गोल्फ नेशनल ओलंपिक हब से एक घंटे की दूरी पर है। उन्होंने यहां जारी बयान में कहा हम एथलीटों के गांव से थोड़ी दूरी पर कई खेल-विशिष्ट सहयोगी सदस्यों के लिए आवास सुरक्षित करने में सक्षम हैं। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि कोई भी खिलाड़ी अपनी सहायता प्रणाली से वंचित न रहे और इसलिए हमने आसपास के क्षेत्र में अपार्टमेंट बुक किए हैं। हमने यह सुनिश्चित किया है कि हमारे निशानेबाज और गोल्फ खिलाड़ी अपने-अपने आयोजन स्थलों के करीब रहें। पूर्व दिग्गज धाविका ने मजबूत समर्थन प्रणाली की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि भारतीय खिलाड़ी पिछले कुछ वर्षों में लगातार अपने प्रदर्शन में सुधार कर रहे है।

विश्व कप में पारी का आगाज करें विराट : गांगुली

बेंगलुरु, एजेंसी

- सौरव बोले-17 साल के बाद ट्राफी जीतने की काबिलियत रखने वाली संतुलित टीम है भारत के पास

पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय टीम प्रबंधन को विराट कोहली की मौजूदा आईपीएल में शानदार फॉर्म को देखते हुए अगले महीने होने वाले टी-20 विश्व कप में उनसे पारी का आगाज करना चाहिए। इस आईपीएल में 12 मैच में 153.51 के शानदार स्ट्राइक रेट से 70.44 के औसत से 634 रन बनाकर कोहली 'ओरेंज कैप' पहने हैं और यह स्ट्राइक रेट उनके करियर के 134.31 के स्ट्राइक रेट से काफी अधिक है।

गांगुली ने कहा, विराट बहुत ही शानदार खेल रहा है। बीती रात कोहली ने जो पारी खेली जिसमें उसने तेजी से 90 रन बना दिए, उसे देखते हुए आपको उसे टी20 विश्व कप में बतौर सलामी बल्लेबाज इस्तेमाल करना चाहिए। उसकी पिछली कुछ आईपीएल पारियां देखें तो ये अद्भुत रही हैं इसलिए उसे पारी का आगाज करना चाहिए। भारत ने टी20 विश्व कप के लिए संतुलित टीम का चयन किया है जिसमें 17 साल के अंतराल बाद ट्राफी जीतने की काबिलियत है। गांगुली ने कहा यह बहुत अच्छी टीम है। मुझे लगता है कि उन्होंने सर्वश्रेष्ठ टीम चुनी है। बल्लेबाजी में गहराई के अलावा गेंदबाजी भी बेहतरीन दिखती है। बुमराह इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज हैं। हमारे पास कुलदीप, अक्षर और सिराज का अनुभव है। इस बार टीम संयोजन आदर्श है।

पहले की तरह नहीं पर कोहली अभी भी जबर्दस्त : टॉम मूडी

धर्मशाला। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला टॉम मूडी का मानना है कि विराट कोहली की भी अपनी सीमाएं हैं लेकिन भारत के इस स्टार बल्लेबाज ने ट्रेनिंग को लेकर अपनी प्रतिबद्धता के दम पर उसकी भरपाई कर दी है। अपनी दमदार स्लॉग स्वीप के जरिए कोहली बीच के ओवरों में स्पिनरों को बखूबी खेल रहे हैं। उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ गुरुवार को 47 गेंद में 92 रन की पारी खेली और डीप मिड विकेट से सटीक थ्रो पर शशांक सिंह को रन आउट भी किया। मूडी ने कहा यह शानदार है। वह अब पहले की तरह वाला विराट कोहली नहीं है लेकिन अब वह 21 साल का भी नहीं है। वह 30 पार है लेकिन अभी भी ऐसा प्रदर्शन लाजवाब है।

गिल-साई के शतकों ने बिगाड़ा चेन्नई का गणित

शुभमन और सुदर्शन ने बनाई 210 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी, हार के बाद सीएसके के लिए मुश्किल हुई प्लेऑफ की राह

अहमदाबाद, एजेंसी

आईपीएल के 59वें मुकाबले में साई सुदर्शन (103) और कप्तान शुभमन गिल (104) की आतिशी शतकीय पारियों तथा उसके बाद मोहित और राशिद ने पांच महत्वपूर्ण विकेट झटकने की बदौलत गुजरात टाइटंस ने चेन्नई सुपर किंग्स पर 35 रनों से जीत दर्ज की है।

232 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने महज 10 रन पर अपने तीन शीर्ष विकेट गवां दिये। अजिंक्य रहाणे(1), रचिन रविंद्र (1) और कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (शून्य) पर आउट हुये। इसके बाद डैरिल मिचेल और मोइन अली ने पारी को संभाला। डैरिल मिचेल ने 34 गेंदों सर्वाधिक 63 रन बनाए। शिवम दुबे (21), रवींद्र जडेजा (18) और मिचेल सैंटनर (शून्य) पर आउट हुए। एमएस धोनी (26) और शार्दुल ठाकुर (3) रन बनाकर नाबाद रहे। गुजरात की टीम आठ विकेट पर 196 रन ही बना सकी और 35 रन से मुकाबला हार गई।

इससे पहले गुजरात टाइटंस ने चेन्नई सुपर किंग्स को जीत के लिए 232 रनों का लक्ष्य दिया था। साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने टीम को शानदार शुरुआत देते हुए मैदान के चारों शॉट लगाते हुए पहले विकेट के लिए रिकार्ड अवजित 210 रनों की साझेदार की। 18वें ओवर में तुषार देशपांडे ने साई सुदर्शन को आउट कर चेन्नई को पहली सफलता दिलाई। गुजरात ने निर्धारित 20 ओवरों में तीन विकेट पर 231 रनों का स्कोर खड़ा किया। चेन्नई की ओर से तुषार ने दो विकेट लिये।

साई के नाम दर्ज हुई खास उपलब्धि

शुभमन गिल और साई सुदर्शन के बीच पहले विकेट के लिए 210 रन की साझेदाही हुई। अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के दौरान साई सुदर्शन ने 51 गेंद का सामना करते हुए 103 रन बनाए। आउट होने से पहले साई ने 5 चौके और सात छक्के लगाए। साई सुदर्शन ने आईपीएल में अपने 1000 रन पूरे किए।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
कोलकाता	11	8	3	16	+1.453
राजस्थान	11	8	3	16	+0.476
हैदराबाद	12	7	5	14	+0.406
चेन्नई	12	7	5	12	+0.491
दिल्ली	12	6	6	12	-0.316
लखनऊ	12	6	6	12	-0.769
बेंगलुरु	12	5	7	10	+0.217
गुजरात	12	5	7	10	-1.063
मुंबई (बा)	12	4	8	8	-0.212
पंजाब (बा)	12	4	8	8	-0.423

गुजरात 231/3 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 06

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
साई सुदर्शन का दुबे बो देशपांडे	103	51	5/7
शुभमन गिल का जडेजा बो देशपांडे	104	55	9/6
डेविड मिलर नाबाद	16	11	1/0
शाहरुख खान रन आउट	2	3	0/0

गेंदबाजी : सेंटनर 2-0-31-0, देशपांडे 4-0-33-2, शारदुल 4-0-25-0, सिमरजीत 4-0-60-0, जडेजा 2-0-29-0, मिचेल 4-0-52-0

चेन्नई 196/8 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 07

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
अजिंक्य रहाणे का तेवतिया बो वॉरियर	1	5	0/0
रचिन रविंद्र रन आउट	1	2	0/0
रुतुराज गायकवाड़ का राशिद बो उमेश	0	3	0/0
डेरिल मिचेल का शाहरुख बो मोहित	63	34	7/3
मोईन अली का नूर बो मोहित	56	36	4/4
शिवम दुबे का नूर बो मोहित	21	13	2/1
रविंद्र जडेजा का मिलर बो राशिद	18	10	2/1
महेंद्र सिंह धोनी नाबाद	26	11	1/3
मिचेल सेंटनर बो राशिद	0	2	0/0
शारदुल ठाकुर नाबाद	3	4	0/0

गेंदबाजी : उमेश 3-0-20-1, वॉरियर 3-0-28-1, त्यागी 4-0-51-0, नूर 2-0-25-0, राशिद 4-0-38-2, मोहित 4-0-31-3

खेल डायरी

न्यूजीलैंड के मनरो ने क्रिकेट से लिया संन्यास

वेलिंग्टन। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज कॉलिन मनरो ने टी-20 विश्वकप में जगह नहीं मिल पाने के कारण अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। मनरो पिछले चार साल से सिर्फ फ्रैंचाइज क्रिकेट खेल रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद वह आगे भी फ्रैंचाइज क्रिकेट खेलते रहेंगे। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने पिछले दिनों टीम की घोषणा करते हुए कहा था कि मनरो के नाम की चर्चा तो हुई थी, लेकिन उनके लिए जगह नहीं बन पाई। मनरो ने कहा, न्यूजीलैंड के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलना मेरे करिअर की बड़ी उपलब्धि रही है और मुझे हमेशा इस पर गर्व रहेगा।

सेंथिलकुमार और रथिका करेंगे भारत की अगुवाई

नई दिल्ली। मौजूदा पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियन वेलावन सेंथिलकुमार और महिला खिलाड़ी रथिका सीलन 12 से 16 जून से चीन के डालियान में होने वाली 22वीं एशियाई टीम स्क्वाश चैम्पियनशिप में भारतीय दल की अगुवाई करेंगी। चेन्नई में चयन ट्रायल कराने के बाद भारतीय स्क्वाश रैकेट्स महासंघ (एसआरएफआई) ने शुक्रवार को टीमों की घोषणा की। पुरुष टीम के अन्य खिलाड़ी 2023 राष्ट्रीय खेलों के चैम्पियन अभय सिंह, राहुल भाटिया और सूरज चंद हैं। महिला टीम में पूजा आरती आर, सुनिता पटेल और जैनेट विधि शामिल हैं।

गुकेश की वापसी, तीसरे स्थान पर प्रज्ञानानंदा

वारसॉ। विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश ने धीमी शुरुआत के बाद वापसी करते हुए शुक्रवार को सुपरबेट रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन से ड्रा खेलने से पहले हमवतन आर प्रज्ञानानंदा और जर्मनी के विन्सेंट केमर को शिकस्त दी। प्रज्ञानानंदा ने पांचवें दौर में होलैंड के अनीष गिरी को पराजित किया और फिर छठे दौर में केमर पर जीत हासिल की। नार्वे के कार्लसन ने आठ अंक लेकर चीन के वेई यि के साथ संयुक्त बढ़त बनाई हुई है जबकि प्रज्ञानानंदा और शेवचेंको संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर बने हुए हैं।

सत्र के अंत में संन्यास लेंगे डोमिनिक थिएम

लंदन। पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन डोमिनिक थिएम कलाई की चोट के बाद शीर्ष फॉर्म में वापसी करने में जूझ रहे हैं जिससे उनकी योजना इस साल के अंत में टेनिस को अलविदा कहने की है। थिएम ने 'इंस्टाग्राम' पर पोस्ट किए वीडियो में कहा मैं सत्र के अंत में अपना करिअर समाप्त करने वाला हूं। उन्होंने इस संदेश को बहुत दुखद के साथ बहुत खूबसूरत भी करार दिया। आस्ट्रिया के 30 साल के खिलाड़ी ने 2020 में फ्लशिंग मिडोज में एकमात्र ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। वह 2018 और 2019 फ्रेंच ओपन तथा 2020 आस्ट्रेलियाई ओपन में उप विजेता रहे थे। वह 2020 में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ तीसरी रैंकिंग पर पहुंचे थे और जून 2021 में कलाई की चोट से पहले शीर्ष पांच में शामिल रहे थे।

ओलंपिक चयन के लिए निशानेबाजी ट्रायल आज से

भोपाल। पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय निशानेबाजों के ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) तीन और चार यहां शनिवार से शुरू होंगे जिसमें कुल 37 पिस्टल और राइफल निशानेबाज भाग लेंगे। भारतीय निशानेबाजों ने पिस्टल और राइफल में 16 कोटा स्थान हासिल कर लिए हैं। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ देश में शीर्ष पांच के बीच ट्रायल करा रहा है ताकि पेरिस ओलंपिक के लिये टीम चुन सके। निशानेबाजी में ओलंपिक कोटा देश को मिलता है और चयन ट्रायल में शीर्ष रहने पर ही कोटा जीतने वाले निशानेबाज के खेलों में भाग लेने की गारंटी होती है। हर स्पर्धा में शीर्ष दो निशानेबाज पेरिस का टिकट कटाएंगे। पहले दो ट्रायल दिल्ली में पिछले महीने हुए हैं और अगले दो मध्य प्रदेश निशानेबाजी अकादमी में होंगे। महिला वर्ग में ओलंपियन मनु भाकर, ईशा सिंह और रिदम सांगवान 25 मीटर स्पोटर्स पिस्टल और 10 मीटर एयर पिस्टल में भाग लेंगी।

केकेआर की नजर प्लेआफ की टिकट पर

कोलकाता, एजेंसी

शानदार फॉर्म में चल रही दो बार की पूर्व चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स शनिवार को अपने मैदान पर इस सत्र के आखिरी मैच में मुंबई इंडियंस से खेलेगी तो उसका लक्ष्य ईडन गार्डंस पर ही तीन साल में पहली बार आईपीएल प्लेआफ का टिकट कटाने का होगा।

दो बार के खिताब विजेता कप्तान गौतम गंभीर की टीम मेंटोर के रूप में वापसी के बाद केकेआर ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। अब तक 11 मैचों में से आठ जीतकर दस टीमों शीर्ष पर काबिज केकेआर को प्लेआफ का टिकट कटाने के लिए एक और जीत की जरूरत है। शाहरूख खान की टीम अपने गढ ईडन गार्डंस पर ही यह श्रेय हासिल करना चाहेगी। सुनील नारायण को दुनिया के दूसरे नंबर के टी20 बल्लेबाज फिल साल्ट के साथ पारी की शुरूआत करने भेजने का गंभीर का दाव मास्टर स्ट्रोक साबित हुआ है। दोनों ने टीम को पावरप्ले में शानदार शुरूआत देते हुए आठ मैचों में पहले बल्लेबाजी करते हुए 200 के पार पहुंचाया है।

वहीं पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस हार्दिक पंड्या की कप्तानी में इस सत्र से बाहर होने वाली पहली टीम रही। पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को हराने वाली मुंबई अब प्रतिष्ठा के लिए खेल रही है। प्रशंसकों को रोहित शर्मा और पंड्या से भी अच्छी पारियों की उम्मीद होगी।

संजीव गोयनका की हरकत शर्मनाक, बात करने का भी तरीका होता है : मोहम्मद शमी

नई दिल्ली, एजेंसी

- राहुल को फटकारने के मामले पर लखनऊ सुपर जाइंट्स के मालिक पर बिफरे शमी

स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने भारतीय टीम के अपने साथी खिलाड़ी केएल राहुल पर सार्वजनिक रूप से भड़ास निकालने वाले संजीव गोयनका पर बरसते हुए कहा है कि लखनऊ सुपर जाइंट्स टीम की हार के बाद टीवी कैमरे पर उसके मालिक की इस तरह की प्रतिक्रिया के लिए खेलों में कोई जगह नहीं है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ लखनऊ की दस विकेट से हार के बाद राहुल पर बरसते हुए गोयनका की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई।

शमी ने कहा करोड़ों लोग आपको देख रहे हैं और आपसे सीख रहे हैं। अगर कैमरे के सामने ये चीजें होती है और स्क्रीन पर ऐसी प्रतिक्रिया देखने को मिलती है तो यह शर्मनाक है। आपका एक दायरा होना चाहिए बात करने का, ये मैसेज बहुत गलत जाता है। टीवी कमेंटेटर ग्रीम स्मिथ और स्कॉट स्टायरिस ने भी कहा था कि ऐसी बातें निजी तौर पर होनी चाहिए, कैमरे के सामने नहीं। शमी ने कहा यह ध्यान रखना चाहिए कि खिलाड़ियों का सम्मान है और आप भी बतौर मालिक सम्मानित व्यक्ति हैं। अगर ऐसा करना ही था तो कई तरीके हैं।

टी-20 विश्वकप के बाद द्रविड का कार्यकाल हो रहा है समाप्त, जय शाह बोले- चाहें तो फिर से आवेदन कर सकते हैं राहुल

मुख्य कोच के लिए आवेदन आमंत्रित करेगा बीसीसीआई

मुंबई, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) लिए टी-20 विश्वकप से पहले टीम के मुख्य कोच के लिए आवेदन मंगाएगा। बीसीसीसीआई पिछली गलतियों से सबक लेते हुए इस बार नए मुख्य कोच के लिए टी-20 विश्व कप शुरू होने से पहले ही आवेदन मंगाएगा। टी-20 विश्वकप के बाद राहुल द्रविड का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। अगर द्रविड़ अपने कार्यकाल को आगे बढ़ाना चाहते हैं, तो उन्हें भी आवेदन करना होगा।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि हम अगले कुछ दिनों में आवेदन जारी करेंगे। राहुल द्रविड़ का कार्यकाल जून में समाप्त हो रहा है। अगर वह फिर से आवेदन करना चाहते हैं तो कर सकते हैं। शाह ने कहा हम तीन साल के लंबे कार्यकाल के लिए कोच ढूंढ़ रहे हैं। अलग-अलग प्रारुपों के लिए अलग-अलग कोच की संभावना बहुत कम है। हालांकि आखिरी फैसला क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) को करना है, मुझे इस निर्णय को बस लागू करना है। चयनकर्ता के पद के लिए कुछ साक्षात्कार पहले ही हो चुके हैं। समित की बैठक के बाद अंतिम नाम का फैसला होगा। टी-20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम दो चरणों में रवाना होगी। आईपीएल 2024 से बाहर हो चुकी टीमों के खिलाड़ी विश्वकप के लिए 24 मई को रवाना होंगे, वहीं शेष दल 26 मई के आईपीएल फाइनल के बाद अमेरिका के लिए रवाना होगा। बीसीसीआई ने आईसीसी से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल को इंग्लैंड से कहीं और भी ले जाए जाने को लेकर बात की। खिताबी मुकाबले के लिए अन्य जगह खोजना चुनौतीपूर्ण होगा।

इंपैक्ट खिलाड़ी का नियम पर पुनर्विचार संभव

मुंबई। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा है कि आईपीएल में इंपैक्ट खिलाड़ी का नियम प्रयोग के तौर पर लागू किया गया था और सभी हितधारक चाहेंगे तो इस पर पुनर्विचार किया जा सकता है। इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम के कारण इस बार आईपीएल में आठ बार 250 से अधिक का स्कोर बना। खिलाड़ियों, कोचों और विशेषज्ञों ने भी बारंबार कहा है कि गेंदबाजों पर इस नियम का विपरीत असर हो रहा है क्योंकि इससे टीमों को अतिरिक्त बल्लेबाज मिल रहा है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि हरफनमौलाओं को इस नियम की वजह से गेंदबाजी के मौके नहीं मिल रहे। शाह ने कहा इंपैक्ट खिलाड़ी का नियम प्रयोग के तौर पर लागू किया गया था।

ईशान, अय्यर को केंद्रीय अनुबंध से बाहर रखने का फैसला अगरकर का

मुंबई। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को केंद्रीय अनुबंध सूची से बाहर रखने का फैसला मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर का था। बीसीसीआई से निर्देश मिलने के बावजूद घरेलू टूर्नामेंट नहीं खेलने पर ईशान और अय्यर को अनुबंध से बाहर रखा गया। ईशान पिछले साल वनडे विश्व कप के बाद लंबे ब्रेक पर चले गए और आईपीएल में ही लौटे। वहीं अय्यर ने रणजी ट्रॉफी में सेमीफाइनल और फाइनल समेत मुंबई के लिए कुछ मैच खेले। मुंबई टीम जब रणजी खेल रही थी तब अय्यर कोलकाता नाइट राइडर्स के मुंबई शिविर में भाग ले रहे थे। शाह ने कहा आप संविधान देख सकते हैं। मैं चयन समिति की बैठक बस बुलाता हूं। वह फैसला अजित अगरकर का था। जब इन दोनों खिलाड़ियों ने घरेलू क्रिकेट नहीं खेला तो उन्हें बाहर रखने का फैसला अगरकर का ही था।

बॉलीवुड हलचल

हीरामंडी द डायमंड बाजार की शूटिंग के दौरान डिप्रेशन में थीं मनीषा

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री मनीषा कोईराला वेबसीरीज हीरामंडी द डायमंड बाजार की शूटिंग के दौरान डिप्रेशन में थीं। संजय लीला भंसाली की वेबसीरीज हीरामंडी : द डायमंड बाजार में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख, फरदीन खान और शेखर सुमम जैसे कलाकार शामिल हैं। हीरामंडी : द डायमंड बाजार हाल ही में ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज हुयी है। हीरामंडी द डायमंड बाजार में मनीषा कोईराला ने मल्लिका जान का किरदार निभाया है, जिसे दर्शक बेहद पसंद कर रहे हैं। मनीषा कोईराला ने बताया है कि वह हीरामंडी द डायमंड बाजार की शूटिंग के दौरान डिप्रेशन में थीं। शूटिंग के दौरान उन्हें बस यही लग रहा था कि कैसे भी करके यह वक्त निकल जाए और इसके बाद अपनी सेहत पर ध्यान दिया जाए। मनीषा कोइराला ने मल्लिका जान के किरदार को निभाने के लिए काफी मेहनत की थी। उनके सामने एक चुनौती तो यही थी कि उन्हें उर्दू बोलनी नहीं आती थी। अच्छा शॉट देने के लिए मनीषा, सात घंटे तक सेट पर बैठी रही थीं। मनीषा कोईराला ने इससे पूर्व संजय लीला भंसाली के साथ वर्ष 1996 में प्रदर्शित फिल्म खामोशी द म्यूजिकल में काम किया था।

सिंघम अगेन के सेट से अर्जुन ने शेयर किया इंटेंस लुक

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर ने सिंघम अगेन के सेट से अपना इंटेंस लुक सोशल मीडिया पर शेयर किया है। बॉलीवुड फिल्मकार रोहित शेट्टी सिंघम सीरीज की अगली फिल्म सिंघम अगेन लेकर आ रहे हैं, जिसमें अजय देवगन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में अक्षय कुमार और रणवीर सिंह भी कैमियो रोल में होंगें। इनके अलावा टाइगर श्राफ,अर्जुन कपूर, करीना कपूर और दीपिका पादुकोण भी फिल्म का हिस्सा हैं।अर्जुन कपूर इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म सिंघम अगेन को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में अर्जुन का अलग अवतार नजर आने वाला है। हाल ही में अर्जुन कपूर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म सिंघम अगेन के सेट से एक बिहाइंड द सीन (बीटीएस) फोटो शेयर की है, जिसमें उनकी मस्कुलर बॉडी देखने को मिल रही है। अर्जुन कपूर ने फिल्म सिंघम अगेन के सेट से अपना इंटेंस लुक शेयर किया है। अर्जुन कपूर ने फोटो के कैप्शन में लिखा, 'शूट लाइफ!! #सिंघम अगेन।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

प्रदर्शन

हौथी आंदोलन के समर्थकों ने यमन में हौथी ठिकानों पर अमेरिका और ब्रिटेन द्वारा शुरू किए गए हवाई हमलों की निंदा करने के लिए रैली निकाली।

जयशंकर ने कहा - खालिस्तानियों को राजनीतिक प्रश्रय से साफ है कि कनाडा में वोट बैंक उसके कानून से अधिक शक्तिशाली

अभिव्यक्ति की आजादी का अर्थ अलगाववाद का समर्थन नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि खालिस्तानी अलगाववादी तत्वों को राजनीतिक प्रश्रय देकर कनाडा सरकार यह संदेश दे रही है कि उसका वोट बैंक उसके कानून के शासन से अधिक शक्तिशाली है।

जयशंकर ने बृहस्पतिवार को एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि भारत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान और पालन करता है, लेकिन इसका मतलब विदेशी राजनयिकों को धमकाने, अलगाववाद को समर्थन देने या हिंसा की वकालत करने वाले तत्वों को राजनीतिक प्रश्रय देने की स्वतंत्रता नहीं है। पंजाब के सिख प्रवासियों के बीच खालिस्तान समर्थकों का जिक्र करते हुए विदेश मंत्री ने इस बात पर भी आश्चर्य जताया कि संदिग्ध पृष्ठभूमि वाले लोगों को कनाडा में प्रवेश करने और रहने की अनुमति कैसे दी जा रही है।

विदेश मंत्री ने कहा-अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मतलब विदेशी राजनयिकों को धमकाना नहीं



उन्होंने कहा कि किसी भी नियम-आधारित समाज में आप लोगों की पृष्ठभूमि, वे कैसे आए, उनके पास कौन सा पासपोर्ट था, आदि चीजों की जांच करेंगे। अगर आपके यहां ऐसे लोग हैं जो संदिग्ध दस्तावेजों के आधार पर वहां मौजूद हैं, तो यह आपके बारे में क्या कहता है? यह वास्तव में कहता है कि आपका वोट बैंक आपके कानून के शासन से अधिक शक्तिशाली है। कनाडा में भारतीय प्रवासियों की संख्या लगभग 18 लाख है और देश में अन्य दस लाख अनिवासी भारतीय रहते हैं। देश में भारतीय प्रवासियों में ज्यादातर सिख हैं जो वहां की राजनीति में एक प्रभावशाली समूह माने जाते हैं। पिछले साल सितंबर में कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता के आरोप लगाए जाने के बाद भारत और कनाडा के बीच संबंधों में तल्खी आ गई थी। नयी दिल्ली ने ट्रूडो के आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज किया था। भारत कहता रहा है कि मुख्य मुद्दा कनाडा द्वारा कनाडाई धरती से सक्रिय खालिस्तानी समर्थक तत्वों को प्रश्रय देने का है।

जयशंकर ने कहा कि यह विकल्पों के खत्म होने का सवाल नहीं है। हमें खेद है कि हमने जो देखा है वह कनाडा की राजनीति की दिशा है जहां अलगाववादियों और चरमपंथी ताकतों, जिनमें से कई खुले तौर पर हिंसा की वकालत करते हैं, को उस देश में राजनीतिक प्रश्रय दिया गया है। उन्होंने कहा कि हम इसे नजरअंदाज करके अच्छे संबंधों की बात नहीं कर सकते। भारत की चिंताओं पर कनाडा की प्रतिक्रिया यही रही है कि उसके यहां अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है।

भारत-अमेरिका के संबंधों की प्रगति पर नहीं असर

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि हत्या की एक असफल साजिश में किसी भारतीय के शामिल होने के आरोपों से भारत-अमेरिका संबंधों की प्रगति पर कोई असर नहीं पड़ा है। नवंबर में, अमेरिका ने एक भारतीय नागरिक पर न्यूयॉर्क में सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया था। जयशंकर ने कहा कि भारत-अमेरिका संबंधों के बुनियादी सिद्धांत बहुत मजबूत हैं। अमेरिका ने सकारात्मक भाव के साथ हमारा ध्यान कुछ जानकारी की ओर दिलाया है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की प्रगति, उत्पादन में विविधता लाने, नयी आपूर्ति श्रृंखला बनाने, शांति व स्थिरता सुनिश्चित करने और उच्च-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग को भारत-अमेरिका संबंधों के लक्ष्य करार दिया।

एक नजर

पुतिन ने मिशुस्तिन को पुनः नियुक्त किया रूस का प्रधानमंत्री

मॉस्को, एजेंसी, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पूर्व राष्ट्रपति मिखाइल मिशुस्तिन को पुन: देश का प्रधानमंत्री नियुक्त किया है और उनके नाम को मंजूरी के लिए संसद के निचले सदन के पास भेजा है। रूसी कानून के अनुरूप 58 वर्षीय मिशुस्तिन ने मंगलवार को उस वक्त अपने मंत्रिमंडल का इस्तीफा सौंपा जब पुतिन ने राष्ट्रपति के तौर पर अपना पांचवां कार्यकाल शुरू किया था। वह पिछले चार वर्ष से प्रधानमंत्री पद पर थे। हालांकि राजनीतिक जानकारों को मिशुस्तिन के पुन: नियुक्त किए जाने की उम्मीद थी। उनका मानना है कि पुतिन को उनका कौशल और सुर्खियों से दूरी पसंद है।

छह महीने के बच्चे को नवी मुंबई में मुक्त कराया

ठाणे, एजेंसी, पुलिस ने मध्य प्रदेश से छह महीने के एक बच्चे का अपहरण करने के आरोप में नवी मुंबई से छह लोगों को गिरफ्तार किया है। कल्याण के पुलिस उपायुक्त (जोन-तृतीय) सचिन गुंजल ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने नवी मुंबई के पनवेल इलाके में एक आवासीय इमारत से बच्चे को बचाया। उन्होंने कहा कि बच्चे का अपहरण मध्य प्रदेश के रीवा जिले में उसके घर के पास से किया गया था और भारतीय दंड संहिता की धारा 363 (अपहरण) एवं अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने बताया कि मध्य प्रदेश पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी कल्याण के शाहद क्षेत्र के आसपास कहीं हैं जिसके बाद स्थानीय पुलिस को सतर्क कर दिया गया।

तुर्की ने इराक में पीकेके के खिलाफ कार्रवाई शुरू की

अंकारा, एजेंसी, तुर्की सेना ने उत्तरी इराक के प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के खिलाफ सैन्य कार्रवाई शुरू कर दी है। समाचार पत्र येनी सफाक ने तुर्की रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। तुर्की सरकार ने पीकेके को एक आतंकवादी संगठन के रूप में प्रतिबंधित किया है। मीडिया ने पिछले हफ्ते बताया था कि तुर्की सशस्त्र बल नये सैन्य अड्डों को स्थापित करके और क्षेत्र में अंकारा की सैन्य उपस्थिति को बढ़ाकर पीकेके के खिलाफ एक सैन्य अभियान की तैयारी कर रहे हैं। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने सीरिया में 30 से 40 किलोमीटर (18.6-24.8 मील) की लंबाई के साथ एक सुरक्षा गलियारा बनाने की योजना की भी घोषणा की है।

भारत के चुनावों में हस्तक्षेप के आरोपों को किया खारिज

अमेरिका ने दी सफाई, रूसी विदेश मंत्रालय ने लगाया था आरोप

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका ने रूस के इन आरोपों को गुरुवार को खारिज किया कि अमेरिका भारत में हो रहे चुनावों में हस्तक्षेप कर रहा है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि हम न ही भारत में जारी चुनावों में शामिल हैं और न ही दुनिया में कहीं भी होने वाले चुनाव में। भारत की जनता निर्णय करेगी। दरअसल रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने मॉस्को में कहा था कि अमेरिका भारत के घरेलू मामलों और मौजूदा चुनावों में हस्तक्षेप कर रहा है।

मिलर से इसी बारे में प्रश्न किया गया था। अमेरिका के समाचार पत्र वॉशिंगटन पोस्ट में हाल में प्रकाशित एक लेख में आरोप लगाए गए थे कि रिसर्च एंड एनालिसिस विंग के एक अधिकारी अमेरिकी धरती पर खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की कथित हत्या की योजना बनाने में शामिल थे। इस लेख पर रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने मॉस्को में संवाददाताओं से कहा अमेरिका नई दिल्ली के खिलाफ नियमित रूप से निराधार आरोप लगाता रहता है।

- **मिलर ने कहा- हम न ही भारत में और न ही दुनिया में होने वाले किसी भी चुनाव में शामिल हैं**

हम देखते हैं कि वे न केवल भारत बल्कि कई अन्य देशों पर भी धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन करने के आधारहीन आरोप लगाते हैं जो दर्शाता है कि अमेरिका भारत की राष्ट्रीय सोच को नहीं समझता, उसे भारत के विकास के ऐतिहासिक संदर्भ की समझ नहीं है और वह एक देश के रूप में भारत का सम्मान नहीं करता। रूसी प्रवक्ता ने इसे अमेरिका की औपनिवेशिक काल की मानसिकता करार दिया। आरटी न्यूज ने जखारोवा के हवाले से कहा कि वे आम संसदीय चुनावों को जटिल बनाने के लिए भारत की आंतरिक राजनीतिक स्थिति को असंतुलित करने का प्रयास कर रहे हैं।

यह भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने का तरीका है। उन्होंने कहा कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय, दोनों मामलों में वाशिंगटन से अधिक दमनकारी शासन की कल्पना करना कठिन है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वाशिंगटन में इन आरोपों के संबंध में किए गए किसी भी प्रश्न का उत्तर देने से बचते नजर आए। उन्होंने कहा कि जब तक ये आरोप न्यायपालिका के समक्ष सिद्ध नहीं हो जाते जब तक ये महज आरोप हैं। चूंकि ये कानूनी मामला है इसलिए मैं यहां इस पर कुछ नहीं कहूंगा...।

दिल्ली पहुंचे चीन के नए राजदूत शू फेइहोंग

नई दिल्ली, एजेंसी, भारत में चीन के नये राजदूत शू फेइहोंग दिल्ली पहुंच गए हैं। यह पद करीब 18 महीने से खाली था, जो चार दशकों में सबसे लंबा अंतराल है। शू ने कहा कि चीन एक-दूसरे की चिंताओं को समझने और बातचीत के माध्यम से विशिष्ट मुद्दों का पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान खोजने के लिए भारत के साथ काम करने को तैयार है। उन्होंने पूर्वी लद्दाख में लंबे समय से जारी सैन्य गतिरोध के बीच यह बात कही है।

शू (60) ने सुन वेइदोंग की जगह ली है, जो भारत में अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद अक्टूबर 2022 में रवाना हो गए थे। शू का भारत आगमन पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध को हल करने के लिए बीजिंग और नयी दिल्ली के बीच लंबी सैन्य व राजनयिक वार्ता के बीच हुआ है। उन्होंने कहा यह एक सम्मानजनक मिशन और महत्वपूर्ण ड्यूटी है। मैं दोनों देशों के बीच समझ और दोस्ती को प्रगाढ़ बनाने, विभिन्न क्षेत्रों में आदान-प्रदान और सहयोग बढ़ाने और द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर बनाने व आगे ले जाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगा।

दाभोलकर हत्याकांड में दो को उम्रकैद, तीन बरी

पुणे, एजेंसी

पुणे में तर्कवादी डॉ. नरेंद्र दाभोलकर की गोली मारकर हत्या करने के 11 साल बाद एक विशेष अदालत ने दो हमलावरों को दोषी ठहराते हुए शुक्रवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और सबूतों के अभाव में मुख्य साजिशकर्ता वीरेंद्र सिंह तावड़े को सहित तीन अन्य को बरी कर दिया।

यूएपीए से जुड़े मामलों की सुनवाई करने वाले अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (विशेष न्यायालय) पी.पी. जाधव ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने शूटर सचिन अंदुरे और शरद कालस्कर के खिलाफ हत्या तथा साजिश के आरोप साबित कर दिए हैं। अदालत ने सजा के साथ प्रत्येक पर पांच-पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया। अदालत ने सबूतों के अभाव में आरोपी डाक्टर तावड़े, संजीव पुनालेकर और विक्रम भावे को बरी कर दिया। दाभोलकर की 20 अगस्त 2013 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

- **पुणे की विशेष अदालत ने 11 साल बाद सुनाया फैसला**
- **कोर्ट ने दोषियों पर पांच-पांच लाख रुपये जुर्माना भी ठोका**

राजनयिक पासपोर्ट धारकों के लिए समझौता किया

नयी दिल्ली, एजेंसी, भारत और मोल्दोवा ने शुक्रवार को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए जिसके लागू होने के बाद दोनों देशों के राजनयिक और आधिकारिक पासपोर्ट धारकों को बिना वीजा के एकदूसरे देश की यात्रा करने की अनुमति मिलेगी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह समझौता दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण और सौहार्दपूर्ण संबंधों को और गति देगा। भारत गणराज्य के विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) पवन कपूर और मोल्दोवा गणराज्य की राजदूत एना ताबन ने आज 10 मई को अपनी-अपनी सरकारों की ओर से हस्ताक्षर किए।

स्कूलों को उड़ाने की धमकी के तार पाकिस्तान से जुड़े

अहमदाबाद, एजेंसी

अहमदाबाद में 7 मई को मतदान की पूर्वसंध्या पर 36 स्कूलों को भेजे गए बम विस्फोट की धमकी वाले ईमेल के तार पाकिस्तान से जुड़े थे। पुलिस ने इसे मतदान से पहले लोगों के बीच डर पैदा करने की कोशिश करार दिया। गुजरात की 26 में से 25 सीट के लिए मतदान 7 मई को हुआ था।

- **मतदान से एक दिन पहले ई मेल से मिली थी धमकी**

अपराध शाखा ने बताया कि ईमेल 'मेल.रू' डोमेन से भेजे गए थे, जिन्हें एक व्यक्ति ने खुद तौहीद लियाकत बनकर सारे स्कूलों को भेजा था। संयुक्त पुलिस आयुक्त शरद सिंघल ने कहा कि लियाकत ने हमद जावेद के रूप में एक और पहचान भी बना ली थी। इन नामों वाला व्यक्ति पाकिस्तान के फैसलाबाद जिले से काम कर रहा था। एक ही शख्स ने अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अलग-अलग पहचान बनायी, उनमें से एक हमद जावेद की भी है। सिंघल ने कहा कि आरोपी का नाम एक अन्य एजेंसी द्वारा मोहपाश (हनीट्रैप) के एक मामले में जांच के दौरान भी सामने आया था।

ट्रंप के पोर्नस्टार को धन देने से संबंधित मामले की सुनवाई के तीन सप्ताह पूरे

न्यूयॉर्क। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कथित तौर पर पोर्न स्टार को गुप्त रूप से पैसे देने के मामले की सुनवाई को शुक्रवार को तीन सप्ताह पूरे हो गए। इस दौरान न्यायाधीशों ने पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स की दलीलें सुनीं, जबकि अभियोजक सबसे महत्वपूर्ण गवाह ट्रंप के पूर्व अटॉर्नी माइकल कोहेन से पूछताछ के लिए तैयार है। ट्रंप के साथ यौन संबंध को लेकर डेनियल्स की दलीलें इस मामले में अभियोजकों के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं, जो यह दिखाने की कोशिश कर रहे हैं कि ट्रंप और उनके सहयोगियों ने 2016 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान इस मामले पर पर्दा डालने की कोशिश की थी। इस मामले में अब कोहेन की गवाही ली जानी है, जिन्होंने डेनियल्स को देने के लिए 1,30,000 अमेरिकी डॉलर का इंतजाम किया था।

28,200 मोबाइल फोन ब्लॉक करें दूरसंचार कंपनियां

नई दिल्ली, एजेंसी

- **20 लाख कनेक्शन का फिर से करें सत्यापन : दूरसंचार विभाग**

दूरसंचार विभाग ने साइबर अपराधों के साथ कथित संलिप्तता में 28,200 मोबाइल फोन ब्लॉक करने और 20 लाख मोबाइल कनेक्शन का दोबारा सत्यापन करने का दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को निर्देश दिया है। दूरसंचार विभाग, गृह मंत्रालय और राज्य पुलिस ने साइबर अपराध तथा वित्तीय धोखाधड़ी में दूरसंचार संसाधनों का दुरुपयोग रोकने के लिए हाथ मिलाया है।

इसका मकसद धोखेबाजों के गिरोह का खात्मा करना और नागरिकों को डिजिटल खतरों से बचाना है। बयान के मुताबिक गृह मंत्रालय और राज्य पुलिस के विश्लेषण से पता चला है कि साइबर अपराधों में हजारों मोबाइल हैंडसेट का दुरुपयोग किया गया। इन मोबाइल फोन के साथ करीब 20 लाख नंबरों का इस्तेमाल किया गया। इसमें कहा गया कि दूरसंचार विभाग ने दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को देशभर में इन 28,200 मोबाइल फोन को ब्लॉक करने तथा इनसे जुड़े 20 लाख मोबाइल कनेक्शन का तत्काल दोबारा सत्यापन करने और सत्यापन में नाकाम रहने पर कनेक्शन काटने के निर्देश जारी किए। दूरसंचार विभाग ने दूरसंचार धोखाधड़ी से संबंधित शिकायतों के निपटान के लिए दो महीने पहले चक्षु मंच पेश किया था। इस पोर्टल के सक्रिय होने के बाद से संदिग्ध संदेश भेजने में लिप्त 52 इकाइयों को काली सूची में डाला जा चुका है।

भारत ने फलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र का पूर्ण सदस्य बनाने संबंधी प्रस्ताव के पक्ष में किया मतदान

संयुक्त राष्ट्र। भारत ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के उस मसौदा प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, जिसमें कहा गया है कि फलस्तीन इस वैश्विक संस्था का पूर्ण सदस्य बनने के योग्य है और उसे सदस्यता दी जानी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र की 193 सदस्यीय महासभा के विशेष सत्र की सुबह आपातकालीन बैठक हुई, जहां मई महीने के लिए महासभा के अध्यक्ष संयुक्त अरब अमीरात ने वैश्विक संस्था में फलस्तीन की पूर्ण सदस्यता के समर्थन में अरब समूह का प्रस्ताव ''संयुक्त राष्ट्र में नए सदस्यों का प्रवेश'' प्रस्तुत किया। भारत समेत 143 सदस्यों ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, विरोध में नौ वोट पड़े जबकि 25 सदस्य अनुपस्थित रहे। मतदान के बाद यूएनजीए भवन तालियों से गूंज उठा। प्रस्ताव में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अनुच्छेद 4 के अनुसार फलस्तीन संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बनने के लिए योग्य है और इसलिए उसे सदस्यता दी जानी चाहिए।

मसालों में ईटीओ रसायन पर लगाम के लिए निर्यातकों को दिशा-निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

- **कुछ देशों के गुणवत्ता संबंधी चिंता जताने पर उठाया गया ये कदम**

मसाला बोर्ड ने भारत से आयात किए जाने वाले उत्पादों में कैंसरजनक रसायन एथिलीन ऑक्साइड (ईटीओ) का इस्तेमाल रोकने के लिए निर्यातकों को व्यापक दिशानिर्देश जारी किए हैं। कुछ मसाला उत्पादों पर हाल ही में कुछ देशों के गुणवत्ता संबंधी चिंता जाहिर किए जाने के बीच यह कदम उठाया गया है।

दिशानिर्देशों के अनुसार, निर्यातकों को मसालों में रोगाणुनाशक/धूमनकारी एजेंट या किसी अन्य रूप में ईटीओ रसायन के इस्तेमाल से बचना होगा। इसके साथ ही उन्हें सुनिश्चित करना होगा कि परिवहन, भंडारण/गोदाम, पैकेजिंग सामग्री आपूर्तिकर्ता किसी भी स्तर पर इस रसायन का उपयोग न करें। इसमें कहा गया कि निर्यातकों को आपूर्ति श्रृंखला में मसालों तथा मसाला उत्पादों में ईटीओ और इसके मेटाबोलाइट की अनुपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त उपाय करने होंगे। निर्यातक लइस रसायन को एक खतरे के रूप में भी पहचानेंगे और खाद्य सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली में खतरा विश्लेषण नियंत्रण बिंदुओं तथा खाद्य सुरक्षा योजना में ईटीओ को रोकने के लिए महत्वपूर्ण नियंत्रण बिंदुओं को शामिल करेंगे। निर्देशों में कहा गया कि निर्यातकों को कच्चे माल, प्रसंस्करण सहायक सामग्री, पैकेजिंग और तैयार माल में ईटीओ का परीक्षण करना होगा।

आदेश

दिल्ली हाईकोर्ट ने निर्देश के बावजूद विफल रहने पर एमसीडी की खिंचाई की

बंद करें सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले कोचिंग सेंटर

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को अग्नि सुरक्षा मानदंडों के उल्लंघन में संचालित हो रहे कोचिंग सेंटर को अविलंब बंद करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा और न्यायमूर्ति रवींदर डुडेजा की पीठ ने इससे पहले वकीलों की एक टीम द्वारा मुखर्जी नगर में कोचिंग सेंटर का निरीक्षण का आदेश दिया था।

पीठ ने प्राधिकारियों से परिसर के बाहर स्थापित बिजली के उन उपकरणों को अन्य जगह स्थानांतरित करने के लिए भी कहा, जो जनता के लिए संभावित रूप से खतरनाक हो सकते हैं। यह आदेश क्षेत्र में कोचिंग सेंटर के संचालन को लेकर दायर कई याचिकाओं पर आया। इन याचिकाओं में जून 2023 में एक कोचिंग सेंटर में आग लगने की घटना के बाद उच्च न्यायालय द्वारा स्वतः संज्ञान लेकर शुरू किया गया एक मामला भी शामिल है।

- **दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा जनता के लिए संभावित रूप से खतरनाक हो सकते ऐसे परिसर**

न्याय मित्र गौतम नारायण ने अदालत को बताया कि निरीक्षण अप्रैल में दो मौकों पर किया गया। उन्होंने बताया कि निरीक्षणों से पता चला कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने जिन कुछ कोचिंग सेंटर को बंद करने का दावा किया था, वे अभी भी एक नए प्रबंधन के तहत या नाम से चल रहे हैं। नारायण ने कहा कि ये परिसर अग्नि सुरक्षा आवश्यकताओं का अनुपालन नहीं कर रहे और एक मामले में, प्रवेश द्वार पर ही बिजली का एक बोर्ड लगा पाया गया, जिससे आग लगने की स्थिति में रास्ता अवरुद्ध हो सकता है। अदालत ने अग्नि सुरक्षा मानदंडों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों को बंद करने के अदालत के पहले के निर्देश के बावजूद ऐसे कोचिंग सेंटर पर ध्यान देने में विफल रहने के लिए एमसीडी की खिंचाई की और उसे उनके खिलाफ तुरंत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा न्यायमित्र वह काम कर रहे हैं जो एमसीडी को करना चाहिए। ये गड़बड़ी आपने की है। आप पहचान की गई सभी चार संपत्तियों को बंद करें। पीठ ने आदेश दिया कि हमारे द्वारा जारी किए गए सीलिंग निर्देशों के स्पष्ट उल्लंघन के मद्देनजर, हम एमसीडी/डीडीए (दिल्ली विकास प्राधिकरण) को तुरंत कार्रवाई करने का निर्देश देते हैं और परिसर को सील किया जाए। उच्च न्यायालय ने पहले कहा था कि अग्नि सुरक्षा बहुत जरूरी है और सभी कोचिंग सेंटर को या तो दिल्ली मास्टर प्लान, 2021 और अन्य लागू नियमों के तहत अपनी वैधानिक आवश्यकताओं का पालन करना होगा या बंद करना पड़ेगा।

शुक्रवार को, अदालत ने एमसीडी, डीडीए और दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) से गैर-अनुपालन वाले कोचिंग सेंटर की पहचान करने के लिए चार सप्ताह के भीतर एक नया सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया। पिछले साल, उच्च न्यायालय ने जून में मुखर्जी नगर में एक कोचिंग सेंटर में आग लगने की घटना पर स्वतः संज्ञान लेते हुए एक मामला शुरू किया था, जिसके दौरान छात्रों को रस्सियों का उपयोग करके इमारत से नीचे उतरते देखा गया था।

मादक पदार्थ की तस्करी में तीन को 20 साल की सजा

भुवनेश्वर, एजेंसी, ओडिशा में भुवनेश्वर के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश सह विशेष न्यायाधीश ने प्रतिबंधित पदार्थ ले जाने के आरोप में तीन आरोपियों को दोषी पाये जाने के बाद 20 साल के कठोर कारावास और प्रत्येक को एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने गुरुवार को आदेश दिया कि तीनों दोषियों देबाशीष बेहरा, प्रबीर कुमार सिंह और एसके कौसर अल्ली को जुर्माना राशि नहीं चुकाने पर एक साल की अतिरिक्त कैद की सजा काटनी होगी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, तीनों 19 जून, 2020 को पश्चिम बंगाल से प्रतिबंधित मादक पदार्थ खरीदकर एक बोलेरो वाहन से ले जा रहे थे तभी उन्हें भुवनेश्वर के रसूलगढ़ के पास रोका गया और गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से भारी मात्रा में करीब पांच किग्रा ब्राउन शुगर और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गयी।

रूस ने खारकीव के वोवचांस्क पर राकेट से किया हमला

कीव, एजेंसी

रूस ने शुक्रवार को यूक्रेन के उत्तर-पूर्व शहर वोवचांस्क पर तोप के गोले और रॉकेट से हमला करने के साथ ही निर्देशित हवाई हमले किये। क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने कहा कि रात के समय गोलाबारी से खारकीव क्षेत्र में और रूसी सीमा से पांच किमी से कम दूरी पर स्थित वोवचांस्क को निशाना बनाया गया।

अधिकारियों ने लगभग 3,000 लोगों को वहां से निकालने की प्रक्रिया शुरू की। यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि तड़के रूसी सेना ने यूक्रेनी सुरक्षा को भेदने की कोशिश की। हमले को रोकने के लिए आरक्षित इकाइयों को तैनात किया गया था। यह हमला एक बफर जोन बनाने के रूसी प्रयास की शुरुआत का प्रतीक हो सकता है जिसे राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बेलगोरोड और अन्य रूसी सीमा क्षेत्रों पर लगातार यूक्रेनी हमलों को रोकने के लिए इस साल की शुरुआत में बनाने का संकल्प लिया था। यूक्रेन ने पहले कहा था कि उसे पता है कि रूस खारकीव और सुमी क्षेत्रों के करीब उत्तर पूर्व सीमा पर हजारों सैनिकों को इकट्ठा कर रहा है।

- **यूक्रेन ने कहा रूसी सेना ने सुरक्षा को भेदने की कोशिश की**

यूक्रेनी खुफिया अधिकारियों ने कहा कि क्रेमलिन की सेना ने पूर्वी यूक्रेन में हालिया जमीनी हमला किया है, उन्हें उम्मीद है कि क्रेमलिन की सेना उत्तर पूर्व में भी हमला करेगी। रूस संभवतः यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव पर कब्जा नहीं कर सकता, लेकिन वह यूक्रेन को इस क्षेत्र में और अधिक सैनिक भेजने के लिए मजबूर कर सकता है, जिससे अन्य क्षेत्र हमले के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाएंगे।

भारत ने मालदीव से वापस बुलाए अपने सभी सैनिक

माले। मालदीव की सरकार ने कहा कि भारत ने मालदीव से अपने सभी सैनिकों को वापस बुला लिया है। राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू ने देश से सभी भारतीय सैनिकों को वापस बुलाने के लिए 10 मई की समयसीमा निर्धारित की थी। भारत और मालदीव के बीच संबंध तब गंभीर तनाव में आ गए जब चीन समर्थक नेता माने जाने वाले मुइज्जू ने भारतीय सैन्यकर्मियों की वापसी पर जोर दिया था। पिछले साल मोइज्जू के चुनाव प्रचार अभियान में मालदीव में तैनात लगभग 90 भारतीय सैन्यकर्मियों की स्वदेश वापसी प्रमुख बात थी। भारतीय सैन्यकर्मियों का पहला जत्था मार्च की शुरुआत में मालदीव से वापस बुला लिया गया था, इसके बाद अप्रैल में दूसरा जत्था रवाना हुआ, जिसमें कुल 51 सैनिक थे। मीडिया ने यहां बताया कि सभी भारतीय सैन्यकर्मी हालांकि देश से वापस चले गए हैं, माले ने अंतिम गिनती नहीं दी है।